
बुंदेलखंड का गौरवशाली प्रकाशन

सुविचार



"कमजोर का तिरस्कार मत करो, अपितु उसका सहयोग करो।"
-मुनिश्री प्रमाण सागर जी महाराज

# आचरण

वर्ष 39, अंक 251, पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रू.

www.aacharansagar.com | सागर, रविवार | 7 दिसंबर 2025



पेज:11-भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

# 18 हजार रु से ज्यादा किराया नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस

## 500 किमी तक का किराया रुपए 7,500; इंडिगो संकट के बीच केंद्र ने किराए तए किए

नई दिल्ली

इंडिगो संकट के बीच सरकार ने शनिवार को एयरलाइन्स के मनमाने किराए पर रोक लगा दी है। सरकार ने कहा कि सभी एयरलाइन्स फेयर कैप यानी अधिकतम किराया सीमा से ज्यादा कीमत पर टिकट नहीं बेच सकती। सरकार ने बताया कि यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते। इस कदम का मकसद एयरफेयर में अनियमितता रोकना, बाजार में प्राइसिंग डिसिप्लिन बनाए रखना और संकट में फंसे यात्रियों का शोषण रोकना है। अब कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपए, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपए से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी। वहीं, अधिकतम किराया 18 हजार रुपए तय किया गया है। हालांकि ये किराया सीमा बिजनेस क्लास के लिए लागू नहीं होगी।

### 10 गुना तक कीमत में मिल रहे थे टिकट




इंडिगो की फ्लाइट्स में बड़े पैमाने पर कैंसिलेशन और देरी के बाद फ्लाइट्स का किराए में उछाल देखने को मिला था। यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से दस गुनी कीमत पर टिकट खरीदने पड़ रहे थे। बुकिंग साइट MakeMyTrip के अनुसार, 6 दिसंबर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट की कीमत 40,000 रुपए से ज्यादा है, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपए तक हैं। दिल्ली से मुंबई की फ्लाइट का न्यूनतम किराया 36,107 रुपए और अधिकतम 56,000 रुपए है। वहीं दिल्ली-चेन्नई की देर रात की फ्लाइट्स का किराया 62,000 से 82,000 रुपए तक पहुंच गया।

### किराया वापसी और लगेज लौटाने के निर्देश

इसके साथ ही सिविल एविएशन मिनिस्ट्री (MoCA) ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि वह कल (रविवार) रात 8 बजे तक सभी पेंडिंग पैसेंजर रिफंड वापस करे। पैसेंजर के लगेज भी 48 घंटे में लौटाए। इसके अलावा, सरकार ने दूसरी एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराए से ज्यादा ना लें। अगर निर्देशों को नहीं माना गया तो तुरंत एक्शन लिया जाएगा।

## एयरपोर्ट पर यात्रियों में मारपीट, लात-घूंसे चले, कोई रोया तो किसी ने हंगामा किया

नई दिल्ली। क्रू मेंबर की कमी का सामना कर रही इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट्स कैंसिल होने से लगातार पांचवें दिन लोग परेशान हैं। एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी है। कई जगह परेशान पैसेंजर्स ने जमकर हंगामा किया। एयरपोर्ट पर सूटकेस के ढेर पड़े हैं। 3 से 4 दिनों से लोगों को सामान नहीं मिला है। फ्लाइट का इंतजार कर रहे लोगों ने जमीन पर रात गुजारी। फ्लाइट कैंसिल होने के चलते बेंगलुरु एयरपोर्ट पर यात्री रोते नजर आए। इधर लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्री लाइन में खड़े होने के विवाद में आपस में भिड़ गए। उधर बेंगलुरु एयरपोर्ट पर एक यात्री के साथ आई बिल्ली भी फ्लाइट के इंतजार में परेशान नजर आई।



## संक्षिप्त समाचार

### गैर-कानूनी तरीके से रह रही बांग्लादेशी महिला पर केस दर्ज

नईदिल्ली। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में पुलिस ने बांग्लादेशी महिला के खिलाफ गैर कानूनी तरीके से भारत में रहने पर केस दर्ज किया है। महिला पर इमिग्रेशन कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान बांग्लादेश के हबीगंज जिले की रहने वाली हप्पू अख्तर के रूप में हुई है। पुलिस को चंदरकोट के कुन्फर इलाके में उसके होने की जानकारी मिली थी। पुलिस के मुताबिक वेरिफिकेशन के दौरान पता चला कि महिला कुछ दिनों से कुन्फर इलाके में रह रही थी और अपनी पहचान छिपाने की कोशिश कर रही थी।

### जम्मू में सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू के किश्तवाड़ के दादा सरथल इलाके में हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि DLzCE-5634 रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक शेवरले गाड़ी का एक्सीडेंट द्रबशाला जाने के दौरान हुआ। घटना में परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल को पास के हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान रणजीत सिंह (35), सिमरन ठाकुर (21), आशु (6 महीने) और ज्योति देवी (30) के रूप में हुई है। ये सभी मंगल थाटा देसा के रहने वाले थे।

### कोलकाता में 5 लाख लोग एक साथ गीता पाठ करेंगे

**कोलकता।** कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को 5 लाख भक्तों के साथ भगवद गीता का पाठ होगा। इसमें योग गुरु बाबा रामदेव, धीरेंद्र शास्त्री और कार्तिक महाराज संबोधित करेंगे। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के आने की भी उम्मीद है।? सनातन संस्कृति संसद के आयोजकों ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी न्योता दिया गया है, लेकिन जवाब नहीं आया। कार्यक्रम में गीता के अध्याय 1, 9 और 18 का सामूहिक पाठ होगा जो सुबह 9 बजे से दोपहर तक चलेगा।? कार्तिक महाराज ने कहा कि कार्यक्रम राजनीति से दूर है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी भी आ सकते हैं। आयोजकों ने विशेष ट्रेनें चलाई हैं। कार्यक्रम में पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा मुख्य अतिथि होंगी।

### दिल्ली में दुकान में आग से लगने से फंसे दंपति, दम घुटने से मौत

**नईदिल्ली।** दिल्ली के टिकरी कलां इलाके में शुक्रवार रात एक किराने की दुकान में आग लग गई। दुकान चलाने वाले यूपी के शाहजहांपुर के 31 साल के विनीत और उनकी 29 साल की पत्नी रीना आग से बचने की कोशिश में शटर नीचे करने लगे, लेकिन बिजली का करंट चलने से फंस गए। धुएं से दम घुटने से दोनों की मौत हो गई। पुलिस को शुक्रवार रात पीसीआर कॉल मिली जिसमें दुकान में धुआं और आग निकलने की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि दुकान का शटर आधा बंद था और अंदर घना धुआं भरा हुआ था।

### महाराष्ट्र के लोनावाला में गोवा के दो टूरिस्ट की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे स्थित लोनावाला हिल स्टेशन पर शनिवार सुबह एक कार और एक मिनी ट्रक के बीच टक्कर में गोवा के दो पर्यटकों की मौत हो गई। ट्रक चालक घायल है। पुलिस ने बताया कि मृतक गोवा के 14 लोगों के एक ग्रुप का हिस्सा थे, जो पिकनिक मनाने के लिए लोनावाला आए थे। मृतकों की पहचान योगेश सुतार (21) और मयूर वेंगुर्लेकर (24) के रूप में हुई है। दोनों गोवा के मापुसा के निवासी हैं। यह हादसा लोनावाला के लायन्स पॉइंट के पास हुआ, जब उनकी कार एक ट्रक से आमने-सामने टकरा गई। दोनों युवक बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार में फंस गए थे। कुछ स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकाला।

## झरोखा





### धीमी अर्थव्यवस्था को हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहने वाले अब खामोश हैं

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था : मोदी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जब भारत की ग्रोथ रेट 2-3त्न थी, तब कुछ बुद्धिजीवियों ने इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा और देश की धीमी अर्थव्यवस्था का कारण हिंदू संस्कृति को बताया। मोदी ने कहा, आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, लेकिन वही लोग अब इस टर्म का जिक्र नहीं करते। पीएम मोदी दिल्ली में हिंदुस्तान टाइम्स के लीडरशीप समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो लोग हर बात में सांप्रदायिकता देखते हैं, उन्हें तब हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ शब्द सही लगा और वे इसे अपनी किताबों और रिसर्च पेपर्स में लिखते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है।

### क्या बोले प्रधानमंत्री



- जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है तब भारत पिलर बनता है। कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आए जिसमें 8% से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं है ये स्ट्रांग मैक्रो इकोनॉमिकल सिग्नल है। यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है।
- देश में लोगों के 78 हजार करोड़ रुपए बैंक खातों में अनक्लेम पड़े हुए हैं। इसी तरह इंश्योरेंस कंपनियों में 48 हजार करोड़ रुपए बिना दावे के पड़े हैं। यह ज्यादातर गरीब परिवारों का पैसा है, जिसे लोग भूल चुके हैं। इसलिए सरकार अब देशभर में स्पेशल कैंप लगाकर असली हकदारों को खोज रही है।
- अंग्रेजों को पता था लंबे समय तक राज करना है तो उनमें हीनभावना का संचार करना होगा। उस दौर में अंग्रेजों ने यही किया भी इसीलिए भारतीय पारिवारिक संरचना को पुराना बताया पोशाक का मजाक उड़ाया। त्योहार को इरेशनल कहा गया। भारतीय आविष्कारों का मजाक उड़ाया गया। पीढ़ी दर पीढ़ी यही चलता रहा। ऐसे ही भारतीयों का विश्वास चकनाचूर होता गया।
- जी 7 की इकोनॉमी औसतन 1.5% के पास है इन परिस्थितयों में भारत लो इंफ्लेशन मॉडल बना है। एक समय देश में ज्यादा महंगाई को लेकर चिंता जताते थे आज वे कम होने की बात करते हैं।

### मप्र के राजभवन का नाम बदला, अब लोक भवन



भोपाल

केंद्र सरकार के निर्णय के बाद मध्यप्रदेश के राजभवन का नाम अब 'लोक भवन' हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिलने राजभवन पहुंचे थे। इसके बाद भवन के मुख्य द्वार पर लगी राजभवन की पुरानी पट्टिका हटाकर 'लोक भवन' की नई पट्टिका लगा दी गई। केंद्र ने दो दिन पहले देशभर के राजभवनों का नाम बदलकर 'लोक भवन' करने का निर्णय लिया था। इसके बाद माना जा रहा था कि प्रदेश में यह बदलाव जल्द लागू होगा। आज राज्यपाल की उपस्थिति में 'राज' शब्द हटाकर 'लोक' लिखने की प्रक्रिया पूरी की गई और इसी के साथ मध्यप्रदेश में राजभवन को आधिकारिक रूप से लोक भवन के नाम से दर्ज कर लिया गया है।

## निलंबित टीएमसी विधायक ने रखी बाबरी मस्जिद की नींव



### दो लाख से ज्यादा लोग ईंट लेकर पहुंचे

मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में TMC से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका आज सुबह से हाई अलर्ट पर है। बेलडांगा और उसके आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। हुमायूं कबीर ने 25 नवंबर को कहा था कि वे 6 दिसंबर को अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के 33 साल पूरे होने पर बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। TMC ने 4 दिसंबर को हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।

### राजस्थान-मप्र के 37 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे



जयपुर। पहाड़ी इलाकों से आ रही बर्फीली हवाओं ने कई राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। राजस्थान के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया। 7 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर 1.9 डिग्री के साथ सबसे ठंडा शहर रहा। लूणकरणसर में 3.2, सीकर में 3 और नागौर में 3.1 पारा रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश के 19 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। पचमढ़ी से पारा सबसे कम 5.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ों से सर्द हवाएं आने के कारण 7 और 8 दिसंबर को सर्दी का असर और बढ़ेगा।

## राज्यसभा में गूंजा 'VIT यूनिवर्सिटी मारपीट' का मुद्दा

### सांसद अशोक सिंह ने कहा- सरकार संज्ञान ले, खाद्य सुरक्षा मानकों पर जीरो टालरेंस रखे

भोपाल

सीहोर जिले के वीआईटी विश्वविद्यालय में छात्रों को धमकाने के बाद यहां हजारों छात्रों द्वारा की गई मारपीट और आगजनी का मामला राज्यसभा में गूंजा है। राज्यसभा सदस्य अशोक सिंह ने उच्च सदन में यह मामला उठाते हुए कहा कि वे यह मांग करते हैं कि इस मामले में सरकार संज्ञान ले और खाद्य सुरक्षा उल्लंघनों पर ZERO टॉलरेंस नीति रखे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। राज्य सभा सभापति दिनेश वर्मा की मौजूदगी में सांसद अशोक सिंह ने अपने वक्तव्य में राज्यसभा में कहा कि 25 नवम्बर को भोपाल वीआईटी में हुई यह घटना एक गंभीर चेतावनी है। इस विश्वविद्यालय में स्वच्छ पानी और स्वच्छ भोजन नहीं मिलने से चार हजार विद्यार्थी बीमार हुए हैं। इस विश्वविद्यालय में खाद्य सुरक्षा और मानकों के आधार पर यहां बच्चों को भोजन नहीं मिल रहा है। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि समय पर जांच करें। उन्होंने कहा कि विश्व विद्यालयों में कैंटीन लाइसेंस के बाद नाम मात्र व्यवस्था का पालन होता है। वीआईटी सीहोर मामले में प्रबंधन का भी तानाशाही रवैया है जो जांच में सामने आया है। विश्वविद्यालय प्रबंधन छात्रों को दबाकर ऐसे मामले छिपाकर रखता है। विश्वविद्यालय में हुई यह कोई अकेली घटना नहीं है। इसके पहले तेलंगाना, राजस्थान में भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। सांसद अशोक सिंह ने वीआईटी की घटना को लेकर कहा कि स्थिति यह है कि कार्रवाई तभी की जाती है जब छात्र अस्पताल पहुंच जाते हैं। ऐसे मामलों में थर्ड पार्टी आडिट की तत्काल आवश्यकता है और यह कागजी कार्यवाही तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जल की गुणवत्ता, भोजन सामग्री, कच्चे माल सप्लाई, चेन में पारदर्शिता जरूरी है।



आलोचना | भाजपा बोली- अनुच्छेद 370 नेहरू की गलती

# सरकार नेहरू को इतिहास से मिटाना चाहती है: सोनिया

नई दिल्ली

कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी (CPP) की चेयरपर्सन सोनिया गांधी दिल्ली स्थित जवाहर भवन में नेहरू सेंटर इंडिया के लॉन्च समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बयानबाजी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की। सोनिया ने कहा- इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद है। वह उन्हें (नेहरू को) सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों भी को कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ। सोनिया ने कहा- इतने बड़े व्यक्तित्व (नेहरू) के जीवन और काम का



एनालिसिस और समीक्षा होना स्वाभाविक है और ऐसा होना चाहिए भी। लेकिन उन्हें बदनाम करने, कमजोर दिखाने और उनकी बातें तोड़ने-मरोड़ने की संगठित कोशिश अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा- नेहरू का व्यक्तित्व छोटा करने की कोशिश जारी है। उनका ऐतिहासिक बैकग्राउंड अलग रखकर उनके काम का आकलन करना अब आम होता जा रहा है। उनकी बहुमुखी विरासत खत्म करके दोबारा इतिहास लिखने की कोशिश हो रही है। इसके बाद बीजेपी ने भी पलटवार किया। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 नेहरू लाए लेकिन वो इसे आगे संशोधित नहीं कर पाए। मगर पीएम मोदी की सरकार ने इसे संशोधित किया। उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी नेहरू की लेगेसी की बात करती हैं तो ये किस तरह की लेगेसी है।

### नेहरू की विरासत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

सोनिया ने कहा- स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू की भूमिका और स्वतंत्र भारत के शुरुआती कठिन दशकों में उनके नेतृत्व को कम दिखाने की कोशिश की जा रही है। उनकी बहुआयामी विरासत को एकतरफा तरीके से नुकसान पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा- यह प्रयास कौन कर रहा है, हम सभी जानते हैं। यह वे ताकतें हैं जो साल-दशकों से सक्रिय हैं और अब सामने आई हैं। ये उस विचारधारा से जुड़ी हैं, जिसका स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं था और न ही संविधान निर्माण में उनकी कोई भूमिका थी। बल्कि, उन्होंने संविधान का विरोध किया और उसकी प्रतियां जलाने तक की घटनाएं की थीं। यह वही विचारधारा है जिसने लंबे समय पहले नफरत का माहौल बनाया, जिसके कारण महात्मा गांधी की हत्या हुई। आज भी उस विचारधारा को मानने वाले लोग गांधी के हत्यारों का महिमामंडन करते हैं।

# रोहिंग्या मुसलमानों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

### पूर्व जजों-वकीलों ने पत्र लिखकर आपत्ति जताई

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसंबर को भारत में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के कानूनी दर्जे पर सवाल उठाए थे। इसे लेकर पूर्व जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) सूर्यकांत को लेटर लिखकर आपत्ति जताई है। CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा था कि अगर कोई गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आता है, तो क्या उसे रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए, जबकि देश के अपने नागरिक ही गरीबी से जूझ रहे हैं? लेटर में कहा गया है कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया। CJI सिर्फ एक कानूनी अधिकारी ही नहीं हैं बल्कि गरीबों के अधिकारों के कस्टोडियन और आखिरी फैसला सुनाने वाले भी हैं, जिनकी बातों का देश की सोच में वजन होता है और उनका असर दूर तक होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**सागर,आचरण।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसजनों ने कहा कि उनके विचारों की रोशनी सदैव हमारे मार्ग को प्रकाशित करती रहे अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए एक अद्भुत प्रकाशपुंज था। जिला शहर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष महेश जाटव व मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग एवं युवा कांग्रेस के साथियों के साथ मिलकर भगवानगंज चौराहे पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको नमन किया । मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महेश जाटव, युवा कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल चौबे, अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश सचिव रीतेश रोहित, प्रदेश सचिव जैद खान, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष द्वय चक्रेश रोहित, आदित्य चौधरी ,नीलेश अहिरवार, आनंद हेला ,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम रोहित, आनंद अहिरवार, उमेश ठेकेदार, रोहित चौधरी, अमित कुमार बंसल, अंशु बंसल,पुष्पेन्द्र अहिरवार टीटू नगेले,धन्यजय अहिरवार, प्रभात अहिरवार, शिवा अहिरवार, विकास अहिरवार, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

### थोक पॉलीथिन विक्रेता के गोदामों से लगभग 100 क्विंटल अमानक पॉलीथिन जब्त

**सागर,आचरण।** शहर की स्वच्छता और शहर के रहवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए निगमायुक्त राजकुमार खत्री के नेतृत्व में नगर निगम अमले द्वारा शनिवार शाम 6 बजे नयाबाजार सिंधी मार्केट में छापेमार कार्यवाही कर सिंगल यूज प्लास्टिक, अमानक पॉलीथिन आदि जब्ती की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त श्री खत्री ने नया बाजार में हीरा नामक थोक व्यापारी की दुकान एवं गोदामों पर छापे मार कर लगभग 100 क्विंटल सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक पॉलीथिन जब्त करायी। निगमायुक्त ने कहा की सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के बाद भी शहर में इसके धड़ल्ले से हो रहे इस्तेमाल को रोकने के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक जीवन के लिए घातक है, सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल आदि सामग्री, माईक्रो प्लास्टिक शरीर में पहुंचकर गंभीर बीमारी उत्पन्न करते हैं। वर्तमान समय में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है एक व्यक्ति आज कैंसर से पीड़ित होता है तो उसका पूरा परिवार प्रभावित होकर टूट जाता है। यदि सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल का उपयोग पूरी तरह बंद होने पर गंभीर बिमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है तो हम सभी को बढ़चढ़ कर इस अभियान में सहभागिता करनी चाहिए।

सिंगल यूज प्लास्टिक का बुरा प्रभाव शहर की स्वच्छता पर भी पड़ता है आज नालियों के चेम्बर से कचरे के रूप में सिंगल यूज प्लास्टिक के ही ढेर निकलते हैं। कचरे का सोर्स पर ही उत्पादन कम करने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग की जगह कपड़े के थैले, कागज के पेकिट जैसे अन्य उत्पादों का उपयोग करें। सभी थोक एवं फुटकर व्यापारी अमानक पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल कप, ग्लास, चम्मच, प्लेट आदि सामग्री का विक्रय न करें। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए एक राष्ट्र-एक मिशन नाम से एक देशव्यापी अभियान शासन द्वारा चलाया गया है। अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों, जलस्त्रोतों, पार्कों, पर्यटन स्थलों, रेलवे स्टेशन आदि में स्वच्छता कार्य किया जा रहा है।

# सागर-भोपाल से काले हिरण का मांस मुंबई में परोसा जाता है!

**आचरण संवाददाता**

सागर। राहतगढ़ में भोपाल के डॉक्टर वसीम खान सहित तीन शिकारियों की गिरफ्तारी के बाद अब वन्यजीव मांस की अंतरराज्यीय तस्करी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सागर-भोपाल रूट पर शिकार किए गए काले हिरण और अन्य वन्यजीवों का मांस इंदौर के रास्ते मुंबई और देश के अन्य बड़े शहरों तक भेजा जाता है।

### शिकारियों का मुख्य ठिकाना राहतगढ़

सूत्रों ने बताया कि भोपाल से सटे विदिशा, रायसेन और औबेदुल्लागंज के साथ-साथ सागर का राहतगढ़ इलाका शिकारियों के लिए एक प्रमुख टारगेट है। इसकी मुख्य वजह यह है कि राहतगढ़ क्षेत्र में काले हिरण और चीतल की आबादी अधिक है। शिकार किए गए जानवरों का मांस सबसे पहले भोपाल लाया जाता है, फिर इसे इंदौर भेजा जाता है, जहां से अज्ञात स्त्रोतों के माध्यम से इसे मुंबई जैसे महानगरों तक पहुँचाया जाता है।

### टॉर्च और दूरबीन लगी राइफल से शिकार

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्य शिकारी डॉ. वसीम खान है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने शिकार के लिए आधुनिक साधनों का इस्तेमाल किया। उन्होंने रात में शिकार करने के लिए खास तैयारी की थी–राइफल पर रात में निशाना लगाने के लिए टॉर्च और दूरबीन लगी थी। यह राइफल .22 बोर की थी, जिससे काले हिरण को तीन गोलियां मारी गईं। वन्यजीव अपराधों में यह एक गंभीर तथ्य है कि शिकारी अब एडवांस उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं।

### स्थानीय लोगों की संलिप्तता का संदेह

यह भी सामने आया है कि इस रैकेट में कुछ स्थानीय लोगों की संलिप्तता हो सकती है। ये लोग शिकारियों को काले हिरण, चीतल और नीलगाय की सटीक लोकेशन चिन्हित कर साझा करते हैं। दबी जुबान में यह भी कहा जा रहा है कि क्षेत्र में गो-वध पर प्रभावी अंकुश लगने के बाद कुछ स्थानीय लोग इन शिकारियों से जुड़ गए हैं।

### पहले भी पकड़ी गई थी बड़ी खेप

जंगली मांस की तस्करी का यह पहला मामला नहीं है। वर्ष 2015 में भी तत्कालीन वन अमले ने भोपाल के एक कुख्यात शिकारी बद्दूद को दबोचकर 4 क्विंटल जंगली मांस की एक बड़ी खेप जब्त की थी। इससे इस रूट पर होने वाली तस्करी की गंभीरता को समझा जा सकता है। फिलहाल, मुख्य आरोपी डॉ. वसीम खान सहित तीनों गिरफ्तार आरोपियों को जिला न्यायालय द्वारा ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वन विभाग इस अंतरराज्यीय तस्करी के पूरे नेटवर्क और इसके आर्थिक पहलुओं की गहराई से जांच कर रहा है।

# ईगो की दीवार! सागर एसडीएम ऑफिस की बाउंड्री वॉल का विधायक ने रुकवाया काम

## पत्रकारों ने दीवार को बताया जनविरोधी

**आचरण संवाददाता**

सागर। पुराने कलेक्टोरेट परिसर में नवनिर्मित एसडीएम ऑफिस के चारों ओर उठाई जा रही बाउंड्री वॉल के निर्माण पर शहर के पत्रकारों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। पत्रकारों ने इस निर्माण को 'जन और पत्रकार विरोधी' बताते हुए तत्काल रुकवाने की मांग की। संभागीय प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुदेश तिवारी के नेतृत्व में वरिष्ठ पत्रकारों ने शनिवार दोपहर को मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

### एक माचिस की तीली से भड़के एसडीएम

संभागीय प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुदेश तिवारी ने जिला प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि मनमाने ढंग से हो रहे इस निर्माण से आम जनता को भारी असुविधा होगी। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार ब्रह्मदत्त दुबे ने इस निर्माण को सीधे तौर पर स्थानीय एसडीएम अमन मिश्रा के 'ईगो' को संतुष्ट करने का प्रयास बताया। दुबे ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि विधायक प्रदीप लारिया पहले ही आमजन की परेशानी को देखते हुए इस काम को रुकवा चुके थे। लेकिन, कुछ दिन पहले पैदल जा रहे एसडीएम मिश्रा से किसी अधिवक्ता ने अनजाने में माचिस मांग ली। इस छोटी सी घटना से एसडीएम कथित तौर पर इतने बिफर गए कि उन्होंने तत्काल अपने ऑफिस को चारों तरफ से घेरने का फैसला कर लिया। पत्रकार अभिषेक यादव ने प्रशासनिक अधिकारियों के मौजूदा रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि, वर्तमान प्रशासनिक अधिकारी पत्रकारों और आम आदमी से जितना हो सके दूरी मेंटेन करना चाहते हैं। वे कॉर्पोरेट की तर्ज पर ऑफिस चला रहे हैं, जहां साधारण लोगों का पहुँचना मुश्किल होता जा रहा है।

### विधायक ने तत्काल हस्तक्षेप कर काम रुकवाया

इस विवादित निर्माण के विरोध में पत्रकार विनोद आर्य, पृथ्वी सिंह, श्रीकांत त्रिपाठी, टेकरामसिंह, राघवेंद्र दुबे, राजिक अली, राजू खान समेत कई वरिष्ठ पत्रकार नरयावली विधायक प्रदीप लारिया से मिलने मकरोनिया पहुँचे। पत्रकारों का पक्ष सुनने के बाद विधायक लारिया ने तत्काल एसडीएम अमन मिश्रा से फोन पर चर्चा की और बाउंड्री वॉल का काम रुकवाने के निर्देश दिए। विधायक ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रविवार सुबह 11 बजे एसडीएम मिश्रा और पीडब्ल्यूडी (पीआईयू) के ईई को विवादित निर्माण स्थल पर पत्रकारों की मौजूदगी में पहुँचने के निर्देश दिए हैं, जहाँ इस मामले पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# सागर में बाबा साहब अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर भाजपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**आचरण संवाददाता**

सागर। भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी सागर विधानसभा द्वारा अंबेडकर वार्ड स्थित संविधान चौक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर बाबा साहब के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने बाबा साहब के महान योगदान, संघर्षशील जीवन तथा सामाजिक समरसता के लिए उनके अतुलनीय प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का विचार हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके दिखाए मार्ग पर चलना हमारा कर्तव्य है। नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर बाबा साहब के संघर्षों, उनके सामाजिक उत्थान के प्रयासों एवं राष्ट्रनिर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगन्नाथ गुरैया, शैलेश केसरवानी, विक्रम सोनी, मनीष चौबे, अमित बैसाखिया, देवेंद्र अहिरवार, निकेश गुप्ता, देवेंद्र कटारे, रामू ठेकेदार, नीलम अहिरवार, नीरज यादव, धर्मेंद्र खटीक, धर्मेंद्र रजक, अनीता अहिरवार, अमरदीप वाल्मीकि, भरत अहिरवार, विशाल खटीक, प्रणव कन्होआ, चेतराम अहिरवार, विकास केसरवानी, नरेश धानक, पंकज भट्ट, राहुल वैद्य, निखिल अहिरवार, राजीव जैन, कृष्ण कुमार अहिरवार, आकाश ठाकुर, कन्हई पटेल, राहुल अहिरवार, मनीष नेमा, टिंकू राय, कुलदीप खटीक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बाबा साहब के जीवन आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

### विधायक लारिया ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा

**सागर,आचरण।** शनिवार को नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने रजाखेड़ी स्थित विधायक कार्यालय में विधानसभा स्तरीय मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की। विधायक लारिया ने SIR के अगले चरण में किस पोलिंग बूथ में कितने मतदाता शिफ्ट हुए, फौत हुए मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करने के साथ ही अगले चरण में पात्र नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने,मतदाता स्थानांतरण या अन्यत्र शिफ्ट हुए मतदाताओं को चिन्हित कर जुड़वाने का काम सजगता से करने हेतु अभियान को सफल बनाने का अनुरोध किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष,SIR के जिला, विधानसभा एवं मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी,नपा अध्यक्ष पार्षदगण एवं वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बिजली कंपनी की अंतर्क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**सागर,आचरण।** सागर केंद्रीय कीड़ा एवं कला परिषद एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर द्वारा वर्ष 2025 26 की 47वीं अंतरक्षेत्री क्रिकेट खेल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का आयोजन 8 दिसंबर से 11 दिसंबर 2025 तक सागर सिटी स्टेडियम बस स्टैंड के पास किया जावेगा सहायक अभियंता अवनीश जारोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयरन में बिजली विभाग की प्रदेश की कंपनियों से 14 टीम में भाग ले रही हैं सोमवार को कार्यक्रम का उद्घाटन होगा और जहां उद्घाटन मैच भी खेला जाएगा जो 20-20 ओवर का होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य रूप से जबलपुर क्षेत्र जबलपुर सेंट्रल सागर क्षेत्र भोपाल क्षेत्र ग्वालियर क्षेत्र उज्जैन क्षेत्र रीवा क्षेत्र बिरसिंहपुर क्षेत्र अमरकंटक सारणी सिरमौर सिंगाजी खंडवा एवं इंदौर क्षेत्र की टीम में भाग ले रही हैं।

# दो दशक पहले रजाखेड़ी पंचायत द्वारा नीलाम की गई थी दुकानें,नपा प्रशासन खंगाल रहा रिकॉर्ड

## अब देखना होगा,नगर पालिका इन दुकानों को तोड़ेगी या अपने आधिपत्य में लेगी

**आचरण संवाददाता**

सागर। मकरोनिया नगर पालिका के रजाखेड़ी तिराहे के समीप जिन आठ दुकानदारों को नोटिस दिए गए हैं उनमें से पांच दुकानें तत्कालीन ग्राम पंचायत रजाखेड़ी द्वारा दो दशक पहले निर्मित की गई थी,और बाद में इनकी नीलामी कराई गई थी सूत्रों ने बताया कि नीलामी के बाद कुछ लोगों ने राशि जमा कर यह दुकान ग्राम पंचायत से ली थी उसके बाद से ही यह लोग इन दुकानों को किराए पर चला रहे हैं,और अब तक एक बड़ी राशि किराए के रूप में इन दुकानदारों से वसूल चुके है,या यू कहे की दुकान की कई गुना कीमत वसूली जा चुकी है,वही सूत्रों की माने तो नीलामी के दौरान भी कुछ खास लोगों को ही ये दुकानें आवंटित की गई थी,जबकि अन्य लोगो के पहुंचने से पहले ही नीलामी की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी थी,जिसे लोगों ने महज औपचारिक करार दिया था,राजस्व विभाग की माने तो यह दुकान अतिक्रमण में है और रोड के खसरे पर निर्मित की गई है।

इन दुकानों के बाजू में रजाखेड़ी स्कूल है जहां छात्र-छात्राएं अध्ययन करने आती हैं पहले लोग इन्हें स्कूल की दुकान समझते थे लेकिन स्कूल प्रबंधन ने साफ मना कर दिया कि यह स्कूल की दुकान नहीं है,अब यदि यह निर्माण सड़क की जगह पर है,तो ऐसे में मकरोनिया नगर पालिका क्या यह अतिक्रमण हटाएगी या फिर अपने अधिपत्य में लेगी,यह बड़ा प्रश्न है वैसे रजाखेड़ी बाजार के आसपास अनेकों दुकानें अतिक्रमण कर निर्मित की गई है,जिन पर वर्ष 1990,91 में बुलडोजर भी चलाया गया था, लेकिन कुछ समय बाद फिर इनका निर्माण दोबारा कर लिया गया यहां भी हाल वही है जो इन पांच दुकानों का है,यह दुकान भी किराए पर चलाई जा रही हैं,नियमों की बात करे तो लंबे समय से दुकानों का किराया अवैध रूप से बसूला जा रहा है,जिस पर प्रशासन मौन है,अब देखना होगा की नपा प्रशासन इन भू माफियाओं से कैसे निपटता है।और जिन दुकानदारों को नोटिस दिए गए है,उनकी रोजी रोटी पर छाए संकट को कैसे दूर किया जाएगा।

**इनका कहना है**

यदि इन दुकानों का अवैध अतिक्रमण पाया जाता है,तो इन्हें सख्ती से हटाया जाएगा,और नगर पालिका द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

**पवन कुमार शर्मा**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,मकरोनिया**

# योग निकेतन योग प्रशिक्षण संस्थान सागर के 55 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज से

**आचरण संवाददाता**

सागर। सागर के योग निकेतन योग प्रशिक्षण संस्थान योग धाम मोतीनगर चौराहे के पास के 55 वा स्थापना पर्व पर 07 दिसंबर और 08 दिसंबर 2025 को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए है। संस्थान के संस्थापक और प्रसिद्ध योगाचार्य विष्णु आर्य ने बताया कि संस्थान अपने 55 साल पूरे कर रहा है। भारतीय योग परम्परा से जुड़े हजारों आयोजन ,प्रशिक्षण और स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन हुए है। जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय योग मनीषियों का मार्गदर्शन सागर वासियों को मिला है। संस्थान को कई दफा सम्मानित भी किया गया। वर्तमान में नियमित सुबह योगाभ्यास कार्यक्रम चलता है। उन्होंने बताया कि योग धाम में नियमित प्रातः 700 बजे से 800 बजे तक कराया जाता है जिसमें योग साधना, साइटिका, कमर दर्द, सर्वाइकल, मानसिक तनाव, हाई व लो ब्लड प्रेशर, स्मरण शक्ति बढ़ायें, भय, चिंता, अनिद्रा, आदि रोगों के लिए आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा आदि क्रियाओ द्वारा निवारण किया जाता है।



दो दिवसीय कार्यक्रम योग निकेतन योग संस्थान के अध्यक्ष रामनारायण यादव ने बताया कि स्थापना दिवस पर योग निकेतन में 07 दिसंबर 2025 को प्रातः 8:30 बजे से 10 बजे तक सर्व भौतिक उन्नति के लिए श्री राजराजेश्वरी त्रिपुरा सुंदरी देवी श्री यंत्र का अभिषेक एवं कुमकुम से सहस्त्र अर्चन कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 08 दिसंबर 2025 को प्रातः 8:30 बजे से श्री लक्ष्मी नारायण का अभिषेक, श्री सूक्त, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से हवन, पूर्ण आहुती होगी। प्रसादी कार्यक्रम 11: 30 बजे से होगा।

संस्थान संस्था के शिक्षक अमित गुप्ता, डी,साहू ,सदस्य जिला योग समिति सागर, कार्यक्रम संयोजक सुबोधआर्य , डा दशरथ मालवीय ,महेश नेमा, राजेश जड़िया ,संजय पाठक ,महेश साहू, पी, एल सोनी, बाला नेमा , रामकिशन कोरी, संदीप सोनी सदस्य जिला योग आयोग,विनोद कुमार सोनी ,आरती ताम्रकार योग टीचर आई , पी , एस, स्कूल, ज्योति शर्मा, दिलीप साहू सर भूपेंद्र पराशर, आकाश पटेल रियल कोचिंग क्लासेस, मनोहर लाल सोनी, नंदकिशोर नामदेव,सविता मेहता, मुन्ना लाल जैन, सुशील राधाचरण तिवारी, बेनीप्रसाद कोरी, पूजा पटेल, कमलेश नामदेव, आदि ने सभी योग प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# आवासीय कॉलोनी का काटा विद्युत कनेक्शन, कॉलोनीवासियों ने किया चक्काजाम



**आचरण संवाददाता**

सागर। बाघराज वार्ड आवसीय कालोनी की जनता ने शनिवार की शाम मोतीनगर राजघाट मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम करने का कारण नगर निगम प्रशासन ने शनिवार को उक्त आवसीय कालोनी में रहने वाले लोगों के घरों का विद्युत कनेक्शन काट देना बताया जा रहा है। चक्काजाम करीब साढ़े आठ बजे लोगों ने चालू किया था। जो खबर लिखे जाने तक जारी था। चक्काजाम की जानकारी लगते ही मोतीनगर थाना प्रभारी बल के साथ चक्काजाम स्थल पर पहुंच गए और स्थिति को संभाला। इस दौरान नगर निगम का कोई भी अधिकारी चक्काजाम स्थल पर नहीं पहुंचा था।

जानकारी के अनुसार आवसीय कालोनी में रहने वाले कुछ लोगों ने लंबे समय से विद्युत बिल जमा नहीं किया गया था। जिसको देखते हुए करीब एक सप्ताह से बिजली बिल जमा करने के लिए नगर निगम प्रशासन क्षेत्र में अनाउंस करवा रहा था कि जल्द से जल्द बकाया बिजली बिल जमा करें। लेकिन उनके द्वारा बकाया बिजली बिल जमा नहीं किया गया। इसको लेकर नगर निगम प्रशासन ने उक्त आवासों के विद्युत कनेक्शन काट दिए।

# विश्व हाथ धुलाई सप्ताह पर जागरूकता शिविर का आयोजन

## भारतीय चिकित्सा संघ एवं जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

**आचरण संवाददाता**

सागर। विश्व हाथ धुलाई सप्ताह के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर शाखा तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राहतगढ़ में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने आमजन को साबुन से हाथ धोने की सही तकनीक सिखाई तथा इसके स्वास्थ्य लाभों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेंद्र सराफ ने बताया कि साबुन और पानी से हाथ धोना रोगों से बचाव का सबसे सरल लेकिन सबसे शक्तिशाली उपाय है। वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है कि नियमित हाथ धोने से दस्त, सर्दी-जुकाम, फ्लू तथा अन्य श्वसन संक्रमणों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। यह छूआछूत से फैलने वाले कीटाणुओं की कड़ी को तोड़ देता है और सम्पूर्ण रोग बोझ को कम करता है।।

इस दौरान आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि साबुन से हाथ धोने से दस्त के मामलों में 40 प्रतिशत तक और निमोनिया में 20 प्रतिशत से अधिक की कमी आ सकती है। इससे विश्व भर में हर साल लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि हाथ धोने की प्रक्रिया कम से कम 20 सेकंड तक चलनी चाहिए। जहां साबुन-पानी उपलब्ध न हो, वहां अल्कोहल आधारित हैंड सैनिटाइज़र एक प्रभावी विकल्प है जो अधिकांश कीटाणुओं को खत्म कर देता है।




### हाथ धोने से नहीं होती कोई बीमारियां: डा. गिडियन

शिविर के दौरान क्षेत्रिय संचालक स्वास्थ्य सागर डॉ. नीना गिडियन ने कहा कि अनावश्यक एंटीबायोटिक्स का प्रयोग प्रतिरोधकता (एंटीबायोटिक रेसिस्टेंस) पैदा करता है। हाथ धोने से कई बीमारियां ही नहीं होतीं। इसलिए एंटीबायोटिक्स की जरूरत कम पड़ती है और प्रतिरोधकता की समस्या अपने आप नियंत्रित होती है। एक सर्वे के अनुसार सार्वजनिक शौचालय इस्तेमाल करने के बाद केवल 31 प्रतिशत पुरुष और 65 प्रतिशत महिलाएं ही हाथ धोते हैं, यह आंकड़ा बेहद चिंताजनक है।

### आईएमए ने की अपील

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन छोटी-छोटी आदतों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वयं को तथा अपने परिवार को संक्रमणों से सुरक्षित रखें। बीएमओ डॉ. विकेश फुसकेले, बड़ी संख्या में मौजूद नर्सिंग स्टाफ आशा वर्कर्स और आमजन की मौजूदगी ने सेशन को और प्रभावी बनाया।

### मकान में आग लगने से झुलसे किशोर की इलाज के दौरान मौत

**सागर,आचरण।** नरयावली थाना क्षेत्र के ग्राम चांदामऊ में गुरुवार शुक्रवार की दरम्यानी रात एक कच्चे मकान में आग लगने से तीन भाई-बहन आग से झुलस गए थे। जिन्हें बीएमसी में भर्ती किया गया था। जिसमें से एक बालक की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार शुक्रवार की दरम्यानी रात ग्राम चांदामऊ में गणेश चढ़ार के कच्चे मकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई थी। घटना में घर के अंदर सो रहे तीन बच्चे साक्षी 22 वर्ष, अनुज 19 वर्ष और कार्तिक 14 वर्ष गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे की सूचना मिलते ही नरयावली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 112 व 108 एम्बुलेंस की मदद से तीनों को तत्काल बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की दोपहर करीब पौने चार बजे कार्तिक पिता गणेश चढ़ार की मौत हो गई।

### शनिवार को नहीं हुआ मृत का पीएम

शनिवार की दोपहर करीब पौने चार बजे कार्तिक चढ़ार की मौत हो गई थी। लेकिन उसका मृत मेमो बर्न वार्ड से बीएमसी चौकी शाम करीब 6 बजे भेजा गया। जिसके कारण शनिवार को मृतक बालक का पीएम नहीं हो सका।





## घरों के बाहर खड़ी बाइकों में लगाई आग, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**सागर,आचरण।** सागर के कृष्णगंज वार्ड में घरों के बाहर खड़ी बाइकों में बदमाशों ने आग लगा दी। आगजनी में दो बाइकें जली हैं। सूचना पर पुलिस ने मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कृष्णगंज वार्ड निवासी पप्पू साहू के घर के सामने खड़ी बाइक में शुक्रवार की देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त बाइक पप्पू साहू के भतीजे से कुछ दिनों पहले ही फाईनेंस रीफाईनेस कराई थी जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। । घटना के करीब आधे घंटे बाद करीब 1.30 बजे उसी वार्ड में स्व.कुंदन सेन पुत्री की घर के बाहर खड़ी स्कूटी में भी आग लगा दी गई। स्कूटी के पास शराब की बोतल में भरा पेट्रोल मिला है। जिससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों आगजनी की वारदातें सुनियोजित तरीके से की गई हैं। मामले में पीड़ितों ने गोपालगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। इस घटना से लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पुलिस का अपराधियों में खौफ नहीं रहा है । वार्ड के लोग अब अपनी बाइकों के लेकर जो रात्रि काल में घर के बाहर खड़ी रहती है चिंतित हैं। यदि समय रहते जलती बाईक पर लोगों ने पानी डालकर आग नहीं बुझाई होती तो कोई बड़ी घटना घट सकती थी।

# ट्रेड यूनियनों और मजदूर व कर्मचारी वर्ग को समाप्त कर रहीं हैं केन्द्र सरकार की नीतियां: जैन

**आचरणप संवाददाता**

सागर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार चार बड़े पूंजीपतियों और मल्टीनेशनल कंपनियों के इशारे पर उनके लाभ के लिए काम कर



रही है। योजनाबद्ध तरीके से देश में ट्रेड यूनियनों और मजदूरों को समाप्त किया जा रहा है। यह बात एटक के राज्य उपाध्यक्ष कामरेड अजित जैन ने आचरण से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने 21 वीं सदी में मजदूरों को 19 वीं सदी की ओर धकेल दिया है। श्रमकानूनों में संशोधन कर चार श्रमकोण बना दिये गये हैं। जो मजदूरों के लिए बेहद घातक हैं। इन चार कानूनों को वापिस लिया जाना जरूरी है। नव फासीवाद जानता है कि ट्रेड यूनियन और मजदूर उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिए उनके खिलाफ फैसले लिये जा रहे हैं। देश में अभी पब्लिक सेक्टर बचा हुआ है इसलिए टूटाफूटा लोकतंत्र जिंदा है। केन्द्रसरकार धीरे-धीरे तानाशाही पूर्ण शासन की ओर बढ़ रही है। कामरेड जैन ने कहा कि देश में आरएसएस और कम्यूनिष्ट दो ही विचार धारा है। अन्य राजनैतिक दल सिर्फ सत्ता प्राप्ती के लिए संघर्ष में लगे हुए हैं। कांग्रेस का नेतृत्व भ्रमित है, सत्ता का लालच और नेतृत्व की भूख विपक्ष को डुबो रही है। उन्होंने कहा कि केरल सरकार ने घोषणा की है कि वह चार श्रमिक संहिता को लागू नहीं करेगी। अन्य राज्य जहां गैर भाजपा सरकारें हैं वे भी इस तरह का साहस दिखाए।

देश में चुनाव व्यवस्था में सिर्फ सुधार नहीं आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। एसआईआर व्यवस्था में सुधार का बहुत छोटा मामला है। उन्होंने कहा कि आनुपातिक व्यवस्था के हिसाब से चुनाव होना चाहिए। यह देश का दुर्भाग्य है कि यहां 20 और 25 प्रतिशत मत लेकर लोग जनप्रतिनिधि निर्वाचित हो जाते हैं। जैन ने मप्र की भाजपा सरकार को फ्लाप बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सत्ता के मद में डूबे हैं। शासन प्रशासन की उन्हें कोई चिंता नहीं है। देश की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए विपक्ष के रूप में संयुक्त मोर्चा जरूरी है। कांग्रेस से टूटकर ही अधिकांश क्षेत्रीय दल बने हैं ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व को विपक्ष की एक जुटता बनाये रखने के लिए खुले मन से विचार करना चाहिए।

## 8 दिसंबर से शुरू होगी कोटा-दानापुर ट्रेन

**आचरण संवाददाता**

सागर। सागर लोकसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी और महत्वपूर्ण खबर ,मध्य प्रदेश और बिहार को जोड़ने वाली कोटा-दानापुर नई ट्रेन (19801 / 19802) 8 दिसंबर से शुरू होने जा रही है, जिससे सागर सहित पूरे क्षेत्र के यात्रियों को सुविधा, शिक्षा, पर्यटन और व्यापार में सीधा लाभ मिलेगा।



नई रेल सेवा से सागर को एक नई ट्रेन का लाभ प्राप्त होगा, जो अब नियमित रूप से चलेगी और हजारों यात्रियों को राहत देगी।

**ट्रेन संख्या 19801 (कोटा से दानापुर)-** ट्रेन हर सोमवार दोपहर 12:45 बजे सोगरिया (कोटा) से रवाना होकर सागर स्टेशन रात 19:33 बजे पहुंचेगी। इसके बाद स्टेशनों पर समय इस प्रकार रहेगा –दमोह - 20:38 बजे,कटनी मुड़वारा - 22:00 बजे,मैहर - 23:20 बजे,सतना - 23:45 बजे, मानिकपुर - 01:30 बजे, प्रयागराज छिवकी - 03:05 बजे,विंध्याचल - 04:15 बजे,पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. - 06:40 बजे, बक्सर - 07:58 बजे, आरा - 08:46 बजे दानापुर आगमन – मंगलवार सुबह 10:00 बजे, ट्रेन संख्या 19802 (दानापुर से कोटा) ट्रेन हर मंगलवार दोपहर 12:45 बजे दानापुर से रवाना होगी। बुधवार सुबह 11:00 बजे सोगरिया (कोटा) पहुंचेगी। इस ट्रेन से प्रमुख लाभ कोटा में पढ़ाई करने वाले छात्रों को सीधा और सुविधाजनक रेल मार्ग, प्रयागराज और वाराणसी धार्मिक यात्रा और पर्यटन को मजबूत प्रोत्साहन, पटना और बिहार तक व्यापारिक कनेक्टिविटी, कारोबार को नई ऊर्जा ट्रेन में कुल 22 आधुनिक LHB कोच लगाए गए हैं ।

2 सेकंड एसी 2 थर्ड एसी 7 थर्ड एसी इकोनॉमी 5 स्लीपर 4 जनरल ज़ अन्य कोच सागर लोकसभा क्षेत्र के लिए यह रेल सेवा वर्षों से अपेक्षित थी, जो अब शुरू होने जा रही है। यह कदम यात्रा, शिक्षा, व्यापार और पर्यटन – सभी क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाएगा। यह सौगात सागर लोकसभा की सांसद डॉ. लता वानखेड़े के सतत प्रयासों और रेल मंत्रालय के सहयोग से संभव हुई है।

# एड्स से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

**आचरण संवाददाता**

सागर। विश्व एड्स जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत ओजस्विनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की संस्था ओजस्विनी नर्सिंग कॉलेज सागर एवं इनफिनिटी मैनेजमेन्ट एंड इंजीनियरिंग कॉलेज सागर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब, SNAI के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संस्था चेयरपर्सन डॉ सुधा मलैया के संरक्षण में पोस्टर्स मेकिंग कार्यक्रम एवं विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पोस्टर के माध्यम से छात्रों में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इससे जुड़ी गलत धारणाओं को दूर करना था।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ऋतु मिश्रा (ICTC काउंसलर, UCHC मकरोनिया) रहीं कार्यक्रम संस्था प्राचार्य डॉ अनु फौजदार के मार्गदर्शन में रा से यों कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति गैब्रिएला लिंकन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। रासेयों स्वयंसेवको एवम छात्रों ने एड्स विषय पर पोस्टर बनाये जिनका निरीक्षण मुख्य अतिथि एवम प्राचार्या द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रासेयों परंपरा अनुसार किया गया। मुख्य वक्ता श्रीमती ऋतु मिश्रा जी ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए एड्स के कारण, संक्रमण के तरीके, बचाव, नियमित जांच की आवश्यकता तथा सामाजिक समर्थन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों को सरल भाषा व रोचक अभिनय शैली में प्रस्तुत किया।

इसके पाश्चात्य पोस्टर, मेकिंग प्रतियोगिता के उपहार वितरित किया गया।

कार्यक्रम का समापन सभी को एड्स से जागरूक करते हुए एड्स से संबंधित सही जानकारी अपनाने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश देकर किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य डॉ अनु फौजदार, डॉ नवदीप कौर सलूजा , कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोह. अशफ़ाक सिद्दीकी, श्रीमती गैब्रिएला लिंकन, साक्षी ठाकुर अमित चौरसिया, अरुण देशमुख जी, सहित समस्त शिक्षक छात्रः छात्रा एवं रासेयो समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## पीएससी में चयन होने पर छात्रा सृष्टि रॉय का किया सम्मान

**आचरण संवाददाता**

सागर। ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में आज दिनांक 06 दिसम्बर को एमपीपीएससी परीक्षा 2023 में चयनित छात्रा सृष्टि रॉय का विद्यालय आगमन हुआ। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती लिज़ी लुईस एवं शिक्षिका श्रीमती करिश्मा फोगाट ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं उनकी सफलता पर बधाई प्रेषित की। सृष्टि ने अपनी सफलता की यात्रा का संस्मरण सुनाते हुए कहा- कि मैंने




अपने मन में यह निश्चय कर लिया था कि मैं अब अपने विद्यालय बड़ी सफलता हासिल करने के बाद ही आऊंगी। इस निश्चय को सदैव स्मरण में रखा। उन्होंने अपने अनुभव और विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावक, शिक्षकों एवं विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती पारुल साहू 'केशरी' को देते हुए कहा कि मैम के द्वारा दी गई आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं विद्यालय से सीखा आत्मविश्वास दोनों ही सफलता में सहायक रहे। सभी ने इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर नीरज केशरवानी प्राचार्या श्रीमती लिज़ी लुईस समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भोपाल में जिला अध्यक्ष तिवारी ने भेंट कर सांगठनात्मक विषयों पर की चर्चा

**सागर,आचरण।** भारतीय जनता पार्टी सागर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुंचे भोपाल प्रवास के दौरान उन्होने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भेंट की। भेंट वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को जिले की एस.आई.आर अभियान प्रगति की विस्तृत जानकारी दी एवं सागर जिले से जुड़े सांगठनात्मक विषयों पर प्रदेश अध्यक्ष से विस्तृत चर्चा की।



जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी भोपाल प्रवास के दौरान भाजपा महिला मोर्चा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए एवं उनसे भेंट कर नव दायित्व हेतु बधाई प्रेषित कि व उन्हें सागर प्रवास हेतु आमंत्रित किया। भोपाल प्रवास के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने सागर के भगवानगंज चौरहा स्थित संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि रामू अनीता अहिरवार अंशुल परिहार नितिन सोनी,चेतराम अहिरवार,हेमन्त अहिरवार,रघुवीर अहिरवार उपस्थित रहे।

## ट्रक ने पिकअप के बाद बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**सागर,आचरण।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आने वाले पामाखेड़ी रोड पर शनिवार की दोपहर ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाकर पहले पिकअप में टक्कर मार दी। जिसके बाद उसने बाइक को भी टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं पिकअप वाहन चालक और एक अन्य बाइक सवार घायल हो गया। थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच और घायल को तुरंत अस्पताल भेजा। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार की दोपहर एक पिकअप वाहन बम्होरी से होकर पामाखेड़ी की ओर जा रहा था। उसके पीछे बाइक चल रही थी। तभी सामने से आ रहे ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। घटना में पिकअप के साथ बाइक भी ट्रक की चपेट में आ गई। घटना में बाइक सवार अतुल पिता रमाकांत अग्निहोत्री 24 वर्ष निवासी बाघ खैजरा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उसका बड़ा भाई अनुज अग्निहोत्री गंभीर घायल हो गया। साथ ही पिकअप चालक दयाराम पिता किशनलाल निवासी निवाड़ी भी घायल हो गया।

**नरसिंहपुर में पकड़ा गया ट्रक-** इस मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि ट्रक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हुई है, दो घायल हैं। मामला दर्ज कर जांच में लिया है। घटना कर भागे ट्रक को नरसिंहपुर में पकड़ लिया गया है। पुलिस टीम को ट्रक सागर लाने के लिए भेजा गया है।

## ब्राह्मण समाज जनवरी में करेगा वृद्धजनों का सम्मान

**सागर,आचरण।** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन जिला सागर की कार्यकारिणी की बैठक समाज के अध्यक्ष शिवशंकर मिश्रा के निवास पर 5 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जनवरी 2026 में संगठन की वृद्धजनों के सम्मान में आगामी वर्ष में होगा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, मचिव सहित नवीन कार्यकारिणी का गठन नवीन कार्यकारिणी के दायित्व तय किए जाएंगे। जनवरी माह में बनने वाले समाज संगठन के मुख्य समाज के प्रमुख जनों को जिन्होंने एमपीपीए सामाजिक योजनाओं एवं अन्य प्रशासनिक बैठकों में योगदान लेकर समाज का नाम रोशन किया है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में आगामी वर्ष के लिए ब्राह्मण संगठन हेतु कार्ययोजना एवं की आगामी जनवरी माह में होने वाले कार्यक्रम व्यवस्था हेतु पंडित नरेंद्र तिवारी मकरोनिया को नियुक्त किया गया है। बैठक में समाज के अध्यक्ष पंडित शिवशंकर मिश्रा, पंडित रामावतार पांडेय, मुकुल पुरोहित, मधुर पुरोहित, मधुसूदन गुरु, राजेश पाराशर, दीपक दुबे, पंडित नरेंद्र तिवारी, पंडित मंजय मिश्रा, पंडित बद्रीप्रसाद दुबे, पंडित वसंत गुरु, पंडित देवीलाल पंडित ओमकार दुबे, विनोद गुरु पट्कुई, देवेंद्र गुरु पट्कुई, प्रकाश गुरु पट्कुई, पंडित सुरेश चतुर्वेदी, पंडित रंजन तिवारी, पंडित सारांश दुबे, शरद मिश्रा, राजू शुक्ला, गिरीशकांत तिवारी, विजय मिश्रा, माया चीचे, प्रदीप तिवारी, मनीष तिवारी, डॉ. प्रदीप पाठक आदि बैठक में उपस्थित थे।

# कर्म के भरोसे जीवन पार नहीं होगा राम कृपा जरूरी है : अरुण जी

**आचरण संवाददाता**

सागर। जब तक जीवन में सत्संग और हरि कथा का सानिध्य नहीं होगा तब तक आपका जीवन बेकार है। प्रभु के सत्संग के बिना मानव भी पशु के समान है। सत्संग मोह को खत्म कर प्रभु से जोड़ता है। यह अमृत वचन सेवानिवृत्त पूर्व प्रधान न्यायाधीश अरुण जी ने वरदान होटल स्थित श्री सिद्ध पिपलेश्वर मंदिर में राम कथा और हनुमान गाथा का वर्णन करते हुए कथा के दूसरे दिन कही। माता सीता की खोज का बिंदु बार वर्णन करते हुए उन्होंने रामायण के हर पत्र से सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कथा भगवान से जोड़ने का साधन है। भक्ति; ज्ञान; वैराग्य और सेवक की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा भक्त हो तो मां सीता जैसा ज्ञान हो तो राम जैसा; वैराग्य हो तो लक्ष्मण जैसा ओर जीवन में सेवक की भूमिका क्या होती है यह हनुमान जी से सीखना चाहिए।

जय हो जय हो ओरछाधीश... जय हो राम लला सरकार.. की आरती से जैसे ही कथा की शुरुआत हुई भक्त भक्ति रस में डूब गए। भगवान श्री राम और हनुमान जी की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा भगवान हनुमान अच्छे कथा आचार्य हैं। उन जैसा कथा सुनने वाला और कथा कहने वाला कोई इस धरा पर नहीं हुआ। श्री सिंह ने कहा भगवान किसी के कर्म नहीं देखते। यदि कर्मों पर उनकी दृष्टि होती तो पिंगला; सदना कसाई; अहिल्या और शबरी जैसे कैसे बेड़ापार करते। भगवान श्री राम ने अभिमान करने वालों का हमेशा नाश किया है। किष्किंधा; लंका और सुंदरकांड की अलग-अलग व्याख्या करते हुए श्री सिंह ने कहा किष्किंधा कांड में विचार है लेकिन लंका कांड में सिर्फ कर्म और कार्य है। तेरी मंद मंद मुस्कनिया पे बलिहार राघव जी... हमारे साथ रघुनाथ तो किस बात की चिंता... जैसे भजन जब श्री सिंह ने सुनाऐ तो हाल तालियायो की गड़गड़ाहट से गूंज गया।

इस अवसर पर परशुराम कल्याण बोर्ड के जिला अध्यक्ष मधुसूदन खेमरिया; सिंधी पंचायत के अध्यक्ष



सुरेश मोहनानी; सुनील बुधवानी; एडवोकेट अजय श्रीवास्तव; एसवीएन कॉलेज के कुलपति अजय तिवारी; प्रोफेसर शशि सिंह; दीपक विश्वकर्मा सहित प्रोफेसर; समाजसेवी; सागर कोर्ट से अधिवक्ता के अलावा कई लोगों की उपस्थिति रही।

### आज होगा कथा का विश्राम सुबह सुंदरकांड पाठ

श्री राम कथा का तृतीय दिवस 7 दिसंबर को समापन होगा। रविवार को सुबह 10 बजे से 12तक संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन श्री सिद्धेश्वर धाम शक्तिपीठ मंदिर में बंशीधर लाल सोनी के द्वारा कराया गया है। कथा यजमान रतेन्द्र सबलोक विजय सबलोक परिवार है एवं संयोजक जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डा. अंकलेश्वर दुबे (अन्नी) विपिन दुबे ने सभी धर्मप्रेमियों से कथा का रसपान करने की बात कही। गौरतलब है अरुण जी प्रधान जिला न्यायाधीश के पद से सागर से सेवानिवृत हुए हैं और ओरछा सरकार के परम भक्त है।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

**आचरण संवाददाता**

सागर। वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर की महापौर संगीता तिवारी उपस्थित थी विद्यालय की प्रचार्या श्रीमती अलका श्रीवास्तव निदेशक सुधांशु श्रीवास्तव प्रबंधक करण बहादुर श्रीवास्तव साक्षी सिंह व उप प्रचार्या ममतेश शर्मा उपस्थित थी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निश्चित कर आगे बढ़ाने की सलाह दी। विद्यालय की प्रचार्या श्रीमती अलका श्रीवास्तव ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यार्थी अपने अनुशासन और प्रतिभा से शहर का गौरव बढ़ा रहे हैं विद्यालय के विद्यालय की छत्रों को वर्ष भर में शिक्षा खेल के क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया व सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं कक्षा व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रत्येक संकाय में उच्चतम अंक लाने वाले को 5100 रु. प्रति विद्यार्थी को प्रदान किये गये शाला के छात्र




छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों के मध्य शाला के वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर की महापौर संगीता तिवारी उपस्थित थी। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका श्रीवास्तव निदेशक सुधांशु श्रीवास्तव प्रबंधक करण बहादुर श्रीवास्तव साक्षी सिंह व उप प्राचार्या ममतेश शर्मा उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निश्चित कर आगे बढ़ाने की सलाह दी । विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका श्रीवास्तव ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यार्थी अपने अनुशासन और प्रतिभा से शहर का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के वह छात्र जो वर्ष भर शिक्षा तथा खेल के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया व सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं कक्षा व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रत्येक संकाय में उच्चतम अंक लाने वाले को 5100 रु प्रत्येक विद्यार्थी को प्रदान किये गये ।

शाला के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति युवा पीढ़ी पर्यावरण और आध्यात्मिकता की लहर में रामायण ,वराह अवतार , इंग्लिश प्ले स्लीपिंग ब्यूटी , आधारित नृत्य नाटक और समूह गीत प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम का संचालन पलक मिश्रा और शताक्षी दुबे ने किया । उप प्रधानाचार्या ममतेश शर्मा ने कार्यक्रम का आभार जताया।


श्रद्धांजली सभा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि स्व. श्री विट्ठलभाई पटेल की धर्म पत्नि

श्रीमती कमला बेन पटेल

का स्वर्गवास दिनांक 01.12.2025 दिन सोमवार को हो गया है।

श्रद्धांजली सभा दिनांक 07 दिसम्बर 2025 दिन रविवार शाम 3.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक रखी गयी है।

स्थान – विद्यालय विश्वभारती परिसर, राधेश्याम भवन, सुभाषनगर, सागर

शोकाकुल : सुनीलभाई पटेल, राजुभाई पटेल, वरदान, जैनिल, अनीष हीरक, आदित्य, बरांग, राजवीर, रूद्राक्ष पटेल एवं समस्त परिवार सागर म.प्र.




## संक्षिप्त समाचार

### चांदामऊ में एक बेटी व दो बेटे झुलसे, एक की मौत

**जरूआखेड़ा, आचरण।** नरयावली थाना क्षेत्र के ग्राम चांदामऊ में देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। एक गरीब परिवार के कच्चे मकान में अचानक आग लग गई। घर के अंदर सो रहे तीन भाई-बहन–एक बेटी और दो बेटे–आग की लपटों में बुरी तरह झुलस गए। फिलहाल तीनों को गंभीर हालत में बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के दौरान छोटे बेटे कार्तिक की शनिवार को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। चांदामऊ निवासी मुकेश चढ़ार उस वक्त अपने खेत पर थे, जबकि उनकी पत्नी एक शादी समारोह में गई हुई थीं। घर पर उनकी बेटी साक्षी (22 वर्ष), बेटा अनुज (19 वर्ष) और सबसे छोटा बेटा कार्तिक (15 वर्ष) सो रहे थे। रात के सन्नाटे में अचानक कच्चे घर से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। जब पड़ोसियों ने आग की चमक देखी, वे तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की और बेहद मुश्किल से तीनों बच्चों को बाहर निकाला।

लेकिन तब तक आग की लपटों ने उनका काफी हिस्सा झुलसा दिया था। पूरा कच्चा मकान जलकर राख हो गया और गृहस्थी का सारा सामान नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नरयावली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तत्काल कार्रवाई करते हुए घायलों को डायल 112 और 108 एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। डॉक्टरों के अनुसार तीनों बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक प्रदीप लारिया भी सक्रिय हो गए। उन्होंने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि प्रशासन से बात कर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। साथ ही घायलों के बेहतर इलाज की पूरी व्यवस्था कराने की बात कही।

### 15 दिन से नहीं आ रहा नलों से पानी ट्यूबवेल की मोटर हुई खराब

**बिलहरा, आचरण।** नगर वासियों को पीने के लिए पानी नल से 15 दिन से नहीं मिल रहा पीने के लिए पानी निजी टैंकरों से खरीदना पड़ रहा है सायरा में ट्यूबवेल लगा है इससे पानी की सप्लाई वार्ड नंबर 1 में की जाती है एक ट्यूबवेल सुकवारा बाजार में लगा है लेकिन इसका पानी पीने के योग नहीं है पानी निजी टैंकरों से खरीदना पड़ता है नल चलने वाले कर्मचारी ने बताया कि पानी की मोटर में खराबी आ जाने से नल नहीं खुल रहे पीने के पानी के हलात गर्मियों के जैसे ठंड के दिनों में उत्पन्न हो चले हैं पीने के पानी के लाले पड़ गए हैं गौरतलब यह है कि ट्यूबवेल की मोटर खराब होने पर नलों से पानी सप्लाई बंद हो जाती है मोटर सुधार 1 दिन में किस कारण से नहीं हो पता 15 दिन लग जाते है।

नीलामी के बाद जनपद पंचायत ने नहीं ली सुध, शॉपिंग परिसर में असामाजिक तत्वों का अड्डा–शराब की बोतलों से अटी पड़ी सीढ़ियां

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स अव्यवस्था का शिकार, व्यापारी कर रहा है इंतजार की उसमें कब हो सुविधाएं

आचरण संवाददाता



**जैसीनगर।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत विधानसभा क्षेत्र में भरपूर निर्माण कार्य करवाते हैं लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों के मॉनीटरिंग के अभाव में निर्माण कार्य होते तो है लेकिन सही समय पर कभी नहीं होते और ना ही सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं होता है। इसका ताजा उदाहरण जनपद पंचायत जैसीनगर द्वारा लगभग 1.49 करोड़ रुपए की लागत से बना गोविंद कॉम्प्लेक्स है। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा 34 दुकानों के निर्माण के लिए साल 2021-22 में इसके निर्माण कार्य की शुरुआत हुई और वर्ष 2023 में इसका लोकार्पण किया गया। 2 साल बीतने के बाद जुलाई 2025 में दुकानों की नीलामी की गई लेकिन अब यह गोविंद कॉम्प्लेक्स लापरवाही और बदइंतज़ामी का उदाहरण बन चुका है। वर्ष 2023 में लोकार्पित यह भवन दो साल तक यूं ही पड़ा रहा और आखिरकार जुलाई 2025 में 22 दुकानों की नीलामी की गई। इनमें से 19 दुकानदारों ने 60 लाख 79 हजार रुपए की भारी राशि जमा कर दी, लेकिन आज तक दुकानें शुरू नहीं कर पाए, कारण-परिसर में पानी नहीं, बिजली नहीं, साफ-सफाई नहीं और सुरक्षा का नामोनिशान नहीं हैं।

**दुकानदार ठगा महसूस कर रहे, लाखों रुपए जमा, दुकानें वीरानः** नीलामी में मोटी रकम लगाकर दुकान पाने वाले व्यापारी आज बेहद मायूस हैं। दुकानों को हैंडओवर तो कर दिया गया है, मगर उनमें न बिजली कनेक्शन, न पानी की व्यवस्था, न सुरक्षा गार्ड और न ही परिसर की नियमित सफ़ाई। दुकानें खोलने की बजाय व्यापारी मजबूर होकर बंद शटरों को ही घूरते रह गए हैं। दुकानदारों का कहना है-जनपद पंचायत ने पैसा ले लिया, लेकिन फिर कभी मुड़कर नहीं देखा। हम दुकानदारों ने लोन लेकर रकम जमा की, लेकिन दुकान चलाना तो दूर, अंदर खड़ा होना भी सुरक्षित नहीं है।

**फोर व्हीलर की अवैध पार्किंग, शराब की बोतलों का ढेर, टूटे शटरः** जब हमारी टीम मौके पर पहुंची तो स्थिति हैरान करने वाली थी। कॉम्प्लेक्स के बाहर अवैध पार्किंग में खड़ी कई फोर व्हीलर गाड़ियों ने रास्ता जाम कर रखा था। सीढ़ियों से ऊपर जाते ही शराब की खाली बोतलों का ढेर नज़र आया। दीवारों पर अश्लील व गंदे स्लोगन लिखे हुए थे।कई दुकानों में लाइट फिटिंग बोर्ड उखाड़ दिए गए, टाइल्स टूटकर बिखरी थीं।कुछ जगहों पर शटरों को नुकसान पहुंचाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही यह जगह असामाजिक तत्वों का मुख्य अड्डा बन जाती है।

**2 साल पहले बस स्टैंड बनकर तैयार, लोकार्पण का इंतजार, काँच फूटेः** शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के ठीक बगल में 2 करोड़ रुपए की लागत से बना नई बस स्टैंड बिल्डिंग दो साल से बंद पड़ी है। ना लोकार्पण, ना संचालन। मौके पर देखा गया। प्रतीक्षालय के काँच असामाजिक तत्वों ने फोड़ दिए। कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कहीं-कहीं प्लास्टर उखड़ने लगा है। दुकानदारों का कहना है कि यदि बस स्टैंड शुरू हो जाए तो दुकानों में ग्राहकी बढ़ेगी और पूरा इलाका विकसित होगा। लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। बसें अभी भी शासकीय स्कूल के सामने ही रुकती हैं, जिससे विद्यालय के बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित होती है।

**दुकानदारों की मीटिंग बुलाकर समस्याएँ दूर करेंगेः सीईओ श्रीराम सोनीः** जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीराम सोनी ने कहा-दुकानें दुकानदारों को हैंडओवर की जा चुकी हैं। उन्होंने दुकान क्यों नहीं खोली, यह समझने के लिए बैठक बुलाई जाएगी। जो भी समस्याएं हैं, उन्हें शीघ्र दूर किया जाएगा।

**अब तुरंत कार्रवाई होगी- जनपद अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूतः** जिला जनपद अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा-यह समस्या मीडिया द्वारा संज्ञान में लाई गई है। संबंधित सभी कमियाँ जल्द दूर की जाएंगी। जो दुकानें नीलामी से बची हैं, उनकी नीलामी भी शीघ्र कराई जाएगी।

**दुकानदारों की पीड़ा और जनता के सवालः** जनपद पंचायत पर बड़ा सवाल यह है कि 19 दुकान तो नीलाम हो गई जिसका लगभग 61 लाख रुपए जनपद पंचायत के बचत खाते में जमा है अगर देखा जाए तो जनपद पंचायत को तकरीबन 13 हज़ार रुपए प्रति महीने के लगभग ब्याज के तौर पर जरूर प्राप्त हो रहे हैं लेकिन शेष दुकानों की अभी तक नीलामी हुई और ना ही एक भी दुकान खुल पाई। जब करोड़ों की लागत से निर्माण कराया, तो देखरेख क्यों नहीं? जब लाखों रुपए वसूल लिए, तो पानी-बिजली जैसी बेसिक सुविधाएँ क्यों नहीं? बस स्टैंड दो साल से बंद क्यों पड़ा है? स्थानीय व्यापारी और नागरिक मांग कर रहे हैं कि प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप करे और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व बस स्टैंड को पटरी पर लाए, ताकि व्यापार शुरू हो सके और क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ सकें।

## सांदीपनि विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन

**रहली, आचरण।** समग्र शिक्षा अभियान सेकेंड्री एजुकेशन की योजना अंतर्गत रहली विकासखंड के सौ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन जबलपुर एवं जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर का भ्रमण करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना उदित नारायण पुराणी, अनंत तिवारी, सुमित पाराशर, स्वागत गीत प्रशांत नामदेव एवं प्राइमरी विंग की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों के कैरियर मार्गदर्शन हेतु सहायक संचालक लोक शिक्षण रहली स्वाति दुबे, जनपद पंचायत सीईओ आकाश जैन चांदपुर,



सहायक संचालक वित्त सेवा अर्पित जैन चांदपुर, डॉ. बृजेश शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर आकांक्षा पटेल, डॉक्टर गजेंद्र सिंह, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार पचौरी, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर प्राचार्य श्यामाचरण कुर्मी ने उद्बोधन दिया। मंच संचालन शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर, आभार प्रदर्शन कमलेश चौबे ने व्यक्त किया। भ्रमण दल के सभी विद्यार्थियों के टीम लीडर्स द्वारा यात्रा का प्रजेंटेशन दिया गया। जिसमें मोक्ष जैन को प्रथम स्थान, कुमारी राजुल दुबे को द्वितीय स्थान एवं दिनेश गौंड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, ग्रुप लीडर्स सहित ग्रुप के सभी सदस्यों को शील्ड एवं पारितोषक एवं भ्रमण दल के समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में विजय सिंह राजपूत, मनीष कुमार जैन, कमलेश दुबे, नीरज नेमा, शिवशंकर रैकवार, अनुज पटेल, राजकिशोर कुर्मी, सरला भलावी, संतोष जैन, प्रियंका स्वर्णकार, शैलेंद्र जैन, यशी पटेरिया, नीरज प्रजापति, प्रवीण सिंघई, सोमेश तिवारी, शाश्वत तिवारी, अमित पचौरी, राहुल साहू, शालिनी दुबे, राज दुबे उपस्थित थे।

## मुनि संघ का 31 वर्षों बाद हुआ पदार्पण



**राहतगढ़, आचरण।** पंचकल्याणक के बाद भावना योग प्रवर्तक पूज्य मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज ससंघ का प्रातः काल पड़रई के चलकर जैसीनगर की ओर विहार हुआ। सुबह-सुबह सकल जैन समाज ने गाजे बाजे के साथ मुनि संघ की आगवानी की ततउपरांत मुनि श्री की मंगल देशना का लाभ सकल समाज को प्राप्त हुआ इसके उपरांत आहारचर्या सम्पन हुई। दोपहर में सामयिक उपरांत शंका समाधान का विशेष सत्र आयोजित किया गया। पूर्व बिधायक सुनील जैन नें जैसीनगर पहुंचकर मुनिश्री का आशीर्वाद लिया।

## होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया

आचरण संवाददाता

**अशोकनगर।** शनिवार को डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड की जिला कार्यालय में होमगार्ड नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस हर्ष-उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मारूफ कैंप में स्थित जिला कार्यालय में मनाया गया। जिसमें एडीएम डीएन सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में संदेश वाचन किया गया। इसके पश्चात होमगार्ड मुख्यालय की निर्देशानुसार परेड में पहली बार सिविल डिफेंस स्वयं सेवकों का प्लाटून सम्मान किया गया। कार्यक्रम में होमगार्ड परिवार एवं एसडीआरएफ द्वारा किए गए। महत्वपूर्ण बचाव कार्यों के बारे में जानकारी दी गई और होमगार्ड परिवार के मेधावी छात्रों को राशि से पुरस्कृत किया गया। रेस्क्यू कार्य में अदम्य साहस द्वारा किए गए बचाव कार्यों के लिए जवानों को प्रमाण पत्र से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा आपदा प्रबंधन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। समारोह के दूसरे भाग में होमगार्ड परिवार के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी विवेक शर्मा, रक्षित निरीक्षक, विधि महाविद्यालय की प्राचार्य गरिमा राठौर सहित स्वयंसेवी की संस्थाओं के प्रतिनिधि और छात्राएं उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला कमांडेंट राघवेंद्र शर्मा द्वारा दी गई।

## ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न

**अशोकनगर, आचरण।** जनपद पंचायत सभाकक्ष ईसागढ़ में प्रबंधक लीड बैंक राजीव राय एवं अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ की सह अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आनंदी प्रसाद प्रजापति मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईसागढ़, राजाराम वर्मा निदेशक एसबीआई आरसेटी विभाग एवं ईसागढ़ ब्लॉक के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधक व शासकीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में समस्त बैंकों की ओर से लीड बैंक प्रबंधक द्वारा समस्त शासकीय योजना में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने का आश्वासन दिया गया। जनपद पंचायत सीईओ आनंदी प्रसाद प्रजापति द्वारा समस्त बैंकों को दिए कि समस्त शासकीय योजना में लंबित ऋण प्रकरणों को स्वीकृत कर अतिशीघ्र वितरित करना सुनिश्चित करें। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, एनआरएलएम, अनुसूचित जाति विभाग की प्रगति संतोषजनक न होने पर सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि 15 दिसंबर 2025 तक शासकीय योजनाओं में अधिक से अधिक ऋण प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत करने के निर्देश शासकीय विभागों को दिए गए। बैठक के अंत में राजीव राय लीड बैंक प्रबंधक द्वारा लंबित ऋण प्रकरणों जल्द निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया।

## संत अल्फोंसा अकैडमी के विद्यार्थियों ने भोपाल-सांची का शैक्षणिक भ्रमण किया

**गढ़ाकोटा, आचरण।** संत अल्फोंसा अकैडमी द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व practically learning को प्रोत्साहित करने हेतु एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को राजधानी भोपाल एवं विश्व धरोहर स्थल सांची का अवलोकन कराया गया। इस यात्रा ने विद्यार्थियों को मनोरंजन के साथ-साथ इतिहास, राजनीति एवं संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया। विधानसभा भवन में बच्चों ने समझी लोकतंत्र की संरचना यात्रा का पहला पड़ाव मध्य प्रदेश विधानसभा रहा। यहाँ विद्यार्थियों ने सदन का भव्य परिसर देखा तथा विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। बच्चों को सदन के भीतर बैठने, विभिन्न कक्षों का अवलोकन करने एवं विधानसभा से जुड़े शिष्टाचार से रूबरू कराया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव से छात्रों की मुलाकात विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने उनके साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत की और स्मारिका स्वरूप समूह फोटो भी खिचवाए।



**फन सिटी वॉटर पार्क में भरपूर मनोरंजनः** भ्रमण के अगले चरण में बच्चों को फन सिटी वॉटर पार्क ले जाया गया। यहाँ विद्यार्थियों ने वाटर स्लाइड्स, बेव पूल तथा अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आनंद उठाया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी देखने योग्य थी। मनोरंजन के उपरांत सभी विद्यार्थियों को स्वच्छ व पौष्टिक स्वल्पाहार प्रदान किया गया।

**सांची स्तूपः** इतिहास और पुरातत्व से साक्षात्कार यात्रा के अंतिम पड़ाव सांची में विद्यार्थियों ने भारत की प्राचीन बौद्ध विरासत को करीब से जाना। सांची संग्रहालय में प्रदर्शित 3D फ़िल्म ने बच्चों को बौद्ध स्तूपों के निर्माण, सम्राट अशोक की भूमिका, बौद्ध कला एवं स्थापत्य की विशेषताओं से परिचित कराया। मनोरंजक प्रस्तुति के साथ प्रस्तुत ऐतिहासिक तथ्यों ने विद्यार्थियों को अत्यंत प्रभावित किया और उन्होंने भारतीय इतिहास एवं सांस्कृतिक धरोहर के प्रति नई जिज्ञासा व्यक्त की।

## ब्लॉक कांग्रेस ने बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**खुरई, आचरण।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुरई द्वारा अध्यक्ष एड. शाकिर खान के नेतृत्व में संबिधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि (महापरिनिर्वाण दिवस) पर खुरई में बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर केंडिल प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर खुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एड. शाकिर खान ने बाबा साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालकर कहा कि बाबा साहब का जीवन एवं विचार सबके लिये प्रेरणादायक है। उन्होंने पिछड़े और कमज़ोर वर्ग के लोगों के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया। संविधान का निर्माण कर हर वर्ग को अधिकार देने व लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मज़बूत करने का काम किया। बाबा साहब ने हमारे अधिकारों की रक्षा के लिए सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। उनके इस महान योगदान के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम इस संविधान की रक्षा करें और उनके आदर्शों को जीवित रखें। राजेंद्र प्रसाद दुबे, आशु भाईजान एवं चंद्रशेखर मेशन ने



संबोधित कर संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई सभी को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर ब्लॉक अध्यक्ष एड. शाकिर खान, प्रदेश प्रतिनिधि आशु भाईजान, घनश्याम साहू, एड. चंद्रशेखर मेशन, लक्ष्मीकांत ताम्रकार, सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष नवल सेन, देवेन्द्र रघुवंशी, बादल सिंह ठाकुर, रामचरण अहिरवार, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष अमित लोधी एवं रामबाबू अहिरवार सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं उनके बताएं मार्ग पर चलने की शपथ ली।

**धर्म**

मंगल विहार के दौरान मुनिश्री प्रमाण सागर ने कहा-

# मनुष्य के विनाश का कारण बनती हैं लालसाएंः मुनिश्री

आचरण संवाददाता

**जैसीनगर।** 'मनुष्य' की ज्यों ज्यों उम्र बढ़ती है, उसकी समझ और अनुभव भी बढ़ना चाहिए और जीवन में निखार आना चाहिये लेकिन उम्र पक जाने के बाद भी लोगों के भीतर जो आध्यात्मिक चेतना जगना चाहिये वह बहूत कम दिखती है' उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने जैसीनगर मंगलविहार के दौरान व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि ज्यों ज्यों मनुष्य की उम्र बढ़ती है, त्यों त्यों उसकी लालसाएं बढ़ती जाती है, और यही मनुष्य के विनाश का कारण बनती है, गुरुदेव ने मनुष्य की इन्हीं मनोवृत्तिओं को ध्यान में रखते हुये हायकू के माध्यम से बहुत गहरा संदेश दिया है। 'सिर पे चांद अच्छा निकल आया सूर्य न ऊगा' अर्थात सिर से बाल तो सफाचट हो गये लेकिन अभी भी तुम्हारे अंदर ज्ञान का सूर्य



नहीं ऊगा अपने जीवन की सही समझ विकसित नहीं हुई तो इस मनुष्य जीवन को पाकर के आखिर तुमने क्या पाया? उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन कोई साधारण सी बात नहीं है यह बहुत ही दुर्लभ संयोग है इसके एक एक पल का सदुपयोग होना चाहिये, लेकिन मनुष्य जीवन पाकर के जो करने योग्य है उससे दूर रहता है, संत कहते है कि यह जीवन निकल जाऐ उसके पहले ज्ञान का सूर्य जगा लोगे तो जीवन आनंद के साथ निकल जाऐगा। मुनि श्री ने इसी संद्रभ में आचार्य श्री के दूसरे हायकू 'नाड़ हिलती, लार गिरती, किंतु तृष्णा युवति' पर विवेचना करते हुये कहा उम्र के इसी पड़ाव में 'नाड़ हिलती मूंह से लार गिनने लगी है फिर भी तृष्णा जबान बनी हुई है' उन्होंने चार बातें 'राग, आग, जाग, त्याग' मुनि श्री ने कहा कि 'हर मनुष्य के जीवन में राग की आग है' और इसी राग के कारण भोगा शक्ति पनपती है, तथा मृगमरीचिका में उलझा रहता है, तथा सर्वर्स स्वाहा करता है मुनि श्री ने कहा कि अपने अपने अंदर झांक कर देखो कि 'संसार शरीर और भोगों से राग बड़ा है या घटा है? यह अपने मन से पूंछो और यदि भोगों से राग बढ़ा है तो सुख में वृद्धि होना चाहिये, लेकिन सुख और घट गया मुनि श्री ने कहा कि यह राग की आग है जो हर प्राणी को अंदर तक झुलसा रही है, फिर भी उस आग को समझना ही नहीं चाहता' मुनि श्री ने कहा कि यह राग की आग है जो हमारी चेतना को नष्ट करने वाली है, बहुत विरले लोग होते है जो राग की इस आग से और अपने आपको बचाकर अपने जीवन का कल्याण करते है। मुनि श्री ने कहा कि अपनी उम्र के साथ-साथ भोगों की इच्छा शक्ति पर लगाम लगायें उन्होंने कहा कि अच्छे-अच्छे उम्र दराज लोगों को देखा है उनकी विषय लालसा और भोग आशक्ति बढ़ती ही जाती है, जबकि घटना चाहिये लेकिन पूज्य गुरुदेव कहते है कि 'नाड़ हिलती, लार गिरती किंतु तृष्णा युवती' 'शरीर में सत्व नहीं है, करने की क्षमता नहीं है, फिर भी विषया शक्ति नहीं घटती' मुनि श्री ने कहा कि मन की चाह जबान है? यह कितना बड़ा अज्ञान है पूज्य गुरुदेव ने व्यंग्य पूर्ण संदेश देकर कहा है कि यदि अभी नहीं चेते तो कब चेतोंगे? शरीर जर जर हो गया सिर के बाल सफेद मुख की बत्तीसी निकल गई फिर भी अपनी चाहना को रोक नहीं पा रहे इसीलिये आग में झुलस रहे है मुनि श्री ने उदाहरण देते हुये कहा कि हमारे पास 88 साल के बुजुर्ग दंपत्ति आये तो उनकी धर्मपत्नी ने कहा कि महाराज जी इनको वृह्मचर्य वृत दे दो जब मैंने उनकी ओर देखा तो बोले महाराज जी अभ्यास कर रहे है, अब बताओ अभी अभ्यास करेंगे तो क्या परलोक में जाकर पालेंगे? मुनि श्री ने कहा कि जो व्यक्ति जबानी में नहीं सम्हलते उनका बुड़ापा बहुत बिगड़ा हुआ होता है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया प्रातःकाल जेसीनगर में मुनिसंघ की भव्य मंगल अगवानी की गई। मुनिसंघ ने भव्य जिनालय के दर्शन किये एवं धर्मसभा एवं आहार चर्या संपन्न हुई तथा मध्यान्ह में शंकासमाधान संपन्न हुआ।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि

आचरण संवाददाता

**बंडा।** भारतीय जनता पार्टी बंडा मंडल द्वारा अंबेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार अंबेडकर जी ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसंबर पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने पूरा जीवन दलितों, शोषितों और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग व महिलाओं के अधिकारों का



समर्थन किया। दलितों के मसीहा अंबेडकर महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद व अर्थशास्त्री भी थे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव राज कुकरेले, जहर सिंह, बमूरा मंडल अध्यक्ष रूपेश रोशन खरे, महेंद्र जैन भूसा, मंगल सिंह राजपूत, राकेश जैन बमना, राजेश जैन महावीर, उमेश जैन पटरी, पन्ना पार्षद, अशोक राय, महेंद्र सिंह महूना, कृष्णा सिंह, भैयाराम भरतपुर पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आजीविका मिशन की मदद से आत्मनिर्भर बनी रेखाबाई

**रायसेन,आचरण।** महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं तथा कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्व-सहायता समूहों से जुड़ी अनेक महिलाएं आज सफल उद्यमी हैं तथा परिवार की उन्नति में योगदान दे रही हैं। रायसेन जिले के बाड़ी विकासखण्ड के ग्राम चोराकमरोरा निवासी श्रीमती रेखाबाई द्वारा आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद साड़ी विक्रय की दुकान शुरू की गई, जिससे उन्हें लगभग डेढ़ लाख रू की वार्षिक आय हो रही है। श्रीमती रेखाबाई ने बताया कि पहले परिवार पूर्णतः खेती पर ही निर्भर था, लेकिन सिंचाई के साधन नहीं होने से फसल बहुत कम होती थी। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद वह उन्नत कृषि का प्रशिक्षण प्राप्त किया और उसी के अनुसार खेती करना शुरू की। जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई। इसके बाद उन्होंने आजीविका मिशन के उद्देश्य को साकार करते हुए समूह से ऋण लेकर साड़ी की दुकान प्रारंभ की। शुरू-शुरू में बिक्री कम होती थी, लेकिन अब उन्हें अच्छी आय हो जाती है।

### शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने की रेस्टोरेंट की जांच

**विदिशा,आचरण।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन में अशोक मसाला डोसा, ईदगाह चौराहा विदिशा की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसको संज्ञान में लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन ई पन्ना द्वारा अशोक मसाला डोसा रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार बघेल भी मौजूद रहे। निरीक्षण के समय रेस्टोरेंट के किचिन में साफ-सफाई नहीं पाई गई। जिसके संबंध में रेस्टोरेंट संचालक को साफ सफाई करने के सख्त निर्देश देते हुए नोटिस दिए जा रहे है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य पदार्थ इडली तथा टमाटर की चटनी के नमूने जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए।

### नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु आयोजित हुई बैठक

**विदिशा,आचरण।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के दिशा निर्देश अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा शेख सलीम के मार्गदर्शन में विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा की अध्यक्षता में एवं मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण न्यायाधीश राजेश शर्मा, श्री कंचन सक्सेना एवं समस्त इंश्योरेंस (बीमा) कंपनी के अधिवक्तागण की उपस्थिति में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु आज मंगलवार को बैठक का आयोजन जिला न्यायालय परिसर के सभागार विदिशा में किया गया। बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण एवं आवेदकों के अधिवक्तागण से अधिक से अधिक प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निराकृत करने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

### एसआईआर फॉर्म के लिए विधायक टंडन ने किया जनसंपर्क

**विदिशा,आचरण।** एसआईआर फॉर्म भरने के लिए विधायक मुकेश ने वार्ड नंबर 23 में सावरकर बाल बिहार, स्वर्णकार कॉलोनी, निकासा, गुरुद्वारा, गोयल धर्मशाला एवं फल सब्जी मंडी के क्षेत्रों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लोगों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत फॉर्म भरने की अपील जनता से की, क्योंकि यह कार्य बहुत महत्वपूर्ण है सभी लोग इसको आवश्यक रूप से करें, क्योंकि एक बार मतदाता सूची में नाम कट जाने से कई परेशानी को सामना करना पड़ सकता है। सभी लोग अपने एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों के फार्म भर कर अतिशीघ्र जमा कर दे अगर कोई परेशानी होती है या कुछ समझ नहीं आता तो आप बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

### अहिरवार समाज ने मनाया बाबा साहब का परिनिवीण दिवस

**पठारी,आचरण।** नगर के अहिरवार समाज संघ ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर का परिनिवीण दिवस मनाया गया। बाबा साहब की प्रतिमा रखकर फूल मालाएं चढ़ाई गई। वंदना की गई कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अहिरवार समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष आरती चौधरी ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में कमजोर, दलित, शोषित पीड़ित नारी सम्मान में महिलाओं को पुरुष की बराबरी का दर्जा हर क्षेत्र में मिला है। यह बाबा साहब ने दिलाया है। कार्यक्रम में तेजसिंह अहिरवार ने कहा कि बाबा साहब ने कानूनी पढ़ाई करके सब को बराबर का अधिकार दिलाया है।

**छीरखेड़ा सोंथर मार्ग हुआ स्वीकृतः विदिशा।** विधायक मुकेश टंडन की मांग पर राज्य शासन ने अनुपूरक बजट 2025 26 में विदिशा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छीरखेड़ा से ग्राम सौंथर तक तीन किलोमीटर मार्ग के निर्माण के लिए आवश्यक राशि 2 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति अनुपूरक बजट में दी है।

## सलामतपुर के सरकारी स्कूल में आयोजित किया कार्यक्रम

# बाल विवाह रोकने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक, कई बच्चे व महिलाएं हुईं शामिल

आचरण संवाददाता



**रायसेन।** बाल विवाह आज भी समाज में व्याप्त एक गंभीर समस्या है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य को गहरा आघात पहुंचाती है। इसे समाप्त करने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में एक प्रभावशाली कदम उठाते हुए एसओएस के परिवार सशक्तिकरण के माध्यम से ग्राम सलामतपुर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 300 बच्चें व 100 महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम के विषय में जानकारी दी गई एवं कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एक संदेश देने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में संजय सिंह बचपन एनजीओ, वंदना जी, सुनारी सरपंच प्रतिनिधि शेरसिंह राजपूत एवं अक्षय गोयल प्रिंसिपल सरकारी स्कूल, एसओएस संस्था से प्रमेन्द्र तिवारी, स्वप्निल जगताप एवं अब्दुल सलीम मौजूद थे। कार्यक्रम में अधिकारी ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर कहा कि यह प्रथा न केवल बच्चों के विकास में बाधा उत्पन्न करती है, बल्कि उन्हें उनके अधिकारों से भी वंचित कर देती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। शपथ ग्रहण समारोह में अधकारियों ने बाल विवाह निषेध अधिनियम का सख्ती से पालन करने और इसके खिलाफ समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही, उन्होंने यह वादा किया कि संदिग्ध मामलों की जानकारी मिलने पर वे तुरंत कार्रवाई करेंगे और जरूरतमंद परिवारों को उचित सहायता प्रदान करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि यह सिर्फ एक शपथ नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प है। उन्होंने युवाओं और समुदायों से इस मुहिम में शामिल होकर बाल विवाह रोकने के अभियान को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि सभी मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगे, तो इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। अभियान के तहत, आने वाले दिनों में विभिन्न गांवों और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाएगी और बाल विवाह रोकने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर व शिकायत केंद्रों की जानकारी साझा की जाएगी।

## डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

आचरण संवाददाता

**विदिशा।**जिला कांग्रेस कमेटी और सेवा दल कांग्रेस द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा डॉ. अंबेडकर ने देश को आधुनिक भारत का मार्ग दिखाने वाला संविधान दिया। उनकी सोच, संघर्ष और सामाजिक समरसता के लिए किए गए प्रयास आज भी हमें समानता और न्याय की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कांग्रेस पार्टी उनके आदर्शों पर चलने के लिए संकल्पित है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा बाबासाहेब ने महिलाओं को समान अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनकी पुण्यतिथि पर हम शिक्षा, सम्मान और महिलाओं की समान भागीदारी के लिए निरंतर संघर्ष का संकल्प लेते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणधीर सिंह ठाकुर ने कहा अंबेडकर का जीवन त्याग, तपस्या और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान को समर्पित था। उनकी सीख हमें लोकतंत्र की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए हमेशा प्रेरित करती है। कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा डॉ. अंबेडकर की विचारधारा हर भारतीय के लिए मार्गदर्शक है। उनकी पुण्यतिथि पर हम संविधान की मूल भावना–समानता, अधिकार, न्याय और भाईचारे– की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने किया और आभार सेवा दल के मुख्य संगठन राम राय डांगी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुशील शर्मा, अर्पित उपाध्याय, रवि साहू, नवनीत कुशवाहा, पर्वत सिंह, आशा राजपूत, राजकुमार पासी, वैभव भारद्वाज, जवाहर सिंह कुशवाहा, अवधेश दुबे, संगीता जी, महेश पाल, कोमल जाटव, सचिन भावसार, मनोज खींची, गोविंद भार्गव, राहुल रघुवंशी, शैलेंद्र रघुवंशी, शिवांक लोधी, मयंक शर्मा मौजूद थे।

## स्थापना दिवस पर परेड व सम्मान समारोह आयोजित किया गया

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** सागर रोड स्थित होम गार्ड ग्राउंड पर शनिवार को होमगार्ड का 79वां और नागरिक सुरक्षा संगठन का 63 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी सम्मिलित हुए उन्होंने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि वीरता, अनुशासन और सेवा-भावना की इस गौरवशाली परंपरा सुरक्षा व्यवस्था में होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा बलों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन, बचाव कार्य, कानून-व्यवस्था तथा जनसेवा में इनकी उत्कृष्ट सेवाएँ अनुकरणीय हैं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं जवानों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने एसडीआरएफ के अत्याधुनिक उपकरणों एवं राहत-उद्धार संसाधनों का अवलोकन कर उनकी कार्यप्रणाली एवं तत्परता की सराहना की। संदीपानी स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह में जवानों को सम्मानित किया गया।

## रुक्मिणी के बगैर श्री कृष्ण अधूरेः प्रियंका किशोरी

आचरण संवाददाता



**पठारी।** नगर के फॉर्म चौराहा शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक श्री वृंदावन धाम से पधारी प्रियंका किशोरी ने कहा कि रुक्मिणी का दूसरा नाम कृष्णातिमका है अर्थात जो श्री कृष्ण के हृदय में वास करती हैं। देवी रुक्मिणी महालक्ष्मी होने के साथ-साथ प्रेम भक्ति साहस और दया की भी देवी हैं। उनका नाम मानिनी मणि भी है अर्थात सभी महिलाओं में से वह बहूमूल्य मणि है। उन्होंने बताया कि वह महालक्ष्मी का अवतार है और श्री कृष्णा नारायण का नारायण लक्ष्मी के बिना अधूरे हैं। जहां लक्ष्मी का वास नहीं वहां नारायण का भी वास नहीं, इसीलिए हम नारायण को श्रीनारायण कहते है। श्री अर्थात लक्ष्मी अगर माता सीता राम के नाम का श्री है, ठीक उसी प्रकार माता रुक्मिणी भी कृष्ण के नाम का श्री है। रुक्मिणी के कारण से हम कृष्णा को श्रीकृष्णा पुकारते है प्रियंका किशोरी जी ने कहा कि सुखदेव जी कहते है कि राजा कंश को घर के दरवाजों पर पर्दो पर यहां तक कि दासियों की आंखों में लगे काजल पर भी श्रीकृष्ण के दर्शन हो रहे थे। उन्होंने कहा कि कहते है कि सच तो यही है जब प्रभु की कृपा भक्त पर होती है तो जहां जहां भक्त की नजर जाती है। वही वही प्रभु पहुंचकर दर्शन देते हैं। कंस अज्ञानता बस यह समझ नहीं पाया और उसने अक्रूर जी से कहा कि तुम मेरे भांजों श्री कृष्णा और बलराम को धनुष यज्ञ देखने हेतु वृंदावन से मथुरा लेकर आओ अक्रूर जी आज्ञा का पालन करते हुए रथ को लेकर वृंदावन के लिए प्रस्थान किया।

## संस्कार केंद्र के बच्चों को यमुना सेवा ट्रस्ट ने ओढ़ाया स्नेह का ऊनी आंचल

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** सर्द हवाओं के बीच बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और मन में अपनापन जगाने वाला एक हृदयस्पर्शी दृश्य संस्कार केंद्र में देखने को मिला। यमुना सेवा ट्रस्ट विदिशा द्वारा सेवा कार्यों की सतत श्रंखला में 250 बच्चों को गर्म ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। यह सेवा-उपक्रम वरिष्ठ समाजसेवी एवं ट्रस्टी विठ्ठलदास डांगरा के जन्मदिवस को समर्पित रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्यभारत प्रांत की प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. किरण शेजवार रहीं। विशेष अतिथि के रूप में अपनाघर आश्रम के सचिव जी.एस. चौहान तथा विदिशा विभाग के समन्वयक राजेश भार्गव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के समाजसेवी मिथिलेश सोनी ने की।अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ जब कार्यक्रम आरंभ हुआ, तो वातावरण सेवा, संस्कार और करुणा की सुगंध से भर उठा।अपने उद्बोधन में डॉ. किरण शेजवार ने कहा कि सेवा भारती केवल वस्त्र नहीं बाँटती, यह संस्कारों का बीज रोपती है। संस्कारित और सशक्त समाज की नींव इन्हीं मासूम हाथों में है।विशेष अतिथि जी.एस. चौहान और दीदी सरिता शर्मा ने भी बच्चों को आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भावना से जुड़े मंत्र देकर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला समिति के कोषाध्यक्ष कमलेश तिवारी, उपाध्यक्ष नारायण कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## गोलू के लिए मुनगा की खेती बनी लाभ का धंधा, कमा रहे अच्छा लाभ

आचरण संवाददाता

**बेगमगंज।** ग्राम बेरखेड़ी ब.ग. के उन्नशील कृषक गोलू साहू पिता पन्ना लाल साहू ने इस वर्ष पारंपरिक खेती से हटकर अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से मुनगा (सहजन) की ओडीसी 3 वैरायटी की आधुनिक तकनीक से खेती शुरू की है। जो उनके लिए लाभ का धंधा बन गई है। उन्होंने 3 एकड़ में ड्रिप सिंचाई के साथ लगभग 2800 पौधों का रोपण किया है। गोलू साहू का कहना है कि गेहूं,चना जैसी पारंपरिक फसलों में लगातार आर्थिक लाभ कम मिलने के कारण उन्होंने इस वर्ष उद्यान विभाग के अधिकारी देवकी मरकाम, उमा शंकर कुशवाहा तथा उन्नतशील कृषक सुरेंद्र कुशवाहा भुरेरू के मार्गदर्शन में नई तकनीक अपनाने का निर्णय लिया। ओ.डी.सी.3 वेरायटी की खासियत पौधों में केवल 6 महीने में फूल एवं फल आना शुरू हो जाता है। इस वैरायटी के मुनगा की पत्तियां भी अच्छे दामों में बिकती हैं, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त होती है। इस प्रकार गोलू साहू द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल उन्नत एवं लाभकारी कृषि की दिशा में प्रेरणादायक है, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी एक सफल उदाहरण सिद्ध हो रहा है।

## पेट्रोल टैंक पर कार में पेट्रोल डलवाया और बिना रुपये दिए ही भागे तीन युवक, 3 बाइकों में मारी टक्कर

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** सलामतपुर फ्यूल स्टेशन पेट्रोल टैंक पर देर रात कार सवार 3 युवकों ने शराब के नशे में बहुत उत्पात मचाया और टैंक कर्मचारियों के साथ काफी बहस भी की और उन्होंने अपनी कार में पांच सौ रूपये का पेट्रोल भरवाया और बिना रुपये दिए ही मौके से विदिशा की और भाग निकले। भागने के दौरान पेट्रोल कर्मचारियों ने कार एमपी 04 टीबी 4651 का पीछा भी किया, लेकिन कार चालक तेज़ी में भाग गया। भागते समय कार चालक ने 2 से 3 मोटरसाइकिलों में टक्कर भी मार दी। बताया जा रहा है कार भोपाल से विदिशा की और जा रही थी। भागते समय कार चालक में अम्बाडी गांव जा रहे तालिब मंसूरी की मोटरसाइकिल में भी टक्कर मार दी। जिससे युवक के हाथ पैर में चोट आ गई और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। पेट्रोल टैंक संचालक और मोटरसाइकिल चालक ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। सलामतपुर फ्यूल स्टेशन के मैनेजर गुप्ता ने बताया कि उनके टैंक मालिक ने आरोपियों की पहचान कर ली थी। उनके पिता ने पांच सौ रुपये फोन पे के माध्यम से वापस कर दिए हैं और यह भी पता चला है कि तीनों ही युवकों ने गुलाबगंज तक कई वाहनों में टक्कर मारी थी। जिससे हुंडई ओरा कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। सलामतपुर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## गेहूं की फसल में जड़माहू रोग नियंत्रण हेतु किसानों को सलाह

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** कृषि विभाग द्वारा गेहूं की फसल में जड़माहू नामक कीट के प्रकोप के नियंत्रण हेतु किसानों को सलाह दी गई है। जड़माहू नामक कीट गेहूं की फसल की जड़ों पर कॉलोनी बनाकर पौधे का रस चूसता है। यह कीट मिट्टी की सतह के नीचे पाया जाता है, इसलिए इसकी पहचान करना कठिन होता है। यह पौधों की प्रारंभिक वृद्धि पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। पौधा पीला होकर सूख जाता है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि कम प्रकोप की स्थिति में यदि जड़माहू का प्रकोप कम है, तो किसान प्रभावित पौधों को जड़ सहित निकालकर नष्ट कर सकते हैं। अधिक प्रकोप की स्थिति में यदि प्रकोप अधिक हो, तो कीटनाशकों का उपयोग पानी में घोल बनाकर करें।

## आयोजन

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा कार्यक्रम हुआ

# सच्चे हृदय से वृद्धजनों की सेवा करते हैं तो ईश्वर का आशीर्वाद मिल जाता हैः ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी

आचरण संवाददाता



**गंजबासौदा।**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा भारत माता कॉन्वेंट स्कूल में गौरवपूर्ण वृद्धअवस्था एवं सम्मानित जीवन अखिल भारतीय अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गयाँ ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि हम सभी एक परमात्मा की संतान आपस में भाई-बहन हैं। हमें धर्म, जाति भुलाकर आपस में एकता और भाईचारे के साथ रहना है। अभियान के तहत पूरे भारत में गांव-गांव, शहर- शहर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से लोगों को विश्व एकता और आपसी विश्वास का संदेश दिया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों का सशक्तिकरण पीढ़ियों के बीच सौहार्द एवं समझ को मजबूत करना समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान गरिमा एवं संवेदनशील के प्रति जागरूकता बढ़ाना। जब तक हम अपने अंदर के मनोविकारों को दूर नहीं करेंगे, इन पर विजय प्राप्त नहीं करेंगे, तब तक हमारे अंदर एकता और विश्वास नहीं आएगा। हमें पश्चिम की संस्कृति को छोड़कर सनातन संस्कृति को अपनाना है, जिसमें मुख्य रूप से सुबह जल्दी उठना और रात को जल्दी सोना है। साथ ही हमें अपने अंदर तीन बातों को भी धारण करना है सबको सम्मान देना है, सबका सहयोग करना है और सबको स्नेह देना है।उन्होने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की देवभूमि की विशिष्टता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाए रखने के लिए नागरिकों के आचरण, सद्गुणों और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण अनिवार्य है। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपनी भावना रखते हुए कहा कि जब हम अपने मन, वचन, कर्म या तन, मन, धन, से दूसरों को सुख पहुंचाते हैं तो वह कई गुना होकर हमारे ही पास लौटकर आता है,यह शाश्वत नियम है। सच्ची शक्ति इस बात में नहीं है कि हमारे पास क्या है, बल्कि इसमें है कि आत्मा अपनी चुनौतियों से ऊपर उठकर कैसे आत्मविश्वास बनाए रखती है। जब हम सच्चे हृदय से वृद्धजनों की सेवा करते हैं, तो ईश्वर की दिव्य आशीर्वाद से शांति और आनंद हमारे जीवन में स्वतः आ जाते हैं। नन्दनी बहन ने मेडिटेशन की परिभाषा देते हुए कहा कि शरीर और शरीर के संबंधों से कुछ देर के लिए अपने को अलग करना ही मेडिटेशन है और यह हमें सुबह शाम 5 मिनट जरूर करना है और बच्चों को भी सिखाना है। अंत में उन्होंने परमात्मा के विषय में कहा कि परमात्मा सत्य ज्ञान देता है, परमात्मा निराकार है और मैं आत्मा शांत स्वरूप हूँ, प्रेम स्वरूप हूं।

## आज शीतलधाम में वर्रो वाले बाबा की वेदी का शिलान्यास एवं विधान होगा

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** नगर के इष्ट देवता शीतलधाम में विराजित वर्रो वाले बाबा भगवान श्री आदिनाथ का नया मंदिर बनकर तैयार है। यहां पर रविवार को प्रातः9 बजे वेदी का शिलान्यास निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज, मुनि श्री निस्सीम सागर महाराज मुनिश्री संस्कार सागर महाराज के सानिध्य में संपन्न होने जा रहा है।प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया शिलान्यास की विधि विधान से समस्त क्रियाएं बाल ब्र.अविनाश भैया भोपाल के निर्देशन में संपन्न होंगी। इसके पूर्व 7:30 बजे से9 बजे तक जैन साहित्य की मध्यकालीन परंपरा को आधुनिक युग में नवीन ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले त्याग, तपस्या विद्वता और साहित्य सृजन के मूर्त स्वरूपसागर आचार्य गुरूदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के गुरू आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज का विधान संपन्न होगा। विधान में वीर प्रभु से सभी के कल्याण की प्राथना करते हुये युगों युगों तक विद्यागुरु के जयवंत होने की प्राथना इष्टदेव से की गई है। प्रातःकाल श्री शांतिनाथ दि. जैन स्टेसन मंदिर में निर्यापक श्रमण मुनि श्री सम्भवसागर महाराज ने कहा पंचपरमेष्ठी पर जिसकी श्रद्धा और आस्था गाढ़ी होती है,उसके जीवन में ऐसा कोई भी कार्य शेष नहीं होता जो हो न सके। मुनि श्री ने कहा कि सभी महिलामंडल,युवामंडल,बालिका मंडल तथा पुरुष मंडल विदिशा नगर के सभी परिवार का रविवार को चूल पानी से निमंत्रण है। सभी परिवार को अपने इष्टदेव वर्रो वाले बाबा के सिंधासन के लिये अपनी ओर से एक एक सिला अवश्य रखनी है। यह बात घर घर तक पहुंच जानी चाहिये। उन्होंने आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर महाराज का हायकू सुनाते हुये कहा न मत कहो, हां की कुब्बत देखो दंग रहोगे। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने ऊपर से बैठे बैठे ही शीतलधाम के इस वेदी शिलान्यास के कार्य के लिये आशीर्वाद दिया है। मुनि श्री ने कहा कि सांसारिक विवाह आदि के कार्यों में तो आप लोग बहुत रूचि से जाते हो,लेकिन यह तो पारलौकिक कार्य हम सभी के इष्टदेवता का है इसमें विदिशा का कोई भी व्यक्ति शेष नहीं रहना चाहिये। सभी को अपने सगे हाथों से बड़ेबाबा के सिंधासन के नीचे अपनी सिला अवश्य रखना चाहिये।

## चीनी मिलों में पेराई रफ्तार पकड़ने से बढ़ेगा उत्पादन




नई दिल्ली, देशभर में चीनी मिलों में पेराई सीजन रफ्तार पकड़ चुका है, लेकिन चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य और एथेनॉल कीमतों को लेकर इंडस्ट्री में असमंजस बना हुआ है। इस सीजन में अब तक गन्ने की पेराई व उत्पादन पिछले सीजन की तुलना में काफी अधिक हो रहा है। अधिक चीनी उत्पादन होने की संभावना से स्टॉक काफी बच सकता है। ऐसे में इंडस्ट्री ने सरकार और चीनी निर्यात की अनुमति देने की गुहार लगाई है।

नेशनल को-ऑपरेटिव शुगर फेडरेशन के मुताबिक, 30 नवंबर 2025 तक देश में 486 लाख टन गन्ने की पेराई हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में हुई 334 लाख टन पेराई से कहीं अधिक है। मानसून और लौटती बारिश सामान्य रहने से पेराई कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं, हालांकि महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ क्षेत्रों में किसानों के रास्ता रोको आंदोलन के कारण कुछ बाधा देखी जा रही है।

देश में चालू चीनी सीजन में अब तक 41.35 लाख टन नई चीनी का उत्पादन हो चुका है, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 27.60 लाख टन था। इस बार चीनी रिकवरी भी बढ़कर 8.51 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष के 8.27 प्रतिशत से ज्यादा है। मौजूदा रुझानों के आधार पर सितंबर 2026 तक चीनी उत्पादन 350 लाख टन रहने का अनुमान है। इसमें से लगभग 35 लाख टन चीनी एथनॉल निर्माण के लिए डायवर्ट होने की उम्मीद है। इस प्रकार शुद्ध चीनी उत्पादन 315 लाख टन रहने का अनुमान है। इसमें महाराष्ट्र का योगदान 110 लाख टन, उत्तर प्रदेश 105 लाख टन, कर्नाटक 55 लाख टन और गुजरात 8 लाख टन रहने की संभावना है।

घरेलू खपत 290 लाख टन मानी जा रही है। 50 लाख टन के ओपनिंग स्टॉक को जोड़ने पर सीजन के अंत में लगभग 75 लाख टन का स्टॉक मिलों में बचने की आशंका है, जिससे भारी धनराशि ब्लॉक होने के साथ ब्याज बोझ भी बढ़ेगा। इसलिए नेशनल को-ऑपरेटिव शुगर फेडरेशन ने सरकार से पहले घोषित 15 लाख टन के अतिरिक्त 10 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति देने की मांग की है। एमएसपी चीनी न्यूनतम बिक्री मूल्य में छह वर्षों से कोई वृद्धि नहीं हुई है, जबकि मिलों की लागत, वित्तीय भार और होल्डिंग खर्च बढ़ चुके हैं। हर्षवर्धन पाटिल ने कहा, चीनी का एमएसपी तत्काल प्रभाव से 41 रुपये प्रति किलो किया जाना चाहिए। ब्राजील और थाईलैंड जैसे देशों में किसानों को कुल राजस्व का 60-65 प्रतिशत हिस्सा मिलता है, जबकि भारत में यह 75-80त तक पहुंचता है। पाटिल ने बताया कि महाराष्ट्र और कर्नाटक ने रंगराजन समिति की सिफारिशों को लागू करते हुए मिलों और किसानों के बीच 'राजस्व साझेदारी मॉडल' को कानून का रूप दिया है, जिसके तहत 75 प्रतिशत अतिरिक्त राजस्व किसानों और 25 प्रतिशत मिलों को मिलेगा। इसका लाभ लगभग 5 करोड़ छोटे व सीमांत गन्ना किसानों तक पहुंचेगा। एनसीएसएफ के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवरे ने देश की डिस्टिलेशन क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि 513 डिस्टिलरीज की कुल क्षमता 1953 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष है, लेकिन एथनॉल चक्र-1 में गन्ना आधारित डिस्टिलरीज़ को सिर्फ 288.60 करोड़ लीटर का आवंटन मिला है, जबकि 759.80 करोड़ लीटर अनाज आधारित डिस्टिलरीज को दिया गया है।उन्होंने कहा, एथनॉल आवंटन में यह असंतुलन तुरंत सुधारे जाने की आवश्यकता है। साथ ही, गन्ना आधारित एथनॉल कीमतों में बढ़ोतरी भी अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए एनसीएसएफ निरंतर सरकार से संपर्क में है।

## सूरत संयंत्र में सुची सेमीकॉन ने शुरू किया सेमीकंडक्टर चिप पैकेजिंग



गुजरात, गुजरात की आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली ऐंड टेस्टिंग (ओएसएटी) कंपनी सुची सेमीकॉन अपने सूरत संयंत्र में क्वाड फ्लैट नो-लेड (क्यूएफएन) और पावर सेमीकंडक्टर चिपों की पैकेजिंग शुरू करेगी और इसकी आपूर्ति जनवरी 2026 से शुरू होगी। कंपनी के सह-संस्थापक शीतल मेहता ने यह जानकारी दी है।

मेहता ने कहा, 'जिस पहली प्रोडक्ट लाइन का हमने विनिर्माण शुरू किया था, वह एसओआईसी (स्मॉल आउटलाइन इंटीग्रेटेड सर्किट) उपकरण था, जो उपभोक्ता से लेकर ऑटोमोटिव इक्विपमेंट तक किसी भी चीज में काम आती है। अब हम क्यूएफएन और पावर सेमीकंडक्टर की दिशा में बढ़ रहे हैं, जिनका इस्तेमाल खास तौर पर ऑटोमोटिव और बिजली क्षेत्र के लिए किया जाएगा।'

उन्होंने कहा कि सूरत संयंत्र में इन नए उत्पादों का विनिर्माण करना हमेशा से ही कंपनी की योजना का हिस्सा रहा है और सुची सेमीकॉन मौजूदा क्षमता का इस्तेमाल करके उन ग्राहकों को समय पर ये चिपों की डिलिवरी करेगी, जिन्होंने इन्हें भारत में बनवाने में दिलचस्पी दिखाई है। मेहता ने कहा कि फिलहाल सुची सेमीकॉन प्रतिदिन लगभग 1.3 लाख इकाइयों की पैकेजिंग करती है, जिनमें दुनिया भर के ग्राहकों को विश्वसनीयता जांच के लिए भेजे जाने वाले चिप भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा प्रतिदिन 30 लाख चिप का लक्ष्य है। हमने मई में परीक्षण और विश्वसनीयता जांच के लिए एक बैच भेजा था और दूसरा बैच जुलाई में। विश्वसनीयता जांच के लिए चिपों का तीसरा बैच दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 के बीच भेजा जाएगा, जिसके बाद हम वाणिज्यिक उत्पादन की ओर बढ़ेंगे।' सूरत की ओएसएटी कंपनी भारत से सेमीकंडक्टर चिपों की परीक्षण पैकेजिंग शुरू करने वाली पहली कंपनियों में से एक थी। मेहता ने कहा कि हालांकि कंपनी को अभी तक प्रोत्साहन के लिए सरकार की मंजूरी नहीं मिली है, लेकिन उसे जल्द ही हरी झंडी मिलने की उम्मीद है।

## मसालों में मिश्रित रंगत : मेवों में तेजी

*सागर, 6 दिसंबर। स्थानीय थोक बाजार में आज जीरा में 5 रुपये की नरमी दर्ज की गई। धनिया 5 रुपये बढ़कर बोली गई। काली मिर्च में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। लौंग 10 रुपये नरम रही। हरी इलायची में 20 रुपये की नरमी दर्ज की गई। डौंडा इलायची में 15 रुपये की तेजी दर्ज की गई। हल्दी में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। मखाना में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। हरा पिस्ता 80 रुपये तेज, नमकीन पिस्ता 40 रुपये तेज। खारक 5 रुपये तेज रही। बादाम बिजी में 8 रुपये की तेजी दर्ज की गई। खसखस में 10 रुपये तेजी दर्ज की गई। किशमिश में 8 रुपये की तेजी दर्ज की गई।शक्कर, गुड़, दालों व अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।*

**हल्दी** लाल किला 180, लाल गाय 190 हरी गाय 110, निजामाबाद काड़ी 160 गठौना 150, टुकड़ी 110 **जीरा** सार्थी 270 शिव पार्वती 275 माधुरी 270 खुशबू 270 **खरजीरा** 368 हालैंड चालू 120-190 **स्याह जीरा** असली 554 **सोया सौंफ** 220, **सौंफ मोटी** 350-370, कमल पाकीजा 350 बारीक वी आई पी 350-380 बड़वानी 350-370 **धनिया** दाल 75-80, मीडियम बेस्ट 100-105, बेस्ट ग्रीन 110-130 **खोपरा बूरा** गुरू 310, खुशबू 310, **गरी गोला** 325-475 **सौंठ** पालिश 475, चायना 485, कोरी सिरसी 490 कोचीन 490 **काली मिर्च** 685-735 **काली पीपर** 600 **लाल मिर्च** 334 नं.-150-175, तेजा 185-225 फटकी 90-100, **अजवाइन** चालू 120 कलश 130 दीपक 135 ओम ब्रांड 140 **मैथी** चालू 6500, दीपक 6800, गुलाब 6600, फेफड़ा 7000 **राई** 85 राई दाल 90 **खसखस** देशी 1770, तुर्की 1970 **सींग दाना (मूंगफली दाना)** गुजरात बोल्ड 130, सोनचिड़िया 120, राजधानी 140, बड़ा भाई 135 **रामदाना** 7000-7300 रुपए **साबूदाना** मोतीदाना 8000-8100, वरलक्ष्मी 9800-9900 **काजू** 180 नं.- 9000, 190 नं.- 9000, 320 नं.- 11000, ए एम पोनिया 9400, एस एम पोनिया 9500 **किशमिश** मीडियम चालू 440 बेस्ट 460-460 रुपए **मुनक्का** 950-1225 **पिस्ता** हरा



2200, नमकीन पिस्ता 2150-साधा पिस्ता 2000 रुपए **अखरोट** 1000-1025 **खारक** 350-370 चालू 340, मीडियम बेस्ट 400, स्पेशल 410 **मखाना** नया 1070, सूर्या नया 1220, ओम ब्रांड नया 1270-1370 **बादाम गिरी** आस्ट्रेलियन 650, अमरीकन 850, पूजा बादाम 400 **बादाम बिजी** 775-825 **अचार चिरौंजी** चालू 1975, बेस्ट 2175, **अंजीर** 1350-1450, **सुपाड़ी नई** 605, डबल रमेश 620 अंटा 655, पूजा 465 रुपए **कत्था** बेलगाम 675-1325 **लौंग** जंजीबार बंद 930, खुली 1050, मेडागास्कर बंद 1060, **बड़ी इलायची (डौंडा)** 1900-1980 **पिपरमेंट** मोटा 1340 बारीक 1440 **हरी इलायची** फटोर 3425-3525, बैल मार्का 3625 **राजगिरा देशी** 75, गुजरात आनंद 85, नाडियाद 75 **सिंघाड़ा** साबुत 233, टुकड़ी 118 **सुहागा** 60-78 **तरबूज मगज** 595-695, **बादाम फूल** टुकड़ी 690 **बाद्यान्य फूल** 1070 **इसबगोल भूसी** 950 **रतनजोत** 275 **जायफल** 700-720 **दालचीनी** 380-390 **जायपत्री** लाल 2500, पीली 2300 **छबीला** 445-465 **हरा मटर** 5150 **सफेद मटर** 6150, पालिस लोकल 5700, विदेशी 6900, **काबुली चना** चालू 100-110 **राजमा** सफेद 3800, लाल 4000 **इमली** 80, **खड़ा अमचूर** 175-200, **टाटरी**-200, **मीठा सोडा** - 35, **आरारोट** - 400 **सफेद तिली** लोकल 190 धुली सफेद तिली 195 ऊंझा सफेद तिली 195-200 **काली तिली** चालू 100, **पीपरा** 420 **कलौंजी** 120, **तोमर बीज**- 500, कपूर हंस 1400, सरस्वती 1430, **गुड़ करेली** 4000-4500 बाल्टी स्पेशल 4800 रु. **शक्कर एम तीस** 4400 से 4450 **एस तीस** 4350 से 4400

## महिंद्रा बनाएगी देशभर में अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग पॉइंट



नई दिल्ली, प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमऐंडएम) अब गाड़ियां बनाने से आगे बढ़कर एक राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक-मोबिलिटी ईकोसिस्टम बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। कंपनी ने 2027 तक राजमार्गों पर 1,000 अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने की अपनी योजना के बारे में बताया है।

सभी चार्जर 180 किलोवॉट और उससे अधिक क्षमता के होंगे, जिससे एक उच्च-शक्ति वाले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कॉरिडोर का निर्माण होगा, जिसे एक शहर से दूसरे शहर के लिए इलेक्ट्रिक यात्रा को निर्बाध बनाने के वास्ते डिजाइन किया गया है।

कंपनी ने बताया कि चार फास्ट चार्जर को लैस दो स्टेशन चालू हैं। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा शेष चार्जर 250 उच्च-यातायात कॉरिडोर पर लगाएगी, जिनकी भारत की लंबी दूरी की सड़क आवाजाही में करीब 90 फीसदी हिस्सेदारी है।

यह नेटवर्क ब्रांड-विशिष्ट होगा, सभी ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए खुला होगा और एकीकृत खोज और भुगतान के लिए गूगल मैप्स, एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के ऐप्लिकेशन से जुड़ा होगा। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के वाहन खंड के मुख्य कार्य अधिकारी और महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल के कार्यकारी निदेशक नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि चार्जिंग रोलआउट कंपनी की दीर्घकालिक ईवी रणनीति का केंद्र बिंदु है। गोलागुंटा ने कहा, 'इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का भविष्य लंबी दूरी की यात्रा को शहर में ड्राइविंग जितना आसान बनाने पर निर्भर करता है। इसकी शुरुआत भारत के राजमार्गों पर एक विश्वसनीय, तेज चार्जिंग सिस्टम से होती है। लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक स्पोर्ट यूटिलिटी वाहनों की हमारी बढ़ती रेंज के साथ हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ग्राहक हर यात्रा के लिए बगैर किसी झिझक के इलेक्ट्रिक वाहन चुन सकें।' नए मॉडल के साथ, महिंद्रा के पास अब चार इलेक्ट्रिक एसयूवी हैं। इनमें एक्सयूवी 400, एक्सयूवी 9ई, बीई 6 और एक्सईवी 9एस शामिल हैं। इनमें से तीन (एक्सईवी 9ई, बीई 6, एक्सईवी 9एस) इन्ग्लो प्लेटफॉर्म पर आधारित हैं। पिछले सात महीनों में इसने 30,000 से अधिक बीई6 और एक्सईवी 9-श्रृंखला के इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं, जिससे कंपनी को लगभग 8,000 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। इसके अलावा, कंपनी को उम्मीद है कि 2027-28 तक उसके कुल कारोबार में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 25 फीसदी हो जाएगी, जिसे विनिर्माण में वृद्धि से बल मिलेगा।

### महंगा हो सकता है उर्वरक आयात और उत्पादन

नई दिल्ली, पिछले कुछ दिनों में रुपये में तेज गिरावट के कारण भारत की उर्वरक सब्सिडी में और इजाफा हो सकता है। विशेषज्ञों और उद्योग जगत के लोगों का कहना है कि कंपनियां इस अतिरिक्त बोझ को उपभोक्ताओं पर नहीं डाल पाएंगी, खासकर यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों के मामले में, जिनकी कीमतें पहले से निर्धारित होती हैं।

उद्योग जगत के आंकड़े बताते हैं कि अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच, भारत ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 137 प्रतिशत अधिक यूरिया आयात किया है, जबकि डीएपी का आयात भी अप्रैल-अक्टूबर 2024 की तुलना में लगभग 69 प्रतिशत अधिक रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि कमजोर रुपया न केवल विनिर्मित वस्तुओं के आयात को महंगा करेगा बल्कि घरेलू उत्पादन की लागत भी बढ़ेगी। खासतौर पर यूरिया की क्योंकि उसकी उत्पादन लागत का 85 से 90 फीसदी आयातित गैस है जिसकी कीमत डॉलर में होती है। डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बनाने में लगने वाला कच्चा माल, यानी रॉक फॉस्फेट या फॉस्फोरिक एसिड, महंगा हो जाएगा।

## वर्ग पहेली क्रमांक - 2265

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | 8 | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | |
| | ■ | 13 | | | ■ | | ■ |
| 14 | 15 | | ■ | 16 | | | 17 |
| ■ | 18 | | | ■ | ■ | 19 | |
| 20 | | | ■ | 21 | 22 | | ■ |
| ■ | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**बायें से दायें**

1. साल 2011 में विश्वकप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे इस सलामी बल्लेबाज ने गत दिनों क्रिकेट के सभी प्रारूप से संन्यास ले लिया-6
6. धूल, गर्द, पराग के कण-2
7. अत्यंत विशाल, वर्तमान दौर का विश्व प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर (सिर्फ आरंभिक नाम)-3
9. पेड़ का धड़ यह कहलाता है-2
10. दरवाजा, माध्यम, साधन-2
12. पंचतत्वों में से एक, वारि-2
13. प्रकार, ढंग, बनावट-3
14. रूप या अस्तित्व प्रदान होना-3
16. 1939 की वी. शांताराम निर्देशित एक सुपर हिट संगीतमय फिल्म-4
18. यत्न का अपभ्रंश-3
19. पालंभ, शिकायत, निंदा-2
20. प्रकाशमान, मुनव्वर, उज्जवल-3
21. युवती और सुंदर स्त्री, नारी, औरत-3
23. प्रार्थना, निवेदन-3
24. जमीन, पृथ्वी-1

**ऊपर से नीचे**

1. विचार योग्य, विचारणीय-5
2. त्यागना, छोड़ना-3
3. हरिद्वार का यह दूसरा नाम है-4
4. भास्कर, दिनपति, दिनकर, इस प्रसिद्ध संगीतकार की पहली फिल्म वचन (1955) थी-2
5. जो टल न सके, ये भारत के दसवें प्रधानमंत्री थे (सिर्फ आरंभिक नाम)-3
8. यह कल्हण द्वारा रचित एक संस्कृत ग्रंथ है, इसका रचनाकाल सन् 1147 से 1149 तक बताया जाता है-6
11. रहने का भाव, गिरवी रखने की क्रिया-3
13. खींचातानी, वैमनस्यता-4
15. भेंट, उपहार, तोहफा-4
17. अधिक पका हुआ, गरदन, ग्रीवा-2
21. क्रिकेट के खेल में बल्लेबाज द्वारा एक सिरे से दूसरे सिरे तक लगाई जाने वाली दौड़-2
22. सहित, समेत, मदिरा-2

**वर्ग पहेली क्र. 2264 का उत्तर**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ना | ■ | सा | थी | ■ | श | ह |
| ट | क | सा | ल | ■ | ठ | मी | द |
| ■ | ■ | ■ | ना | ह | र | ■ | ब |
| अ | मे | ठी | ■ | ल | ■ | दा | दी |
| म | घा | ■ | स | फ | ल | ता | ■ |
| न | ल | क | ■ | ना | ता | ■ | उ |
| ■ | य | म | ■ | मा | ■ | फि | दा |
| ■ | ■ | ला | ना | ■ | व | जी | र |

### ऑटो कंपनियां जनवरी से बढ़ा सकती हैं कीमतें

नई दिल्ली, भारत के वाहन उद्योग में महंगी और लक्जरी कारें रुपये के गिरावट के कारण दबाव से जूझ रही हैं। दरअसल, भारतीय मुद्रा का मूल्य अमेरिकी डॉलर और यूरो दोनों के मुकाबले घट रहा है। अधिकांश लक्जरी कारें यूरोप से आयात की जाती हैं। इसमें पूरी तरह से नॉक-डाउन (सीकेडी) और स्थानीय संयंत्रों में असेंबल की जाने वाली और पूरी तरह से तैयार कारें (सीबीयू) शामिल हैं। यूरो के मुकाबले रुपये में इस साल अब तक 15 प्रतिशत गिरावट के कारण लक्जरी मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) पर दबाव है।

मर्सिडीज बेंज के एमडी व सीईओ संतोष अय्यर ने कहा, 'लक्जरी वाहनों की कीमत में गिरावट के कारण मांग में आई तेजी संभवतः आने वाली तिमाहियों में जारी न रहे, क्योंकि रुपये में गिरावट व अन्य वजहों से लक्जरी कारों की कीमतें उनके मौजूदा स्तर से बढ़ेंगी।' अय्यर ने कहा कि कीमतों के समायोजन को लेकर दबाव होगा और कंपनी बढ़ती लागत के दबाव को कम करने के लिए जनवरी 2026 से अपने मॉडल रेंज के लिए मूल्य बढ़ाने पर विचार कर रही है।

एक अन्य जर्मन ओईएम ने भी पुष्टि की कि वह भी जनवरी से कीमतों में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रहे हैं और बढ़ोतरी की मात्रा तय करने पर काम कर रहे हैं।

विदेशी मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव और इनपुट लागत में वृद्धि के कारण मर्सिडीज ने इस साल अब तक 3 बार कीमतें बढ़ाई हैं। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि निर्माताओं ने जीएसटी दर में कमी के लाभों को पूरी तरह से ग्राहकों तक पहुंचाया है।

इसकी वजह से लागत का दबाव कम करने के लिए बहुत कम ताकत बची है। कुछ महीनों के लिए कीमतों में बढ़ोतरी को रोक दिया गया था, लेकिन अधिकांश ब्रांड 2026 की शुरुआत में मूल्य वृद्धि पर फैसला लेंगे।

डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के कारण मास मार्केट ओईएम भी प्रभावित हैं। कारों में लगने वाले लगभग 95 प्रतिशत सेमीकंडक्टर चिप्स ताइवान, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से आयात किए जाते हैं।

## तेल व तेल प्लांटों के भाव यथावत

**सागर, 6 दिसंबर । स्थानीय तेल बाजार में आज तेलों में नरमी दर्ज की गई। इंदौर इटारसी, भोपाल व विदिशा लाइन के प्लांट 1250 रुपये प्रति दस किलो बोले गए। जो यथावत बने रहे। अमूल 9600/- नोवा 8400/- अरिहन्त 8000/- मूंगफली तेल प्रीमियो जार 2200/- फार्चून रिफाइन- 1920 फिल्टर- 1950 पूजाब्राण्ड 1860/- विपुल 1800/- रायल टच (15 लीटर जार) 2020/- टीन 2270/- हेरिटेज (15 किलो) 2120/- धारा (15 लीटर) 2250/- गोपाल 1820/- सनफ्लावर महाकोष 2020/- सनफ्लावर नेचुरल 1820/- सनरिच 0000/- गुडलाईट 1850/- सृष्टि 1730/- प्रेस्टीज 2060/- पामोलीन रुचि 1610/- सोयाबीन तेल फार्चून ब्राण्ड (15 लीटर जार) 2060/- फार्चून (15 किलो) 2160/- कलश (15 लीटर) 1860/- खानपान (15 किलो) 1860/- (15 लीटर) 1860/- रुचि स्टार (15 लीटर टीन) 1860/- मालती**



**1870/- शंख टीन 2060/- शंख 15 किलो जार-2110/- शंख 15 किलो लीटर- 1960/- शंख (5 लीटर कुप्पी) 670/- योगी 1640/- स्वयं 1610/- महाकोष 2110/- कृति (15 किलो जार) 2210/- कृति (15 लीटर जार) 2140/- सिक्का 1980/- सरसों तेल कोल्हू ब्राण्ड 1600/- स्वीकार 1550/- मुरली- 1500/- टेलीफोन- 1500/- सेहत ब्राण्ड 1400/- सिक्का ब्राण्ड 1300/- फार्चून नारियल तेल निखार (15 लीटर) 1800/- कुप्पी 550/- रुचि नं. 1 - 900/- नेचुरल 1000/- रुचि स्टार 1000/- सुमन 950/- रथ 1150/- सनफ्लावर वनस्पति- 1400/।**

### प्लांट तेल भाव

| | | |
|---|---|---|
| इटारसी | 1250 | प्रति 10 कि. |
| नरसिंहपुर | 000 | प्रति 10 कि. |
| बैतूल | 000 | प्रति 10 कि. |
| गाडरवारा | 000 | प्रति 10 कि. |
| भोपाल | 1250 | प्रति 10 कि. |
| इंदौर | 1250 | प्रति 10 कि. |
| विदिशा | 1250 | प्रति 10 कि. |

### दाल बाजार भाव

**दालें प्रति क्विंटल चना दाल चालू 6000-7000, स्पेशल- 7500, मसूर दाल रोल-5200-5500 अरहर दाल (सफेद पटका)- 9000, अरहर (सफेद रोल)- 9000-9500, अरहर (लाल रोल) 9000- 9500, (लाल पटका) 10000 अरहर (स्पेशल) 10500 मूंग छिलका 9000 - 10000, मूंग धोवा 10500 - 11000 उड़द छिल्का- 11000 - 11500, उड़द धोवा- 11500 - 12500, उड़द व्ही.आई.पी. - 13000, तेवरा - 0000 मटर दाल- 5000-5200**

### सब्जी बाजार

| | | |
|---|---|---|
| आलू नया | 15 से 25 | रु. प्रति किलो |
| बरबटी | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| प्याज | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| टमाटर | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| लहसुन | 60 से 80 | रु. प्रति किलो |
| अदरक | 40 से 50 | रु. प्रति किलो |
| फूल गोभी | 10 से 15 | रु. प्रति नग |
| लौंकी | 10 से 20 | रु. प्रति किलो |
| शिमला मिर्च | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |
| ककड़ी | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| हरी मिर्च | 40 से 60 | रु. प्रति किलो |
| परमल | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| हरा धनिया | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| हरा मटर | 40 से 50 | रु. प्रति किलो |
| कद्दू | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| भिण्डी | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| गिलकी | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| बैगन | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |

### सागर सराफा

| | | |
|---|---|---|
| चांदी (रिफा.) | 180000/- | कि. ग्राम |
| चांदी (कच्ची) | 179000/- | कि. ग्राम |
| सोना (24 कै.) | 129000/- | 10 ग्राम |
| सोना (रवा) | 128600/- | 10 ग्राम |

### फैंसी सराफा

**22 कैरेट 120000 रुपए**
**20 कैरेट 118000 रुपए,**
**चांदी जेवर- 1740-1750 रुपए प्रति 10 ग्राम।**

**सागर सराफा बाजार में आज चांदी रिफाइंड के भाव 300 रुपये घटकर बोले गए एवं कच्ची चांदी की आवक जोरदार रहने से कच्ची चांदी के भाव 300 रुपये घटकर बोले गए। सोना व सोना रवा के भाव 100-100 रुपये घटकर बोले गए।**

## बढ़ेगा जेनेरिक दवाओं का निर्यात

नई दिल्ली, दवा क्षेत्र को रुपये की गिरावट से लाभ होने वाला है। भारत हर साल 30 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की दवाओं और फार्मास्युटिकल उत्पादों का निर्यात करता है और जेनेरिक दवाओं का शीर्ष आपूर्तिकर्ता है। हालांकि फॉर्मूलेशन बनाने के लिए भारत अपनी बल्क ड्रग या एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंट (एपीआई) का लगभग 60-70 प्रतिशत आयात भी करता है।

कैपिटलाइन के आंकड़ों से पता चलता है कि सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज और जाइडस लाइफसाइंसेज जैसी कंपनियों को उनके फायदे का बड़ा हिस्सा निर्यात से मिला है।

उद्योग के एक आंतरिक व्यक्ति ने नाम सार्वजनिक न करने की इच्छा जताते हुए कहा कि रुपये में 5 प्रतिशत गिरावट के कारण प्रमुख निर्यातकों को 7 से 8 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। हालांकि बढ़ते इनपुट लागत के कारण निर्यात से होने वाला लाभ बेअसर हो जाएगा। भारत हर साल करीब 10 अरब डॉलर के एपीआई और इंटरमीडिएटरीज का आयात करता है और इस पर मुद्रा अवमूल्यन का असर पड़ेगा। एक फॉर्मा एसोसिएशन के प्रमुख ने कहा, 'अमेरिका या अन्य विनियमित बाजारों में निर्यात के मामले में ज्यादातर कंपनियां अपने एपीआई का उत्पादन करती हैं।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5907

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सुडोकू पहेली क्र. 5906**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

## संक्षिप्त समाचार

### लापरवाही करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नोटिस

**निवाड़ी, आचरण।** जिले में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार में मेन्यू अनुसार भोजन वितरण नहीं करने, समय पर आंगनवाड़ी का संचालन नहीं होने, कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती नहीं करवाने एवं अनियमितताओं को लेकर महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ज्योति पांडे के द्वारा क्षेत्र में सघन निरीक्षण किया गया। पृथ्वीपुर सेक्टर सिमरा खास क्षेत्र की आंगनवाड़ी केंद्र पतरिया, छेवलमाता का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र बंद पाए जाने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए। परियोजना अधिकारी निवाड़ी द्वारा असाटी, उबोरा, तरीचरकला वार्ड 2, वार्ड 12 का निरीक्षण किया एवं क्षेत्र की समस्त पर्यवेक्षकों के द्वारा केदो पर भ्रमण कर अति कमजोर बच्चों का वजन लेकर सत्यापन किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया गया कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजना सुनिश्चित करें, ताकि समय पर स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा क्षेत्रीय अमले को सख्त निर्देश दिए गए कि वह आंगनवाड़ी केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर अनियमितताओं में सुधार करें।

### अधिवक्ताओं के चुनाव को लेकर शहर में सरगर्मी तेज

**छतरपुर, आचरण।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की घोषणा होते ही अधिवक्ताओं के द्वारा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के साथ सचिव एवं सह सचिव कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों के लिए प्रत्याशियों के द्वारा घर घर जाकर प्रचार प्रसार शुरु कर दिया है। शहर में अधिवक्ताओं के चुनाव को लेकर सरगर्मियां शुरु हो गई हैं और चौराहे चौराहे पर अधिवक्ताओं के चुनाव की चर्चा शुरु हो गई है। आने वाले 19 दिसंबर को यह चुनाव होगा जिसके लिए विभिन्न अधिवक्ताओं द्वारा फार्म भर दिए हैं और प्रचार प्रसार में लग गए हैं।

### शासकीय हाई स्कूल सिंहपुर के नवीन शासकीय भवन निर्माण को तत्काल रोकने की मांग

**छतरपुर, आचरण।** जनपद पंचायत गौरिहार के जनपद सदस्य तुलसी अनुरागी ने एक पत्र मुख्यमंत्री के नाम लिखा है जिसमें उन्होंने शासकीय हाई स्कूल सिंहपुर में बन रहे नवीन शासकीय भवन का कार्य तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग की है। जनपद सदस्य ने आरोप लगाया है कि जल्दीबाजी में भूमिपूजन कर प्लर खोद दिए गए हैं जहां भवन बनाना चाहिए वहां न बनाकर खेल के मैदान में उक्त भवन बनाया जा रहा है। जिससे बच्चों को खेलने की असुविधा होगी। सरपंच और उपसरपंच के द्वारा जो प्रस्ताव पारित किया था उस प्रस्ताव का उल्लंघन कर आरईएस के कार्यपालन यंत्री के द्वारा मनमाने तरीके से ले आउट डालकर नवीन भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अतः जिला कलेक्टर से मांग की है कि इसकी गंभीरता पूर्वक जांच कराकर उक्त भवन को उचित स्थान पर बनाया जाए।

### कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में 5 मृतकों के वारिस एवं 2 घायलों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की

**छतरपुर, आचरण।** 5 दिसम्बर 2025 को गुलगंज में ट्रक एवं कार की सड़क दुर्घटना में 5 व्यक्तियों की दुःखद मृत्यु हो गई थी एवं 2 घायल हो गए थे। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने रेड क्रॉस सोसाइटी से उक्त मृतकों के वारिस एवं घायलों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। मृतक लक्ष्मण प्रजापति उम्र 40 वर्ष मुकुंदपुर जिला मैहर, महेन्द्र प्रजापति उम्र 30 वर्ष सतना, सुरेन्द्र प्रजापति उम्र 25 वर्ष मैहर, अनिल प्रजापति उम्र 30 वर्ष नागौद सतना, दीपक प्रजापति उम्र 25 वर्ष नागौद के वैध वारिस को 10-10 हजार रुपए और घायल भूपेंद्र प्रजापति उम्र 16 वर्ष, जितेन्द्र प्रजापति उम्र 19 वर्ष सतना को 5-5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। उक्त दोनों घायलों को सतना रैफर किया गया है। स्वीकृत राशि के चेक सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता ने संबंधित को सौंपा।

होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया गया

## होमगार्ड कार्यालय में नगरपालिका अध्यक्ष ने ली परेड की सलामी

आचरण संवाददाता



**छतरपुर।** होमगार्ड कार्यालय छतरपुर में शनिवार को होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया उपस्थित रहीं। होमगार्ड परिसर में आयोजित भव्य परेड मार्च में नपा अध्यक्ष श्रीमती चौरसिया ने सलामी ली। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमांडर विनीत तिवारी ने किया। मार्चपास्ट में होमगार्ड के अलावा आपदा मित्र, सिविल डिफेंस तथा एसडीआरएफ के दल भी शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत परेड की सलामी एवं निरीक्षण के साथ हुई। इसके बाद होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर प्राप्त शुभकामना संदेशों का वाचन किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने आपदा प्रबंधन प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जहाँ आधुनिक रेस्क्यू उपकरणों एवं तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। समारोह में ग्लोरियस स्टार्स अकैडमी के बच्चों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिनसे पूरा वातावरण देशप्रेम की भावनाओं से सराबोर हो उठा। इसी क्रम में एसडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन से जुड़े उपकरणों एवं तकनीकों का लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने बड़ी रुचि से देखा। होमगार्ड जवानों द्वारा रेस्क्यू एवं आपदा प्रबंधन में उपयोगी सामग्रियों की प्रदर्शनियाँ भी लगाई गईं। नपा अध्यक्ष ने सुरक्षा एवं सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड एवं एसडीआरएफ जवानों के साथ आपदा मित्र नीलेश तिवारी, शिवम् मिश्रा तथा सिविल डिफेंस वालंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि के चेक, प्रशस्ति पत्र एवं टी-शर्ट भी प्रदान की गईं। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट भूपेंद्र ठाकुर सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।


## होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह आयोजित



आचरण संवाददाता

**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के मुख्य आतिथ्य में आज डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड कार्यालय में जिले का संयुक्त रूप से होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने परेड कमांडर पियूष शर्मा के साथ परेड का निरीक्षण करें। तत्पश्चात होमगार्ड जवानों द्वारा मार्चपास्ट किया गया। इस बार सिविल डिफेंस वालंटियर की बेटियां भी परेड में शामिल हुई एवं इनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कार्यक्रम में महानिदेशक होमगार्ड, राष्ट्रपति से प्राप्त एवं अन्य संदेशों का वाचन किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को वर्ष के दौरान उत्कृष्ट बचाव कार्य करने वाले होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानों के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले सिविल डिफेंस वालंटियर को शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही रिटायर्ड अधिकारियों को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा आपदा उपकरणों का अवलोकन किया गया। अंत में जिला सेनानी बीपी नामदेव द्वारा आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त कर किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में होमगार्ड परिवार के सदस्यों एवं उनके बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद का आयोजन विशेष अतिथि एके श्रीधर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ तथा विजेताओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अंत में समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं जवान सामूहिक भोज में शामिल हुए।

## तहसील में भ्रष्टाचार और दलालों की सक्रियता बढ़ी



**छतरपुर, आचरण।** शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने तहसील में फैले भ्रष्टाचार, दलालों की बढ़ती सक्रियता और अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर कड़ी नाराजग़ी जताई। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील परिसर में रजिस्ट्री, नामांतरण, विरासत, नक्शा, जाति-आवास जैसे कार्यों के लिए आम नागरिकों को दलालों के माध्यम से ही भटकना पड़ता है, जबकि अधिकारी समय पर बैठते नहीं हैं। अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसीलदार, एसडीएम सहित कई राजस्व अधिकारी नियमित समय पर अपने कक्षों में नहीं बैठते, जिसके कारण लोग घंटों परेशान होते हैं। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कई कर्मचारी और रीडर कार्य के लिए अनावश्यक देरी करते हैं तथा कई मामलों में रिश्वत की मांग भी की जाती है। ऐसी स्थिति में जनता और अधिवक्ताओं दोनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर अधिवक्ताओं ने शनिवार को सामूहिक रूप से ज्ञापन तैयार किया है, जिसे वे संबंधित अधिकारियों को सौंपेंगे। ज्ञापन में तहसील स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच, दलालों पर कार्रवाई, तथा अधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि परिस्थितियाँ नहीं सुधरीं, तो वे आंदोलन की राह भी अपना सकते हैं। अधिवक्ता समुदाय ने प्रशासन से तत्काल इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हुए पारदर्शिता और जनहित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। इस बीच संतोष द्विवेदी, अशोक कुमार श्रीवास, हरिशंकर कुशवाहा, यूनुस खान, शैलेंद्र सिंह, अरुण कुमार सक्सेना, हरिशंकर अग्रवाल, बृजेश पटेरिया, मुकेश वर्मा, बृजेंद्र सिंह, बालमुकुंद मिश्रा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

## डबल लॉक केन्द्र से शुरु हुआ खाद का वितरण

आचरण संवाददाता



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर जिले में रबी सीजन के दौरान खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार देर रात 2043 मीट्रिक टन यूरिया खाद की रैक छतरपुर पहुंची। रैक पॉइंट से सीधे सटई रोड स्थित छतरपुर मंडी परिसर के डबल लॉक केंद्र पर खाद का वितरण शीघ्र शुरू कर दिया गया। जिले के विभिन्न डबल लॉक केंद्रों को खाद का आवंटन भी कर दिया गया है। इसमें छतरपुर को 380 मी. टन, बमीठा 250 मी. टन, लवकुशनगर 250 मी. टन, हरपालपुर 130 मी. टन, बिजावर 230 मी. टन, एमपी एग्रो छतरपुर 90 मी. टन और बड़ामलहरा डबल लॉक केंद्र को 200 मी. टन यूरिया खाद भेजा गया है। शेष खाद निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

**रविवार को भी होगा वितरणः** रबी सीजन में खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए कलेक्टर जैसवाल ने रविवार को भी जिले के सभी डबल लॉक केंद्रों से खाद वितरण के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**किसान बोले-अभी भी मिल रहा कम खाद, लगी लंबी लाइनेंः** इधर कई किसानों का कहना है कि उन्हें अभी भी पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद आज जब वितरण शुरू हुआ तो केंद्रो पर लंबी-लंबी लाइनें लग गईं। किसानों का कहना है कि समय पर खाद उपलब्ध होना जरूरी है, जिससे रबी फसलों की बुवाई प्रभावित न हो।

### बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**टीकमगढ़, आचरण।** बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि स्थानीय अंबेडकर चौराहे पर भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्देशन में भाजपा नगर मंडल द्वारा भाजपा संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह चौहान व वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब की मूर्ति पर फूल माला पहनाकर उनको याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। बाबासाहेब अंबेडकर के त्याग और तपस्या के बल पर शिक्षा को मूल मंत्र बनाते हुए गरीब वंचित वर्ग के अधिकार सुनिश्चित हो पाए हैं। संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा ने बाबासाहेब अंबेडकर के पंच तीर्थों के विकास के साथ-साथ संविधान के अधिकारों को अधिक मजबूत और सुरक्षित बनाया है, जन जन को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य हुआ है और उनके अधिकार उन तक सही मायनों में पहुंचाएं है। अंबेडकर चौराहे पर सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, आशुतोष भट्ट, रोहित खटीक, मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, बलवीर जोशी, रविंद्र श्रीवास्तव, देवेंद्र नापित, रोहित बैसाखिया, मुन्ना लाल यादव, पंकज प्रजापति, प्रवीण नामदेव, देवेंद्र सेन, मनोहर अहिरवार, ज्ञानेंद्र सिंह, आकाश विश्वकर्मा, चीकू यादव, प्रवीण चौधरी, आकाश अवस्थी, संस्कार रजक, अंकित तिवारी, अक्षय सिंह परमार, हनी जैन, गुलशन विश्वकर्मा, मैडी अशोक राय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक आयोजित



आचरण संवाददाता

**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में गतदिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार एवं बैंकवार समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा पीएमएफएमई योजना, पशु केसीसी के ऋण प्रकरणों को जल्द स्वीकृत करने हेतु कहा गया। साथ ही अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने आरआरसी की वसूली हेतु बैंकों को निर्देशित किया गया कि तहसीलदारों से समन्वय कर वसूली की प्रक्रिया को बढ़ाया जाये। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा सभी बैंकों से पी.एम. स्वनिधि के लंबित ऋण प्रकरणों को स्वीकृति हेतु कहा गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) कैलाश नारायण आर्य द्वारा जिले के विभिन्न बैंकों के सीडी-रेश्यो की शाखा-वार प्रगति प्रस्तुत की गई तथा इसे बढ़ाने हेतु विशेष चर्चा की गई। आरबीआई भोपाल से एलडीओ धीरज गुप्ता ने सभी बैंकों को सी.डी. रेश्यो बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर नाबार्ड से डीडीएम मिर्जा फैसल बैग, मुख्य प्रबंधक एसबीआई धीरेन्द्र चौरसिया, एसबीआई पीलीकोठी शाखा से प्रकाश हरदासानी एसबीआई, एसबीआई एमसीसी छतरपुर से मुख्य प्रबंधक फूलसिंह राजपूत, एसबीआई आरबीओ छतरपुर से क्रेडिट मैनेजर मयंक त्यागी, एमपीजीपी आरओ से प्रबंधक अंचल सोनी सहित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं शासकीय विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

## जिले में 282 वाहनों की जांच, सुरक्षा को लेकर पुलिस हुई सख्त



**टीकमगढ़, आचरण।** सड़क सुरक्षा को व्यापक जनभागीदारी का रूप देने और यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा पूरे जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में यह अभियान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सक्रिय रूप से चलाया गया। पुलिस टीमों ने मुख्य मार्गों, चौकों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों की गहन जांच करते हुए नागरिकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के अनिवार्य पालन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को जिले की सीमाओं पर सतत निगरानी रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वाहनों की कठोर चैकिंग करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह तथा एसडीओपी टीकमगढ़,जतारा के पर्यवेक्षण में कुल 282 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 34 वाहनों पर 12,400 के चालान जारी किए गए। अभियान के दौरान वाहन चालकों एवं नागरिकों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन केवल दंड से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा का अनिवार्य सिद्धांत है।

**अभियान** पुलिस की सख्ती, गुंडा तत्वों और पूर्व अपराधियों पर पैनी नजर

## अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस का व्यापक निगरानी अभियान

आचरण संवाददाता



**टीकमगढ़।** जिले में शांति, सुरक्षा और कानून, व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में जिलेभर में विशेष निगरानी अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सक्रिय गुंडा प्रवृत्ति के व्यक्तियों, पूर्व अपराधियों तथा पुलिस निगरानी सूची में शामिल व्यक्तियों की गतिविधियों की गहन समीक्षा करना और किसी भी प्रकार की आपराधिक पुनरावृत्ति की संभावना को पहले ही समाप्त करना था। अभियान का संचालन एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह तथा एसडीओपी टीकमगढ़ एवं जतारा के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में किया गया। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और आवश्यकतानुसार तुरन्त विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कुल 23 सक्रिय आपराधिक तत्वों की गतिविधियों की जानकारी संकलित की। इसीक्रम में 18 निगरानीशुदा अपराधियों की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया गया तथा 07 पूर्व सजायाफ्ता अपराधियों का उनके निवास स्थान पर पहुँचकर सत्यापन किया गया। साथ ही, हाल ही में जेल से रिहा हुए 04 व्यक्तियों को विशेष निगरानी के दायरे में शामिल किया गया ताकि उनकी वर्तमान गतिविधियों पर सटीक नियंत्रण रखा जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस द्वारा चिन्हित व्यक्तियों से भेंट कर उनकी दिनचर्या, संपर्को और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। जो व्यक्ति अपने घर पर अनुपस्थित पाए गए, उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई प्रारम्भ की गई है। इसके अतिरिक्त रात्रिकालीन गश्त के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी जानकारी दर्ज की गई, जिससे किसी भी संभावित आपराधिक घटना को पहले ही रोका जा सके। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे बिना आवश्यक कारण रात्रि में घर से बाहर न निकलें तथा अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। नागरिकों की जागरूकता और सहयोग ही जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह विशेष अभियान टीकमगढ़ पुलिस द्वारा शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी सतत रूप से चलाए जाते रहेंगे।

### पुलिस ने बाजार, हाट व भीड़ वाले क्षेत्रों में कड़ी निगरानी बढ़ायी

जिले में सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक व्यापक सतर्कता अभियान की शुरुआत की है। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के मार्गदर्शन में जिले में निगरानी तंत्र, तकनीकी क्षमता और फील्ड रिस्पॉन्स को और उन्नत किया गया है, ताकि हर स्थिति में त्वरित और संगठित पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। शहर के बाजारों, धार्मिक स्थलों और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त, मोबाइल पेट्रोलिंग और रात्रिकालीन चौकसी को बढ़ाया गया है। भीड़भाड़ वाले व संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जाँच निरंतर जारी है। पुलिस कंट्रोल रूम में इंटीग्रेटेड लाइव मॉनिटरिंग डेस्क स्थापित की गई है, जिसके माध्यम से सीसीटीवी कैमरों और पेट्रोलिंग वाहनों से प्राप्त रियल-टाइम फीड का सतत विश्लेषण किया जा रहा है।

## रस्सी कूद चैंपियन पन्ना से पहुंचे निवाड़ी, नशा मुक्ति एवं एकता यात्रा को बताया अपना उद्देश्य

आचरण संवाददाता




**निवाड़ी।** पन्ना कलेक्टर द्वारा हरी दिखाकर रवाना हुए रस्सी कूद चैंपियन निवाड़ी पहुंचे हैं यहां लोगों ने उनके आगमन पर फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया है। तो वही चैंपियन ने नशा मुक्ति एवं एकता को को अपना उद्देश्य बताते हुए युवाओं नशे से दूर रहने एवं शरीर को फिट रखने और स्वास्थ्य रहने के टिप्स बताएं है। बता दें कि पन्ना के 22 वर्षीय राष्ट्रीय रस्सीकूद चैंपियन मोहम्मद रईम खान का 'रन फॉर यूनिटी नशामुक्ति अभियान' निवाड़ी पहुंचा। एक दिसंबर को पन्ना एसपी निवेदिता नायडू ने उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। निवाड़ी पहुंचने पर लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। रईम खान ने यह अभियान एक दिसंबर को पन्ना से शुरू किया था। इसका उद्देश्य नशामुक्त भारत, स्वस्थ समाज और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना है। राष्ट्रीय रस्सीकूद चैंपियन रईम खान अपनी फिटनेस और अनुशासन से युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। वे प्रतिदिन लगभग 40 किलोमीटर रस्सी कूदते हुए यात्रा करते हैं।

उनके साथ उनके छोटे भाई मोहम्मद कैश और मित्र इब्राहिम मोटरसाइकिल से आवश्यक सामान लेकर चल रहे हैं। निवाड़ी में नगर परिषद अध्यक्ष गुलाब अहिरवार, सरपंच कुडार शैलू तिवारी, मनोज वर्मा, हबीब खान, मानसिंह यादव, नूर मोहम्मद नूरी, आदिल खान और हमीद खान सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने रईम खान का स्वागत किया। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया। निवाड़ी से आगे बढ़ते हुए रईम खान ने नशामुक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा, '40 रुपए का एक लीटर दूध आपको स्वस्थ बनाएगा, लेकिन 50 रुपए की एक राजश्री आपको बीमार कर देगी। नशा छोड़िए, अपने परिवार और देश के लिए स्वस्थ रहिए। उन्होंने समाज से इस अभियान में सहयोग की अपील की। रईम खान ने 20 दिसंबर तक अजमेर शरीफ पहुंचकर अपनी यात्रा समाप्त करने का संकल्प लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

## पिकअप और बाइक की जोरदार भिड़ंत



**दमोह,आचरण।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर नाका चौकी पावर हाउस के पास तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल भेजा गया है, बता दें की बाइक सवार हेलमेट पहना था. जिससे चालक की बचने की संभावना जताई जा रही है, वहीं एक और युवक की हालतगंभीर है. यह असर दमोह पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी द्वारा वितरित किए गए हेलमेट का देखा जा रहा है। जहां युवक हेलमेट पहने थे, जिसकी जान बचने की संभावना देखी जा रही है। वहीं दूसरे युवक की हालत गंभीर है।

## श्रुति सम्यक के आदि स्रोत हैं महादेवः श्री भगवान वेदांताचार्य



**दमोह,आचरण।**दमोह। नव दिवसीय शिव कथा के प्रारंभिक चरण में शतरुद्र संहिता के अंतर्गत शिव तत्व का निरूपण करते हुए श्री भगवान वेदांताचार्य जी ने कहा कि पंच महाभूतो के स्वरूप में शिव ही सृष्टि कर्ता से लेकर संहार तक विद्यमान है जीवन का सत्य शिव है जिसमें वह अपनी लीला माधुर्य से शिव भक्तों को काशी में दिव्यानुभूति कराते है। उनकी कृपानुभूति एक साधना पक्ष की दृढ़ता में छुपी है। जन मानस को चाहिए कि काशीपुरी में आध्यात्मिक चेतना के लिए निवास करे शिव को अपने जीवन के प्रत्येक स्थिति में समाहित कर सुख दुख का साथी बना ले बस उस का कल्याण होने में देर नहीं लगेगी। कथा से व्यथा मिटती है साथ ही संबल मिलता है जो सबको आत्मबल देता है इस कथा की विविध योजनाओं में जहां अनुष्ठान की महिमा गाई जा रही अभी यज्ञ के प्रभाव से लोग नित नई ऊर्जा शक्ति को बढ़ाने में लगे है फलाहारी बाबा ट्रस्ट एवं महामंगल सेवा समिति द्वारा शिव चरित्र के आदर्श को स्थापित किया जा रहा है निःशुल्क कम्बल और साल वितरण किए जा रहे है जिसमें काशी वासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लेना प्रारंभ कर दिया है एक अलौकिक वातावरण में अनूठी शैली से दार्शनिक विचारों में इंकित होता नजर आया कि शिवत्व के लिए जन मानस में अनोखा समर्पण है। योगिराज 1008 महंत श्री राम करण दास जी महाराज कथा के मुख्य श्रोता विनोद कुमार दुबे, पुरषोत्तम जालान, मीडिया प्रभारी कमलेश केशरी, आनंद अग्रवाल सहित मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।

## एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, कैदियों को दी गई जानकारी

**पवई,आचरण।** उपजेल पवई में शनिवार, दिनांक 06 दिसंबर 2025 को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैदियों को एचआईवी/एड्स के लक्षण, बचाव, उपचार तथा इससे जुड़े



सामाजिक मिथकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र से 'डॉ. अंकित पांडेय, आईसीटीसी से ''आनंद विजय सिंह, तथा टीबी विभाग से ''नवीन रॉय' और 'राम सजीवन' उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने कैदियों को समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार और उपचार की उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपजेल पवई के सभी कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा। जेल प्रशासन ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि कैदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके। यह पहल स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।



**दमोह,आचरण।** जिले में आंतरिक सुरक्षा व आपदा प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा रहे होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा संगठन का स्थापना दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने परेड की सलामी ली तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# छत्रसाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**आचरण संवाददाता**

पन्ना। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के तहत पन्ना जिले के सभी राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त महाविद्यालयों और विद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए एकदिवसीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधानमंत्री कौलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय पन्ना में आयेजित किया गया। तीन सत्रों में संपन्न हुए इस प्रशिक्षण में एनएससस की मूल भावनाओं, गतिविधियों, दस्तावेजीकरण और समन्वय पर मार्गदर्शन दिया गया। प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब युवाओं को मार्गदर्शन देने वाले अधिकारी प्रशिक्षित हो। जिला संगठक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में जिले भर से 13 कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी और 20 स्वयंसेवक प्रशिक्षित हुए। प्रथम सत्र में कार्यक्रम समन्वयक श्री अरुण चौरसिया ने माय भारत पोर्टल पर स्वयंसेवक पंजीयन, पुरस्कार प्रणाली, ए बी सी प्रमाणपत्र उपयोगिता, डिजिटल प्रोफाइलिंग, उपलब्ध इंटर्नशिप और अल्पकालिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में रूपेश विश्वकर्मा ने



वितीय प्रबंधन, दस्तावेजीकरण और सावधानियों को समझाया। तृतीय सत्र में शिवम सुलेरे ने पीफएमएस से आहरण एवं भुगतान पर प्रशिक्षण दिया। अंत में सभी अधिकारियों को सहभागिता प्रमाणपत्र, डायरी और एनएसएस बैच दिए गए। उपरोक्त कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीयूषा शर्मा ने किया।अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यकम अधिकारी डॉ डीपी कुशवाहा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर, सामान्य गतिविधियों एवं विभिन्न प्रकार के शिविरों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रोशनी गुप्ता, श्री अरविंद निषाद, डॉ नंद कुमार पटेल, डॉ दिनेश त्रिपाठी, डॉ नरेंद्र सिंह सहित जिले के सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## नजूल शाखा के प्रभारी तहसीलदार शाकंभरी प्रसाद द्विवेदी का निधन

**पन्ना,आचरण।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में पदस्थ नजुल शाखा के प्रभारी तहसीलदार सकम्भरी प्रसाद द्विवेदी का आज सुबह 10:30 बजे (6 दिसंबर, 2025) हृदय घात से निधन हो गया है, वह 54 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार, श्री द्विवेदी पन्ना जिले में प्रभारी तहसीलदार के पद पर कार्यरत थे। शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे उन्हें अचानक हृदय घात हुआ, जिससे उनका निधन हो गया। श्री द्विवेदी मूल रूप से मध्य प्रदेश के सतना जिले के निवासी थे। उनके निधन की दुखद खबर मिलते ही पन्ना जिला प्रशासन में शोक की लहर दौड़ गई। जिले के तीन एसडीएम (सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट), आधा दर्जन से अधिक तहसीलदार, नायब तहसीलदार और बड़ी संख्या में पटवारी साथी तत्काल पन्ना जिला अस्पताल पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, दिवंगत अधिकारी के पार्थिव शरीर को पन्ना से उनके गृह जिले सतना के लिए रवाना कर दिया गया है, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## अमानगंज नगर में ठंड का प्रकोप बढ़ा

**अमानगंज,आचरण।** मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन के बाद शीत लहर आरंभ होने से अमानगंज नगर सहित क्षेत्र में ठंड पूरी दम से अपने पाव पसार चुकी है जिसमें प्रातः काल ठंड का असर बहुत तेज होता है और यही असर शाम के समय भी देखने को मिलता है इस विषय को लेकर स्थानीय नागरिकों ने अपने-अपने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है, कि नगर के सार्वजनिक स्थानों पर जैसे कि बस स्टैंड के दोनो यात्री प्रतीक्षालय, अस्पताल, नगर के कुछ सार्वजनिक मंदिर में अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर निकाय करे, ताकि आम जनता और बाहरी यात्री तथा अस्पताल के मरीज इस ठंड से खुद का बचाव कर सकें।

## साईं रोटी कपड़ा बैंकः ठंड में गर्म कपड़े भी दें, हर उपयोगी सामग्री का स्वागत



**आचरण संवाददाता**

पन्ना। 18 जुलाई 2015 से सतत मानव सेवा में रत संस्था 'साईं रोटी कपड़ा बैंक' के संयोजक विनोद गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों सहित हर प्रकार की उपयोगी सामग्री-साड़ी, चद्दर, कंबल, जूते-चप्पल, बर्तन, खिलौने, फर्नीचर, चूड़ी-कंगन, चश्मा आदिकृदान कर जरूरतमंदों की सहायता करें। संस्था केवल वस्तु रूप में दान स्वीकार करती है; किसी भी प्रकार का नगद सहयोग नहीं लिया जाता। संस्था की विशेषता यह है कि आने वाली सभी सामग्री पूर्ण पारदर्शिता के साथ तुरंत बाहर रख दी जाती है, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति बिना संकोच अपने आकार और आवश्यकता के अनुसार वस्तुएँ लेकर जा सके। संस्था में अब कोई सामान अंदर जमा कर नहीं रखा जाता। विनोद गुप्ता ने लोगों से यह भी आग्रह किया कि सेवा केवल संस्था तक सामग्री पहुँचाने से सीमित नहीं है। कोई व्यक्ति चाहे देवेंद्रनगर में रहता हो या हजारों किलोमीटर दूरकृअपने घरों की उपयोग योग्य पर अनुपयोगी सामग्री को फेंकने, जलाने या 5.10 में बेचने के बजाय, किसी गरीब को दे दे, यही सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग अच्छे कपड़े, चादरें, स्टील की चीजें या घरेलू वस्तुएँ बहुत कम दाम में बेच देते हैं, जबकि वही सामग्री किसी जरूरतमंद के जीवन में राहत बन सकती है। 'बेचने के छोटे-छोटे लालच से ऊपर उठकर सामग्री गरीब तक पहुँचना ही सच्ची सेवा है।' संयोजक ने बताया कि संस्था से जुड़ने का सबसे सरल तरीका हैकृयहाँ से सामग्री उठाकर अपने क्षेत्र के जरूरतमंदों तक पहुँचा देना या किसी असहाय व्यक्ति को संस्था तक पहुँचा देना। यही सहयोग साईं रोटी कपड़ा बैंक की आत्मा है। पिछले 10 वर्षों से बिना सरकारी सहायता, बिना फंड, बिना चंदे केकृकेवल जनसहयोग और पारदर्शिता के बल पर संस्था प्रतिदिन सेवा कर रही है। संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि वे ठंड के इस कठिन समय में आगे आएँ और मानवता की इस श्रंखला को और मजबूत करें।

## भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आदिवासी युवाओं द्वारा दी गई श्रद्धांजलि



**आचरण संवाददाता**

पन्ना। भारतीय संविधान के निर्माता और शोषितों के मसीहा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का 6 दिसंबर 1956 को परिनिर्वाण (निधन) हुआ था, जिसे उनके अनुयायी 'काला दिवस' के रूप में मानते हैं। इसी संज्ञान में अजयगढ़ स्थित राजापुर वार्ड क्रमांक 08 में आदिवासी क्रांति सेना पन्ना, संगठन के तत्वाधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 2 मिनट के मौन धारण करने के साथ हुई। उक्त कार्यक्रम का संचालन युवा नेतृत्वकर्ता पहाड़ सिंह के द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने बाबा साहब की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग का अनुशरण करते स्वयं आगे आकर समाज को आगे लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। तो वहीं पुराना पन्ना से अजय कोंदर द्वारा कार्यक्रम में निर्देशन की भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय पार्षद ओमप्रकाश कोंदर तथा विशिष्ट अतिथि रामकिशोर अहिरवार(सेवानिवृत प्राचार्य) रहे, जिसमें विशिष्ट अतिथि द्वारा बाबा साहब के जीवन की प्रेरणादाई घटनाओं का उल्लेख किया गया। संगठन के युवा कार्यकर्ता दीपेश कोंदर तथा देवेंद्र तथा अमित कोंदर के द्वारा बताया गया कि बाबा साहब जी ने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय और स्वाभिमान के लिए समर्पित किया और इसी दिन वे इस दुनिया से विदा हुए। उन्होंने समाज के शोषित तथा अति पिछड़े वर्ग के उद्धार हेतु सदैव प्रयास किए हैं युवाओं को उनके मार्ग का अनुशरण करना चाहिए। इस दौरान आदिवासी क्रांति सेना संगठन से चंद्रपाल, अनिल, पहलवान, दीपक, गोलू कोंदर, महेंद्र,प्रदीप, धीरेन्द्र,अमित, उपेन्द्र, देवेंद्र, बली, रामगोपाल, हजारी, ओमप्रकाश पार्षद, पहाड़ सिंह, छोटे राजा आदिवासी, दिनेश, दीपेश, अरविंद, वीरेंद्र, करन, गोविंद, राज, हिमांचल, नरेश, हेमंत कुमार, राजेंद्र, रोशन, अजय तथा स्थानीय निवासियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

## गुनौर रोड की जर्जर हालत का खामियाजा भुगत रहे राहगीर

- अमानगंज थाना तिराहा पर चलती मोटर बाइक से गिरी महिला, गंभीर हालत में पन्ना रेफर



**आचरण संवाददाता**

**अमानगंज-पन्ना।** जिले के अमानगंज थाना तेराहे के पास आज शुक्रवार शाम 4 बजे एक हादसा हुआ, जहाँ चलती मोटर बाइक से गिरने पर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान अनीशा (30 वर्ष), निवासी पवई के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिला को तुरंत अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया। हम आपको बता दें कि कई वर्षों से अमानगंज गुनौर मुख्य सड़क की सड़क पूरी तरह से झज्जर पड़ी है जिससे यह हादसा नगर में आए दिन होते हैं।

## पूर्व सदर पटवारी एसडीएम कोर्ट में अटैच शासकीय घर नहीं कर रहा खाली

**अजयगढ़,आचरण।** अजयगढ़ के राजस्व विभाग में पदस्त रहे पूर्व सदर पटवारी निखिल गौतम इस समय एसडीएम कोर्ट में अटैच है दो बार ट्रांसफर होने के बाद भी अजयगढ नही छोड़ा गया जिसको देखते हुए एसडीएम द्वारा पहले देवगांव का पटवारी बनाया गया फिर एसडीएम कोर्ट में अटैच कर दिया गया है उक्त पटवारी को पूर्व में मिला घर खाली होना था और नए सदर पटवारी दीपेंद्र तिवारी को मिलना था परंन्तु लगभग 4 माह से घर खाली न कर कब्जा किये है जिससे नए सदर पटवारी को घर के लिए दरदर भटकना पड़ रहा है जिससे आम जनता को नए सदर पटवारी से मिलने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है जिसकी सूचना तहसीलदार व एसडीएम को है परंन्तु कोई समाधान न होने से सदर पटवारी स्थायी नही रह पा रहा है जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आने बाले किसान व जनता परेशान है अधिकारियों को जल्द ही इस समस्या का समधान निकालना होगा और नए सदर पटवारी को शासकीय घर खाली करवा कर दिलाना होगा जिससे सदर पटवारी को स्थायी घर मिलने से लोगो की समस्याओं का समाधान जल्द होने की उम्मीद जताई जा सकती है विभाग के पटवारी की लड़ाई में जनता क्यों पिसे कलेक्टर पन्ना को ध्यान देने की जरूरत है।

## अब तक 25 किसानों से 1281.20 क्विंटलधान खरीदी गई

**पन्ना,आचरण।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का प्रारंभ है। जिसमें जवाहर सहकारी विपणन समिति धान खरीदी केंद्र के शाखा प्रबंधक रामदुलारे पटेल ने जानकारी देते हुए बताया है कि अबतक 25 किसानो से 1281 कुंटल 20किलो धान खरीदी की जा चुकी है वही समिति प्रबंधक ने यह भी बताया कि जो किसान घर से साफ स्वच्छ करके धान मानक के अनुसार लाता है उनकी धन को तत्काल तौल दिया जाता है और जिन किसानों की धान साफ सुथरा नहीं होती है उनकी ग्रेडिंग करवाई जाती है। वही किसान मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरा स्लॉट आज का बुक था तो मैं आज सुबह अपनी धान को लेकर केंद्र में आया था मेरी धान साफ स्वच्छ नहीं थी जिसमें मुझे बोला गया की ग्रेडिंग करवाओ तो मैं तत्काल यहीं पर ग्रेडिंग करवाया और और मेरी धान आज ही तुलगई किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं हुई है।

**विश्व दिव्यांग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में**

# विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**आचरण संवाददाता**

पवई। जनपद शिक्षा केन्द्र पवई में विश्व दिव्यांग दिवस 2025 के अवसर पर डीपीसी अजय गुप्ता एवं एपीसी आईएडी राणा प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसीसी राजेश पटेल के कुशल नेतृत्व में एमआरसी महेश्वरी पटेल एवं जय सिंह के संयोजन में सरस्वती वंदना के माध्यम से किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हुकुम सिंह यादव ने दीप प्राजूलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विकासखंड अकादमिक समन्वयक रघुवीर तिवारी के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस आयोजन में विकासखंड के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों से आए सैकड़ों दिव्यांग बच्चों ने 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, नींबू दौड़, जलेबी कूद, एकल गायन, समूह गीत, ड्राइंग-पेंटिंग एवं रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले समस्त बच्चों को सहभागिता पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विशेष सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डीपीसी अजय गुप्ता ने सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रेरणादायक भाषण देकर उत्साहित किया। सभी प्रतिभागियों के लिए कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई, प्रभावियों को यात्रा भत्ता प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एपीसी सत्येंद्र प्रताप सिंह, गोविंद तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हुकुम सिंह यादव, प्राचार्या संतोष गौतम, बीएसी श्रीकांत पटेल, साक्षरता सहसमन्वयक रमेश प्रजापति, लेखपाल रामभगत द्विवेदी, एमआईएस जीतेंद्र सिंह पेंड्रो, ऑपरेटर बड्डू यादव, विकासखंड खेल प्रभारी विवेक सिंह, सीएसी कमल प्रसाद पटेल, चंद्रिका पाण्डेय, राजेंद्र सिंह कोंदर, अरविंद दिवाकर पाण्डेय, शिक्षक सतानंद पाठक, अनिल पटेल, आशीष विश्वकर्मा, मुकेश पाठक, रामकिशोर दहायत, कमलेश जायसवाल, रमेश सेन, रावेंद्र विश्वकर्मा, मनोज अग्रवाल, अरुण तिवारी, सौरभ जैन, रामपाल सिंह, अंजना बागरी, रागिनी सिंह, ज्योति पाण्डेय एवं शिव



सागर कुंवर उपस्थित रहे। उनके साथ फुंदर कोरी सहित अन्य शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य अतिथि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी उपस्थित लोगों ने दिव्यांग बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए समावेशी शिक्षा के प्रति किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### तीसरे वनडे में आया जायसवाल-रोहित-विराट का तूफान, भारत सीरीज जीता

# जायसवाल का नाबाद शतक, भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराया

विशाखापत्तनम

तीसरे वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हारकर तीन मैचों की वनडे सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। विशाखापत्तनम में खेले गए इस मैच में साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 271 रन का टारगेट रखा था। इसके जवाब में भारत ने इस टारगेट को 39.5 ओवर में हासिल करके एक आसान जीत दर्ज की। इसके साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। इस पूरे सीरीज में टीम इंडिया की तरफ से विराट कोहली ने शानदर बल्लेबाजी की। तीन मैचों में से दो में उन्होंने शतक लगाया।



### साउथ अफ्रीका की तरफ से डी कॉक ने लगाया शतक

इस मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। साउथ अफ्रीका के लिए इस मैच में क्विटन डी कॉक ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 106 रनों की पारी खेली, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा ने 48 रन बनाए। डी कॉक और बावुमा के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रनों की पार्टनरशिप की। इन दोनों की इस साझेदारी के बदौलत ही साउथ अफ्रीका इस मैच में सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रहा। इन दोनों के आउट होने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी की और साउथ अफ्रीका को 300 के अंदर ऑलआउट कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए डी कॉक और बावुमा के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 29, मैथ्यू ब्रिट्जके ने 24, मार्को यानसेन ने 17 और कॉर्बिन बॉश ने नौ रन बनाए। वहीं, केशव महाराज 20 रन बनाकर नाबाद रहे। कुलदीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए।

### भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने खेली मैच विनिंग पारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को इस मैच में रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने टीम इंडिया को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 155 जोड़े। रोहित शर्मा के रूप में टीम इंडिया को इस मैच में पहला झटका लगा। वह 73 गेंद में 7 चौके और 3 छक्के की मदद से 75 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद क्रीज पर एंट्री हुई इन फॉर्म बल्लेबाज विराट कोहली की। विराट ने इस मैच में भी अपना शानदार फॉर्म जारी रखा। उन्होंने 40 गेंदों में अपने वनडे करियर का 76वां अर्धशतक पूरा किया है। कोहली ने लगातार चौथे मैच में 50+ स्कोर बनाया। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे में अर्धशतकीय पारी खेली थी। विराट और जायसवाल के बीच दूसरे विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी हुई और दोनों बल्लेबाज मैच खत्म करके वापस लौटे। जायसवाल 121 गेंदों में 116 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने इस दौरान 12 चौके और दो छक्के लगाए। वहीं विराट कोहली ने 45 गेंदों में 6 चौके और 3 छक्के की मदद से 65 रन की शानदार पारी खेली।

### रोहित के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे

इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे कर लिए। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह चौथे भारतीय बन गए। इससे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार रन का आंकड़ा छुआ।

### अंततराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार+ रन बनाने वाले भारतीय

**सचिन तेंदुलकर**- 34,357
**विराट कोहली**- 27,910
**राहुल द्रविड़**- 24,208
**रोहित शर्मा**- 20,000

### प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़

विराट कोहली
( भारत)
302 रन

### प्लेयर ऑफ़ द मैच

यशस्वी जायसवाल
(भारत)-116* (121)

### भारत सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ेगा

चेन्नई

मेजबान भारत रविवार को सेमीफ़ाइनल में सात बार की चैंपियन जर्मनी से भिड़ेगा। भारत ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप दो बार जीता है, और उसकी आखिरी जीत 2016 में हुई थी, जब यह टूर्नामेंट लखनऊ में उसके घर पर हुआ था। मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जोश से भरे भारत ने अपना धैर्य बनाए रखते हुए शूट-आउट में बेल्जियम को 4-3 से हराया। प्रिंसदीप सिंह ने शूटआउट में भारतीय हॉकी टीम के लिए शानदार बचाव किया।

प्लेयर ऑफ़ द मैच चुने गए प्रिंसदीप ने कहा, (कोच) पीआर श्रीजेश से बहुत कुछ सीखा है और उन्हें देखकर, उनसे सीखकर आत्मविश्वास बढ़ा है। यह एक शानदार मैच था और चेन्नई में दर्शकों का समर्थन अविश्वसनीय था। शारदा नंद तिवारी भी भारत के शूटआउट में डटे रहे, उनके पेनल्टी स्ट्रोक्स ने भारत को मुकाबले में बनाए रखा। उन्होंने तीन गोल किए, जबकि अंकित पाल ने भारत के लिए विनिंग गोल किया।

# जस्टिन ग्रीव्स का ऐतिहासिक दोहरा शतक न्यूजीलैंड बनाम वेस्टइंडीज टेस्ट मैच हुआ ड्रा

क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)

प्लेयर ऑफ द मैच जस्टिन ग्रीव्स ( दो विकेट/ नाबाद 202), शाई होप (140) और केमार रोच (नाबाद 58) की जुझारू पारियों के दम वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पांचवें दिन शनिवार को दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 का स्कोर कर मैच को शानदार तरीके से ड्रा कराने में सफल रहा और उसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया। वेस्टइंडीज ने कल दो विकेट पर 217 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 93वें ओवर में 268 के स्कोर पर शाई होप के रूप में गिरा। शाई होप ने 234 गेंदों में 15 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 140 रनों की पारी खेली। कुछ देर बाद जैक फाउल्क्स ने टेविन इमलाच (चार) को आउट कर न्यूजीलैंड के मैच जीतने की उम्मीद को हवा दी। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केमार रोच ने जस्टिन ग्रीव्स के



साथ न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना बहादुरी से किया और पिच पर टिके रहे। इसी दौरान ग्रीव्स ने पहले अपना शतक और उसके बाद दोहरा शतक पूरा किया। इसी के साथ ग्रीव्स टेस्ट की चौथी पारी में डबल सेंचुरी बनाने वाले चौथे वेस्टइंडियन और कुल मिलाकर सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी ने तीन विकेट लिये। माइकल ब्रेसवेल, जैकरी फॉक्स और मैट हेनरी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

जस्टिन ग्रीव्स की शानदार बल्लेबाजी की वजह से उन्हें इस एक ही पारी में अपने 12-टेस्ट करियर की आधी से अधिक गेंदों का सामना करना पड़ा, और वेस्टइंडीज ने क्राइस्टचर्च में 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया। उन्होंने कुल 163.3 ओवर खेले, जो 95 सालों में वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट में चौथी पारी में सबसे ज्यादा ओवर हैं। तीसरे दिन 92 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद वेस्टइंडीज को बचाने वाली 196 रन की पार्टनरशिप में शाई होप का साथ देने के बाद, जब होप (140) और टेविन इमलाच जल्दी-जल्दी आउट हो गए, तो ग्रीव्स पारी की जान बन गए। ग्रीव्स ने 388 गेंदों में 19 चौके लगाते हुए नाबाद 202 रनों की पारी खेली। केमार रोच ने 233 गेंदों का सामना किया और आठ चौकों की मदद से नाबाद 58 रन बनाये।

ग्रीव्स और केमार रोच ने 409 गेंदों तक बिना आउट हुए बल्लेबाजी की, यह 180 रन की साझेदारी सातवें विकेट के लिए एक रिकॉर्ड है जिसने 35 साल पहले सचिन तेंदुलकर और मनोज प्रभाकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 163.3 ओवर में, यह 1930 के बाद वेस्टइंडीज की सबसे लंबी चौथी पारी थी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 231 रन बनाये थे। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी आठ विकेट पर 466 रन पर घोषित की। वहीं वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 167 रन बनाये।

### फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप घोषित

# वर्ल्ड कप का ग्रुप आई बना ग्रुप ऑफ डेथ, 19 जुलाई को होगा फाइनल



वॉशिंगटन

फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप औपचारिक रूप से घोषित कर दिए गए हैं। यह घोषणा वॉशिंगटन डीसी में आयोजित भव्य ड्रॉ समारोह के दौरान हुई। इसी के साथ दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट के कार्यक्रम से पर्दा उठ गया। इस बार विश्व कप का उद्घाटन मुकाबला 11 जून 2026 को मेक्सिको सिटी में खेला जाएगा, जिसमें मेजबान देश मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने होंगे। यह पहला मौका होगा जब तीन देश अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा, साझा रूप से विश्व कप का आयोजन कर रहे हैं। यह ड्रॉ पूरी तरह सितारों से सजा हुआ कार्यक्रम था। मंच पर खेल जगत और मनोरंजन जगत की कई जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कलाकारों और संगीतकारों की प्रस्तुतियों ने समारोह को दुनिया भर में खास बना दिया।

### ड्रॉ समारोह में चकाचौंध और सितारों की मौजूदगी

कार्यक्रम के दौरान 12 ग्रुपों की घोषणा की गई, जिसका संचालन इंग्लैंड और मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज फुटबॉलर रियो फर्डिनेंड ने किया, जबकि उनके साथ बास्केटबॉल सुपरस्टार शकील ओ'नील, एनएफएल के महान खिलाड़ी टॉम ब्रैडी, आइस हॉकी के दिग्गज वेन ग्रेट्जकी और बेसबॉल स्टार एरॉन जज सहायक के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में हास्य कलाकार केविन हार्ट, अभिनेत्री हाइडी क्लम और अभिनेता डैनी रामिरेज ने मेजबानी की। इस स्टार-स्टडेड शो को मशहूर गायक आंद्रेया बोचेली और कलाकारों रॉबी विलियम्स, निकोल शेरजिंगर, लॉरिन हिल और विलेज पीपल की प्रस्तुतियों ने और खास बना दिया, जिसने दुनिया भर में दर्शकों का मन मोह लिया।

### उत्साह बढ़ाने वाले मुकाबले

गत चैंपियन अर्जेंटीना को ग्रुप जे, स्पेन को ग्रुप एच, फ्रांस को ग्रुप आई, जर्मनी को ग्रुप ई, पुर्तगाल को ग्रुप के और इंग्लैंड को ग्रुप एल में रखा गया है। ग्रुप-एच, ग्रुप आई, ग्रुप-जे, ग्रुप-के और ग्रुप-एल को ग्रुप ऑफ डेथ माना जा रहा है। स्पेन के साथ ग्रुप में उरुग्वे और सउदी अरब जैसी टीम है, जिसने पिछले विश्व कप में कुछ उलटफेर किए थे। वहीं, फ्रांस के ग्रुप में सेनेगल और नॉर्वे जैसी टीमें हैं। पुर्तगाल को उज्बेकिस्तान और कोलंबिया जैसी टीमों के ग्रुप में रखा गया है। इंग्लैंड के ग्रुप में घाना, क्रोएशिया और पनामा है। इसके अलावा इस बार के टूर्नामेंट में केप वर्डे, कुराकाओ, जॉर्डन और उज्बेकिस्तान जैसी नई टीमें भी शामिल हैं, जो सीधे दिग्गज टीमों से भिड़ेंगी। ड्रॉ के बाद कई मुकाबले चर्चा में आ गए हैं। ब्राजील और मोरक्को के बीच मैच, नीदरलैंड और जापान के बीच मैच, बेल्जियम और मिस्र के बीच मैच, स्पेन और उरुग्वे के बीच मैच, फ्रांस और नॉर्वे के बीच मैच, इंग्लैंड और क्रोएशिया के बीच मैच और पुर्तगाल और कोलंबिया के बीच मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

### ग्रुप इस प्रकार हैं

ग्रुप-एः मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, यूरोप प्लेऑफ डी विजेता।
ग्रुप बीः कनाडा, यूरोप प्लेऑफ ए विजेता, कतर, स्विट्जरलैंड।
ग्रुप सीः ब्राजील, मोरक्को, हैती, स्कॉटलैंड ।
ग्रुप डीः अमेरिका, पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप प्लेऑफ सी विजेता।
**ग्रुप ईः** जर्मनी, कुराकाओ, कोट द'ईवोआर, इक्वाडोर।
**ग्रुप एफः** नीदरलैंड, जापान, यूरोप प्लेऑफ बी विजेता, ट्यूनीशिया।
**ग्रुप जीः** बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड।
**ग्रुप एचः** स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे।
**ग्रुप आईः** फ्रांस, सेनेगल, अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ 2 विजेता, नॉर्वे।
**ग्रुप जेः**अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन।
**ग्रुप केः** पुर्तगाल, अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ 1 विजेता, उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
**ग्रुप एलः** इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा ।

### नए प्रारूप के अनुसार आगे बढ़ने का नियम

इस बार विश्व कप में कुल 48 टीमें भाग ले रही हैं। इसमें से प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सीधे अगले चरण में जाएंगी और सर्वश्रेष्ठ आठ तीसरे स्थान वाली टीमें भी नॉकआउट राउंड में प्रवेश पाएंगी इस तरह कुल 32 टीमें आगे बढ़ेंगी। राउंड ऑफ 32 के बाद राउंड ऑफ 16 और क्वार्टर फाइनल खेला जाएगा। फिर सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला होगा। फाइनल उत्तर अमेरिका के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक में आयोजित होगा।

### अब भी छह टीमों का क्वालिफाई करना बाकी

विश्व कप में शामिल होने वाली अंतिम छह टीमों का चयन आगामी प्लेऑफ के बाद मार्च 2026 तक होगा। इनमें यूरोप और अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ शामिल हैं।

### फीफा ने बड़ी टीमों को दिया फायदा

फीफा ने अगले साल होने वाले 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप के ड्रॉ को लेकर कुछ बदलाव किए हैं। फीफा ने इस ड्रॉ में पहली बार टेनिस-स्टाइल नॉकआउट ब्रैकेट सिस्टम लागू किया है, जिसके तहत दुनिया की शीर्ष चार टीमें स्पेन, अर्जेंटीना, फ्रांस और इंग्लैंड को अलग-अलग हिस्सों में रखा जाएगा। इसका मतलब है कि अगर ये चारों टीमें अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल करती हैं, तो वे सेमीफाइनल से पहले एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेलेंगी। फीफा के मुताबिक, इस नए सिस्टम का उद्देश्य है लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों को रैंकिंग के आधार पर फायदा देना। साथ ही बड़े मुकाबलों को अंतिम चरण तक सुरक्षित रखना। इसे टूर्नामेंट को प्रतिस्पर्धात्मक और संतुलित बनाने में मदद मिलेगी। फीफा ने बयान में कहा, %दो अलग-अलग रास्ते तैयार किए गए हैं ताकि शीर्ष टीमों के बीच संतुलन बना रहे और योग्य प्रदर्शन को सम्मान मिले।

### महत्वपूर्ण तारीखें

**ग्रुप चरणः** 11 से 27 जून
**32 टीमों का दौरः** 28 जून से 3 जुलाई
**प्री-क्वार्टर फाइनलः 4 से 7** जुलाई
**क्वार्टर फाइनलः** 9 से 11 जुलाई
**सेमीफाइनलः** 14 और 15 जुलाई
**तीसरे स्थान के लिए मुकाबलाः** 18 जुलाई
**फाइनल मुकाबलाः** 19 जुलाई

### एशेज सीरीज : डे-नाइट टेस्ट

# इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया जीत और 2-0 की बढ़त की ओर

ब्रिसबेन

मिचेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी के बाद दमदार बैटिंग से ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड पर अपना शिकंजा कस लिया है। इस तरह पर्थ के बाद अब गाबा में भी इंग्लैंड की टीम पर हार का खतरा मंडराने लगा।



पिंक बॉल से खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 134 रन बनाकर जूझ रही थी। मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टार्क ने इस डे-नाइट टेस्ट मैच में 141 गेंद में 77 रन बनाए जो 2016 के बाद टेस्ट में उनका सबसे बड़ा स्कोर है. उनकी इस पारी से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 177 रन की बढ़त हासिल की थी।स्टंप तक इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया को फिर से बल्लेबाजी कराने के लिए 43 रन और बनाने होंगे.। स्टार्क को पर्थ में सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की आठ विकेट से शानदार जीत में 10 विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था. अब वह एक और पुरस्कार की दौड़ में हैं। स्टार्क ने जो रूट (15 रन) को आउट कर इंग्लैंड का अहम विकेट झटका। इसके बाद उन्होंने अपने अगले ओवर में जेमी स्मिथ को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 128 रन कर दिया जिससे सीरीज में उनके विकेट की संख्या 18 पहुंच गई। इसके अलावा स्कॉट बोलैंड और माइकल नेसर ने दो-दो विकेट झटके। बोलैंड ने बेन डकेट (15 रन) और हैरी ब्रूक (15) तथा नेसर ने ओली पोप (26) और जैक क्रॉली (44) के विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को जल्दी से चार विकेट झटककर पांच मैच की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करना चाहेगी।

टेस्ट क्रिकेट के लगभग 150 साल में यह सिर्फ तीसरी बार हुआ है जब एक टेस्ट पारी में ऑस्ट्रेलिया के सभी 11 बल्लेबाजों ने दोहरे अंक में रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए पांच खिलाड़ियों ने अर्धशतक जमाए जिसमें स्टार्क भी शामिल रहे। उनसे पहले सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड (72), तीसरे नंबर के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन (65), कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ (61) और विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी (63) ने भी अर्धशतक पूरे किए

### सैयद मुश्ताक अली टॉफी एलीट ग्रुप सी मैच

# बंगाल की सनसनीखेज हार

हैदराबाद

कप्तान अमन खान (74/ एक विकेट) की अर्धशतकीय पारी के बाद जयंत यादव (चार विकेट) और सिडक सिंह (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पुड्डुचेरी ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली टॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को 81 रनों से करारी शिकस्त दी। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल के लिए अभिषेक पोरेल और करण लाल ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। चौथे ओवर में आदिल अयूब टुंडा ने अभिषेक पोरेल (11) को आउट कर बंगाल को पहला झटका दिया। इसके बाद कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (12) रनआउट हुये। आठवें ओवर में जयंत यादव ने करण लाल को आउटकर पुड्डुचेरी को तीसरी सफलता दिलाई। करण लाल ने 23 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 40 रनों की पारी खेली। इसके बाद बंगाल की पूरी टीम 13.5 ओवर में 96 के स्कोर पर ढेर हो गई। बंगाल के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पुड्डुचेरी के लिए जयंत यादव ने चार विकेट और सिडक सिंह ने तीन विकेट लिये। अमन खान और आदिल अयूब टुंडा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले बंगाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पुड्डुचेरी ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 177 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान अमन खान ने 40 गेंदों में पांच चौके और सात छक्कों की मदद से 74 रन की पारी खेली। जसवंत श्रीराम ने 34 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 45 रन बनाये। बंगाल के लिए मोहम्मद शमी ने तीन और ऋतिक चटर्जी ने दो विकेट लिये।

### गोवा ने जम्मू-कश्मीर को हराया

गोवा ने जम्मू-कश्मीर को सात विकेट से हराया। जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 161 रनों का स्कोर बनाया। इसके बाद गोवा ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 167 रन बना कर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

### झारखंड ने तमिलनाडु को हराकर लगातार छठी जीत हासिल की

अहमदाबाद

झारखंड ने अहमदाबाद में तमिलनाडु को 28 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपना अजेय क्रम जारी रखा, यह उनकी लगातार छठी जीत है। कुमार कुशाग्र के 48 गेंदों पर नाबाद 84 रन और विराट सिंह के 39 गेंदों पर 72 रन की मदद से झारखंड ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 207 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में, तमिलनाडु को साई सुदर्शन (64) और तुषार रहेजा (27) ने पावरप्ले में 64 रन की तेज साझेदारी करके जबरदस्त शुरुआत दी, लेकिन बाद में रेगुलर विकेट गंवाए और 116 रन पर 1 विकेट से गिरकर 145 रन पर 5 विकेट हो गए, और आखिर में 179 रन पर 7 विकेट पर आ गए।

### मध्य प्रदेश ने चंडीगढ़ को हराया

अरशद खान ने चंडीगढ़ के खिलाफ छह विकेट लिए और 4-1-9-6 के आंकड़े के साथ मैच खत्म किया, जिससे मध्य प्रदेश ने चंडीगढ़ को सात विकेट बाकी रहते हरा दिया। चंडीगढ़ 134/8 रन ही बना सकी। जवाब में, हर्ष गवली (74*) और हरप्रीत (48) ने 95 रन की पार्टनरशिप करके मध्य प्रदेश की आसान जीत पक्की कर दी।

# गीले मैदान पर गेंदबाजों को ब्रेक देना अच्छा रहाः राहुल

विशाखापत्तनम

भारतीय टीम के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने कहा कि गीले मैदान पर गेंदबाजों को ब्रेक देना अच्छा रहा। दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से शिकस्त देने के बाद केएल राहुल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि टॉस जीतने के बाद टीम जितने गर्व से मेरी ओर देख रही थी वैसा कुछ और करने पर देखती। पहले दो मैचों में हमने कठिन परिस्थितियों का सामना किया था। गीले मैदान पर गेंदबाजों को ब्रेक देना अच्छा रहा। पिच अच्छी थी और हमने गुच्छों में विकेट हासिल किये। हमें पता था कि जो टीम आक्रामक क्रिकेट खेल रही है वह 400 भी चेज़ कर सकती है और लगातार विकेट गंवाकर जल्दी आउट भी हो सकती है। प्रसिद्ध ने जो 2-3 विकेट लिए वो अहम थे फिर कुलदीप ने भी विकेट निकाले। इसी तरह वनडे में आप टीमों पर दबाव बनाते हैं। डी कॉक की बल्लेबाजी शानदार रही। सबसे सुखद चीज वो रही जैसा हमने दबाव को झेला। हर मैच में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने हमारे ऊपर दबाव डाला। प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार से नवाजे गये विराट कोहली ने कहा, इस



सीरीज में जिस तरह से मैंने खेला है, वह मेरे लिए सबसे संतोषजनक रहा है। मैं बहुत फ्री महसूस कर रहा हूं, पूरा खेल एक साथ जुड़ता हुआ लग रहा है। मैंने अपने स्टैंडर्ड को बनाए रखने और प्रभाव छोड़ने की कोशिश की है। मैं लंबी पारी खेल सकता हूं और परिस्थिति के अनुसार ढल सकता हूं। कई बार ऐसा होता है जब आपको संदेह होता है। आप घबराते भी हैं, खासकर बल्लेबाज़ी में, जहां एक गलती महंगी पड़ सकती है। यह एक पूरी यात्रा है बेहतर बनने की, एक बेहतर इंसान बनने की। मुझे खुशी है कि मैं अभी भी टीम के लिए योगदान दे पा रहा हूं। जब मैं खुलकर खेलता हूं, तो मुझे पता है कि मैं छक्के मार सकता हूं। मैं बस अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाना चाहता था और अच्छा करना चाहता था।

# सुरुचि सिंह ने स्वर्ण पदक और सम्राट राणा ने कांस्य जीता पदक

दोहा

भारतीय निशानेबाजों शनिवार को सुरुचि सिंह को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक तथा सैन्याम ने रजत तथा सम्राट राणा ने पुरुषों की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक 2024 की पदक विजेता मनु भाकर भी फाइनल में पहुंचीं, लेकिन एलिमिनेशन स्टेज के दौरान पीछे रहने के बाद पांचवें स्थान पर रहीं। अपने पहले वर्ल्ड कप फाइनल में हिस्सा ले रही सुरुचि ने 245.1 पॉइंट्स हासिल करके शानदार प्रदर्शन किया और एक नया आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। 19 साल की भारतीय निशानेबाज ने आखिरी शॉट्स में अपना संयम बनाए रखा, जिसमें 10.5 से ज़्यादा के कई स्कोर शामिल थे। सुरुचि सिंह का 245.1 पॉइंट्स का नया जूनियर निशानेबाजी विश्व रिकॉर्ड मनु भाकर के पिछले 244.7 के रिकॉर्ड से बेहतर है, जो 2019 से कायम था। वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रहीं सुरुचि सिंह इस साल पिस्टल इवेंट्स में सबसे बेहतरीन निशानेबाजों में से एक रही हैं, उन्होंने इस साल पहले तीन आईएसएसएफ विश्व कप में इसी निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीते हैं।इस बीच, सैन्याम शुरुआती और बीच के चरणों में सुरुचि से आगे थीं। हालांकि, सुरुचि ने आखिरी चरणों में निर्णायक बढ़त बना ली। 2023 की जूनियर वर्ल्ड चैंपियन सैन्याम ने 243.3 पॉइंट्स के साथ सिल्वर मेडल जीता।चीन की याओ कियानक्सुन, जो महिलाओं की 50मी पिस्टल में वर्ल्ड चैंपियन हैं, ने 219.4 पॉइंट्स के साथ कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया की पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन ओह ये-जिन चौथे स्थान पर रहीं (199.1) और उनके बाद मनु भाकर रहीं, जिन्होंने 179.2 पॉइंट्स हासिल किए। मनु भाकर महिलाओं की 25मीटर पुरुषों की 10मीटर एयर पिस्टल में, पिछले महीने काहिरा में वर्ल्ड चैंपियन बने सम्राट राणा गोल्ड मेडल की रेस में थे, लेकिन अपने आखिरी से पहले शॉट पर 8.4 के स्कोर ने उन्हें कांस्य पदक पोजीशन पर धकेल दिया और उनका फाइनल स्कोर 221.5 रहा।चीन के काई हू (243.0) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जर्मनी के क्रिश्चियन रीट्ज़ (242.0) को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। भारत के वरुण तोमर 201.2 के स्कोर के साथ मेडल राउंड से पहले ही बाहर हो गए और चौथे स्थान पर रहे।

इस बीच, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन रुद्रान्क्ष पाटिल मेंस 10मीटर एयर राइफल में पोडियम फिनिश से 0.1 पॉइंट से चूक गए।

# जबलपुर का 1.50 लाख का इनामी खनन माफिया गिरफ्तार



अमित खंपरिया, आरोपी

## पुलिस ने नागपुर में पकड़ा, धोखाधड़ी और जालसाजी के करीब 18 मामले दर्ज

जबलपुर

करोड़ों रुपए के फर्जीवाड़े कर लंबे समय से फरार चल रहे खनन माफिया अमित खंपरिया आखिरकार पुलिस गिरफ्त में आ ही गया। जबलपुर पुलिस ने नागपुर से उसे उस दौरान गिरफ्तार किया, जब वह पिता और भतीजी के साथ किराए का अपार्टमेंट लेकर रह रहा था। शनिवार को जबलपुर पुलिस उसे गिरफ्तार करने के बाद लेकर पहुंच रही है। अमित के पिता अनिरुद्ध चतुर्वेदी के खिलाफ भी मंडला पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले पर कार्रवाई करते हुए उसे भी नागपुर से पकड़ा है। अमित के खिलाफ पुलिस ने 1.50 लाख रुपए इनाम की घोषित की थी। जबकि एक निजी आवेदक ने उसकी गिरफ्तारी होने पर 50 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की थी। अमित खंपरिया ने एमपी और यूपी के कई बड़े व्यापारियों से इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपए लिए और फिर उसे हड़प लिया। दरअसल लंबे समय से फरार चल रहे खनन माफिया अमित खंपरिया की गिरफ्तारी को लेकर क्राइम ब्रांच सहित संजीवनी नगर,मदनमहल थाना पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हई थी। जबलपुर रेंज के आईजी ने उस पर 60 हजार जबकि बालाघाट आईजी ने 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। फरार अमित खंपरिया के खिलाफ थाना संजीवनी नगर में 2022 में हुए अपराध के बाद धारा 420, 406, 386, 294, 323, 506 एससी एसटी तथा थाना मदनमहल धारा 420, 406, 467, 468, 471, 474, 112, 120 बी, 109, 204 के प्रकरण में फरार घोषित किया हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने वाले या सूचना देने वाले को संजीवनी नगर के दोनों प्रकरणों में 15 हजार रुपए एवं थाना मदन महल के प्रकरण में 15 हजार रुपए के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह ने की थी।

## रतलाम में 3 फायरकर्मी समेत 5 लोगों की हालत बिगड़ी; रिसाव पर पाया काबू

# जावरा इंडस्ट्रियल एरिया में गैस रिसी, 10 फैक्ट्रियों में छुट्टी

रतलाम

रतलाम जिले के जावरा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार शाम फेरिक सल्फेट बनाने वाली एक फैक्ट्री में क्लोरीन गैस का रिसाव हो गया। गैस फैलते ही फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी जान बचाने के लिए बाहर की ओर भागे। उस समय फैक्ट्री में तीन कर्मचारी मौजूद थे, जो गैस लीकेज को नियंत्रित नहीं कर सके। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। पानी डालकर गैस रिसाव रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन इस दौरान तीन दमकलकर्मी पुष्कर देवरिया, बालाराम गेहलोत और कुलदीप गेहलोत भी गैस की चपेट में आ गए। तीनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा पास की दूसरी फैक्ट्री के दो कर्मचारी भी गैस से प्रभावित हुए। सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

### 10 फैक्ट्रियों में तत्काल छुट्टी

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने आसपास की करीब 10 फैक्ट्रियों में तत्काल काम बंद कर कर्मचारियों को घर भेज दिया। रेडक्रॉस और सिविल अस्पताल की एंबुलेंस मौके पर तैनात की गईं। पीड़ितों को सांस लेने में तकलीफ, उल्टी और चक्कर की शिकायत पर शासकीय व निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। गैस रिसाव की गंभीरता को देखते हुए रतलाम से इप्का फैक्ट्री की केमिकल तकनीकी टीम मौके पर बुलाई गई। नागदा से भी विशेषज्ञ टीम पहुंची। टेक्निकल टीम ने रात पौने दस बजे गैस सिलेंडर के रिसाव पर काबू पा लिया है। गैस सिलेंडर के लीकेज को बंद कर उसे पानी में डाल दिया है। इस दौरान एएसपी राकेश खाखा, ग्रामीण एएसपी विवेक कुमार, जावरा एसडीएम सुनील जायसवाल, सीएसपी युवराज सिंह चौहान और एसडीओपी संदीप मालवी सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा।



### विधायक, कलेक्टर और एसपी ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना पर जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय, कलेक्टर मिशा सिंह और एसपी अमित कुमार भी मौके पर पहुंचे। सभी अधिकारियों ने मास्क लगाकर स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने बताया कि हालात नियंत्रण में हैं।

### पुराना सिलेंडर बना कारण, रिसाव पर काबू

प्रारंभिक जांच में फैक्ट्री में रखे पुराने क्लोरीन गैस सिलेंडर से रिसाव की आशंका सामने आई है। कलेक्टर मिशा सिंह ने बताया कि मौके पर छोटा क्लोरीन टैंक था, जिसे तकनीकी टीम ने ब्लॉकेज कर दिया है। गैस रिसाव पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। राजस्व टीम द्वारा पंचनामा तैयार किया जा रहा है।



## जबलपुर के रिटायर्ड अफसर 5 दिन डिजिटल अरेस्ट

जबलपुर

मध्यप्रदेश बिजली विभाग के 72 वर्षीय रिटायर्ड एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर अविनाश चंद्र दीवान को साइबर ठगों ने ATS अधिकारी बनकर पांच दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और उनसे 30 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। 1 दिसंबर को टेरर फंडिंग के नाम पर आए कॉल से शुरू हुई ठगी तब उजागर हुई जब उनका बेटा शनिवार को जबलपुर पहुंचा और पुलिस को शिकायत की। साइबर ऑफिस में शिकायत दर्ज कराते समय ठग ने पुलिस के सामने ही कॉल कर कहा- हां, हमने पैसा लिया हैज्अब आप हमारा कुछ नहीं कर सकते, बस अपने पिता का ध्यान रखिए। मदनमहल थाना पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टेरर फंडिंग का डर दिखाकर ठगी

72 साल के अविनाश चंद्र ने बताया 1 दिसंबर की दोपहर को पत्नी के साथ घर पर बैठे हुए थे, तभी उनके मोबाइल पर एक कॉल आता है। सामने से आवाज आती है कि मैं एटीएस पुणे से बोल रहा हूं। हमने अभी अफजल सहित कुछ आतंकियों को पकड़ा है। पूछताछ के दौरान उसने यह बताया कि अविनाश चंद्र भी हमारे साथ शामिल है, तुम्हारे खाते और आधार कार्ड के जरिए फंड ट्रांजैक्शन हुए है। इतना सुनते ही बुजुर्ग डर गए, जिसका फायदा उठाते हुए साइबर ठगों ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया।

# जबलपुर के गांवों में 30 से ज्यादा तेंदुओं का मूवमेंट, कई मवेशियों को बनाया शिकार

### ग्रामीणों ने बताया- छत पर बैठा दिखाई देता है

जबलपुर

जबलपुर के इंद्राना गांव में बीते दो सप्ताह से तेंदुओं की दहशत बनी हुई है। गांव के आसपास तीन से चार तेंदुओं का झुंड अक्सर देखा जा रहा है, जिसके कारण लोग डर के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं। शाम होते ही ग्रामीण अपने घरों के भीतर चले जाते हैं। वन विभाग ने भी माना है कि इंद्राना सहित सिहोरा और कटंगी क्षेत्र में लगातार तेंदुओं का मूवमेंट हो रहा है और उनकी संख्या बढ़ रही है। वन विभाग के अनुसार, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मिलाकर जिले में 30 से अधिक तेंदुए घूम रहे हैं। लोगों को चेतावनी दी गई है कि घने जंगल में अकेले बिल्कुल न जाएं।

### मवेशियों का शिकार करता है तेंदुआ

इंद्राना गांव निवासी बेड़ी लाल चक्रवर्ती ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे शौच के लिए जंगल की ओर गए थे। लौटते समय उन्होंने देखा कि तेंदुए ने गाय का शिकार किया था। वे भागकर गांव पहुंचे और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इससे पहले भी एक तेंदुआ गांव के भीतर तक घुस चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ जंगल से आता, शिकार करता और फिर भाग जाता है। बेड़ी लाल ने बताया कि आज भी उन्होंने गांव के बाहर तेंदुआ देखा। इससे पहले भी आसपास घूम रही बकरियों और कुत्तों को तेंदुए का शिकार बनाया जा चुका है। कभी यह गांव की छत पर तो कभी मंदिर में दिखाई पड़ता है। ग्रामीण महिला शांति बाई ने बताया कि चराई के लिए जब बकरियां गांव के बाहर जाती हैं, तो तेंदुए घात लगाकर हमला कर देते हैं। अब तक कई जानवरों को इसका शिकार बनाया जा चुका है। शिकार करने के बाद यह मंदिर की छत पर भी चढ़ जाता है।



### वन विभाग ने अलर्ट जारी किया

डीएफओ ऋषि मिश्र ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुओं का मूवमेंट सच में हो रहा है, लेकिन अभी तक किसी इंसान पर हमला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेंदुए नयागांव, खमरिया, पिपरिया, साथ ही सिहोरा, कटंगी और इंद्राना क्षेत्रों में देखे गए हैं। वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है और ग्रामीणों को जंगल के अंदर अकेले न जाने की समझाइश दी जा रही है। डीएफओ ने यह भी बताया कि तेंदुए जानवरों का शिकार कर रहे हैं, लेकिन इंसानों को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।

# 8वीं मंजिल से गिरकर डेढ़ साल के आर्यन की मौत

## ग्वालियर में माता-पिता मजदूरी कर रहे थे; मां ने दूध पिलाकर छोड़ा, किनारे पर

ग्वालियर

ग्वालियर में शनिवार दोपहर लगभग 12ऱ30 बजे सिरोल रोड स्थित एक सरकारी मल्टी से डेढ़ साल के बच्चे के गिरने से मौत हो गई। मृतक बच्चे का नाम आर्यन बंसल है। परिवार मूलतः पन्ना जिले के राजेंद्रनगर का रहने वाला है और पिछले दो से तीन साल से यहां मजदूरी कर रहा है। परिवार ने मल्टी के पास ही झोपड़ी बना रखी थी। घटना से पहले आर्यन के पिता फूलचंद बंसल अपनी पत्नी के साथ सरकारी मल्टी की आठवीं मंजिल पर मजदूरी कर रहे थे। आर्यन नीचे झोपड़ी में खेल रहा था। दोपहर करीब 12:15 बजे उसे भूख लगी तो उसका चाचा उसे दूध पिलाने के लिए ऊपर मां के पास ले गया। आर्यन की मां ने उसे दूध पिलाया और फिर पास ही खेलने के लिए छोड़ दिया। इसके बाद वे पति के साथ काम में व्यस्त हो गईं। इसी दौरान खेलते-खेलते आर्यन मल्टी के किनारे की ओर पहुंच गया और नीचे गिर पड़ा।

### अस्पताल ले गए पर नहीं बच सका



ऊपर से गिरने की आवाज सुनकर माता-पिता और आस-पास काम कर रहे अन्य मजदूर तुरंत नीचे पहुंचे। बच्चा गंभीर रूप से घायल था। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### दूसरे बच्चे भी खेल रहे थे

आर्यन की मां लक्ष्मी ने बताया कि उन्हें नहीं पता कि आर्यन कैसे नीचे गिर गया। वह थोड़ी देर के लिए तसला उठाने चली गई थीं, इसलिए ध्यान नहीं रहा। जब गिरने की बात पता चली तो वह नीचे पहुंचीं, जहां आर्यन घायल पड़ा था और उसके सिर में चोट लगी थी। उसे तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लक्ष्मी ने बताया कि दूध पिलाने के बाद उन्होंने उसे वहीं खेलने दिया था और उसके साथ दूसरे बच्चे भी खेल रहे थे।

### पोस्टमॉर्टम के बाद शव सौंपा

घटना की सूचना मिलते ही सिरोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बच्चे के शव को निगरानी में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। आर्यन घर में तीसरे नंबर का बच्चा था। उससे बड़ा भाई हनुमान 3 साल का है, जबकि सबसे बड़ा भाई आदित्य 5 साल का है। सिरोल थाना प्रभारी गोविंद बगोली ने बताया कि आठवीं मंजिल से बच्चे के गिरने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल की जांच कर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में हुजूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को सम्बोधित किया।

# शराब ठेकेदार सुसाइड;2 करोड़ वाले ऑडियो के बाद अफसर सस्पेंड

देवास

देवास जिले के शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना सुसाइड केस में नया मोड़ आ गया है। ठेकेदार द्वारा सुसाइड से पहले बनाए गए वीडियो के सामने आने के बाद अब एक ऑडियो और 4 वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो में कथित तौर पर आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित और मृतक ठेकेदार की मां संतोष मकवाना के बीच रुपयों के लेन-देन और सेटलमेंट को लेकर बातचीत हो रही है। बातचीत में मैडम 2 करोड़ रुपए देने में असमर्थता जता रही हैं, वहीं एक व्यक्ति (संभवतः अधिकारी के पति/परिचित) एक महीने का समय मांगता सुनाई दे रहा है। हालांकि इन ऑडियो और वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### सीएम ने दिए अफसर को सस्पेंड करने के आदेश

वहीं शनिवार दोपहर मुख्यमंत्री के आदेश पर देवास जिले की प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित को सस्पेंड कर दिया गया।

### अधिकारी बोलीं- 2 करोड़ की डिमांड कर रही मां

असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर मंदाकिनी दीक्षित ने देवास एसपी को 24 नवंबर को शिकायती आवेदन दिया था। इसमें उन्होंने कहा- दिनेश मकवाना की मां संतोष मकवाना ने बृजेश मकवाना और लेखराज पटेल के साथ मिलकर मेरे सब इंस्पेक्टर से संपर्क किया। उन्हें धमकी दी कि उनके पास दिनेश का मेरे खिलाफ बनाया गया वीडियो है। अगर दो करोड़ रुपए नहीं दिए तो इसे वे मीडिया में सर्कुलेट कर देंगे।



दिनेश मकवाना
शराब ठेकेदार

मंदाकिनी दीक्षित
एसी, आबकारी विभाग

## भीड़ नियंत्रण के लिए 12 दिन भस्म-आरती ऑनलाइन बुकिंग बंद

उज्जैन। अगर आप नव वर्ष पर महाकालेश्वर मंदिर दर्शन की योजना बना रहे हैं तो यह जानकारी आपके लिए जरूरी है। महाकाल मंदिर समिति ने 25 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग बंद कर दी है। इस दौरान केवल ऑफलाइन बुकिंग के आधार पर ही भस्म आरती में शामिल हुआ जा सकेगा।

**न्यायालय तहसीलदार सागर नगर तहसील व जिला सागर**

**आम सूचना**

रा.प्र.क्र. 1860/ अ-6/ 2025-26
मौजा - उदयपुरा

कलाबाई पत्नी बबलू अहिरवार
निवासी सुभाष नगर वार्ड सागर तहसील व जिला सागर (म.प्र.)
...................... आवेदक

विरुद्ध

रेखा पटेल पिता लीलाधर पटेल
निवासी वेंदाती का बगीचा पंतनगर वार्ड सागर तहसील व जिला सागर
.................. अनावेदक

जरिये सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका कलाबाई पत्नी बबलू अहिरवार निवासी सुभाष नगर वार्ड सागर द्वारा मौजा उदयपुरा पटवारी ह.नं. 64 स्थित भूमि ख.नं. 59/3, 70/1, 71/1/2 में से रकवा 780 वर्गफुट भूमि पंजीकृत विक्रयपत्र संख्या एमपी33712022ए11234001 दिनांक 12.12.2022 के आधार पर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने बावत् आवेदन सहदस्तावेजों सहित न्यायालय में पेश किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में आपको कोई आपत्ति हो तो आप पेशी दिनांक 12.12.2025 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत करें।

बाद सूचना उपस्थित न होने पर आप अनावेदकगण के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

पेशी दिनांक- 12.12.2025
जारी दिनांक- 28.11.2025

तहसीलदार, सागर नगर

**मारपीट** कार का कांच तोड़ने पर विवाद, व्यापारी पर जानलेवा हमला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# बैतूल में बेहोश होने के बाद भी डंडे से पीटते रहे बदमाश

बैतूल

बैतूल जिले में बदमाशों ने एक किराना व्यापारी पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावरों ने व्यापारी की कार के कांच फोड़ दिए और डंडे से प्रहार किया। इसके बाद व्यापारी जमीन पर गिरकर बेसुध हो गए। इसके बाद भी बदमाश नहीं रुके। उन्हें पीटते रहे। घटना का वीडियो सामने आने के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने शनिवार को मुख्य आरोपी शिवम उर्फ लाला को सोनाघाटी इलाके से पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उसका जुलूस भी निकाला। घटना 2 दिसंबर को गंज थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। घायल व्यापारी की पहचान राहुल हिरानी के रूप में हुई है। वीडियो में आठ से 10 बदमाश दिख रहे हैं, लेकिन पुलिस सिर्फ चार के फरार होने की बात कह रही है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी शिवम उर्फ लाला का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ पहले भी हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।



### पान की दुकान से शुरू हुआ झगड़ा

पुलिस के मुताबिक, व्यापारी का आरोपी से कोई पुराना विवाद नहीं था। घटना की रात व्यापारी पान की दुकान पर खड़ा था। इसी दौरान आरोपी लाला का अन्य किसी व्यक्तियों से विवाद चल रहा था। इस विवाद के दौरान लाला ने व्यापारी की कार का कांच तोड़ दिया। इस पर व्यापारी ने विरोध जताया तो आरोपी ने बेसबॉल के बैट जैसे दिखने वाले डंडे से उस पर अपने अन्य साथियों के साथ हमला कर दिया।

### आरोपी पर पहले से तीन केस दर्ज

एसडीओपी सुनील लाटा के मुताबिक, सीसीटीवी के आधार पर आरोपी लाला को गिरफ्तार किया गया है। बाकी अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास के तीन मामले पहले से दर्ज है। गंज थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए जनता से सहयोग की अपील भी की है।

### आरोपी गंज इलाके में फैला रहे थे आतंक

गंज इलाके में घटना वाली रात करीब 10 बदमाशों ने जमकर आतंक मचाया। रास्ते से गुजर रहे लोगों के साथ मारपीट की और खड़े वाहनों के कांच तोड़ दिए। प्रत्यक्षदर्शी अमन अटलानी के अनुसार आरोपियों ने पहले एक बालिका और उसके बुजुर्ग पिता को पीटा। बाद में अमन, निखिल और राहुल पर हमला कर दिया गया। बेसबॉल बैट से कार के शीशे तोड़े गए। गंभीर रूप से घायल राहुल को नागपुर रेफर किया गया, जहां से उसकी आज छुट्टी हुई। पुलिस को 4-5 आरोपियों के नाम बताए गए हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक - सुनील जैन द्वारा स्वत्वाधिकारी आचरण प्रिन्टर्स प्रा. लि. ग्वालियर (म . प्र .) के लिए पायोनियर प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्राइवेट लिमिटेड रेल्वे स्टेशन रोड, सागर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित । प्रबंध संपादक-श्रीमती निधि जैन, प्रधान संपादक-सुनील जैन स्थानीय संपादक-सुदेश तिवारी ( समाचार चयन के लिए पी आर बी एक्ट के तहत जिम्मेदार ) फोन-07582-238412, 400833 ई-मेल : aacharan_sagar@yahoo.com डाक रजि. क्र. म.प्र./सागर/25/2022-23, आर.एन.आई. रजि.क्र./45267/87